# दैनिक नवसंदेश

सबकी बात, रोजाना साथ

R.N.- UDYAM-BR-26-0012779

पटना : शनिवार, 28 मार्च, 2026 ■ वर्ष -01 ■ अंक-41 ■ पृष्ठ-14 ■ मूल्य : 01 रु. ■ ई मेल- dainiknavsandesh@gmail.com


## संक्षिप्त खबरें

### उपराष्ट्रपति का झारखंड दौरा आज

**नई दिल्ली।** उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन शनिवार को झारखंड के दौरे पर जाएंगे। पदभार ग्रहण करने के बाद यह उनका राज्य का पहला आधिकारिक दौरा होगा, जिसे लेकर प्रशासनिक स्तर पर तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। दौरे के दौरान उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन खूंटी जिले के उलिहातु गांव पहुंचेंगे, जहां वे महान जननायक बिरसा मुंडा के जन्मस्थान पर श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। इस अवसर पर वे बिरसा मुंडा के परिजनों और वंशजों से भी मुलाकात कर संवाद करेंगे। इसके बाद उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन भारतीय प्रबंधन संस्थान, रांची के 15वें वार्षिक दीक्षांत समारोह में शामिल होंगे। इस समारोह में वे विद्यार्थियों को संबोधित करेंगे और उन्हें उज्ज्वल भविष्य के लिए प्रेरित करेंगे।

### श्रीनगर-लेह हाईवे पर एवलांच, 7 की मौत

**नई दिल्ली/जम्मू।** जम्मू-कश्मीर में श्रीनगर-लेह हाईवे पर शुक्रवार दोपहर 4 बजे एवलांच आया। जोजिला पास के जीरो प्वाइंट के पास इस हादसे में 12 से ज्यादा वाहन 6 फीट से ज्यादा बर्फ में दब गए। हादसे में 7 लोगों की मौके पर मौत हुई है। पुलिस के मुताबिक, घटना के तुरंत बाद रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया गया। 5 लोगों को सुरक्षित निकाल लिया गया है और उनका अस्पताल में इलाज चल रहा है। सड़क से मलबा और बर्फ हटाने का काम जारी है।

### एयरपोर्ट उद्घाटन समारोह में सुरक्षा के लिए 7000 पुलिसकर्मियों की तैनाती

**ग्रेटर नोएडा :** गौतम बुद्ध नगर जिले के जेवर में स्थित नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के उद्घाटन समारोह के लिए सभी व्यवस्थाएं चाक-चौबंद हैं। एयरपोर्ट उद्घाटन समारोह में सुरक्षा के लिए 7000 पुलिसकर्मियों की तैनाती, तो वहीं, 300 सीसीटीवी के जरिए पूरे आयोजन की निगरानी की जाएगी। वहीं, शनिवार को सुबह 7 बजे से 11 बजे तक नोएडा एक्सप्रेसवे और यमुना एक्सप्रेसवे पर मालवाहक वाहनों पर प्रतिबंध रहेगा। जानकारी के अनुसार, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सुबह करीब 11:30 से 12 बजे के बीच जेवर में कार्यक्रम स्थल पर पहुंचेंगे।

# प. एशिया संकट का 'टीम इंडिया' बनकर करें मुकाबला : मोदी

## प्रधानमंत्री ने मुख्यमंत्रियों के साथ बैठक में दिया मंत्र



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पश्चिम एशिया में उभरते संकट के मद्देनजर शुक्रवार को सभी राज्यों के मुख्यमंत्रियों और केंद्र शासित प्रदेशों के उपराज्यपालों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए अहम बैठक की। इस बैठक में मौजूदा हालात की समीक्षा करते हुए देश की तैयारियों, सप्लाई चेन, ऊर्जा सुरक्षा और नागरिकों के हितों की रक्षा को लेकर व्यापक चर्चा की गई।

प्रधानमंत्री ने सभी मुख्यमंत्रियों द्वारा दिए गए सुझावों की सराहना करते हुए कहा कि इन इनपुट्स से बदलते हालात का प्रभावी ढंग से सामना करने में मदद मिलेगी। उन्होंने सतर्कता, तैयारी और केंद्र-राज्य के बीच बेहतर तालमेल को इस चुनौती से निपटने की सबसे बड़ी ताकत बताया। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत पहले भी वैश्विक संकटों का सामना कर चुका है। उन्होंने कोविड-19 महामारी का उदाहरण देते हुए कहा कि उस समय केंद्र और राज्यों ने ‘टीम इंडिया’ के रूप में मिलकर काम किया, जिससे सप्लाई चेन, व्यापार और आम जनजीवन पर प्रभाव को कम किया जा सका। उन्होंने कहा कि यही सहयोग की भावना आज भी सबसे बड़ी ताकत है। प्रधानमंत्री ने बताया कि स्थिति लगातार बदल रही है, इसलिए निरंतर निगरानी और रणनीति में लचीलापन जरूरी है। उन्होंने कहा कि 3 मार्च से एक इंटर-मिनिस्ट्रीयल ग्रुप रोजाना स्थिति की समीक्षा कर रहा है और समय-समय पर फैसले ले रहा है। सरकार की प्राथमिकताओं में आर्थिक स्थिरता, व्यापार, ऊर्जा सुरक्षा, नागरिकों की सुरक्षा और उद्योगों की मजबूती शामिल हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि नीतियों का प्रभावी क्रियान्वयन राज्यों के स्तर पर होता है, इसलिए केंद्र और राज्यों के बीच लगातार संवाद और समन्वय जरूरी है। उन्होंने राज्यों को निर्देश दिए कि सप्लाई चेन सुचारू बनाए रखें और जमाखोरी व मुनाफाखोरी के खिलाफ सख्त कार्रवाई करें। उन्होंने राज्य और जिला स्तर पर कंट्रोल रूम सक्रिय करने, प्रशासन को अलर्ट रखने और आवश्यक वस्तुओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने पर जोर दिया। प्रधानमंत्री ने कृषि क्षेत्र में अग्रिम योजना बनाने की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि उर्वरकों के भंडारण और वितरण की निगरानी की जाए, ताकि आने वाले खरीफ सीजन में किसानों को किसी प्रकार की परेशानी न हो। प्रधानमंत्री ने चेतावनी दी कि इस तरह के समय में अफवाहें और गलत जानकारी तेजी से फैलती हैं, जिससे घबराहट का माहौल बन सकता है। उन्होंने कहा कि सही और विश्वसनीय जानकारी समय पर जनता तक पहुंचाना बेहद जरूरी है। साथ ही ऑनलाइन ठगी और फर्जी एजेंटों से सतर्क रहने की भी सलाह दी। प्रधानमंत्री ने सीमा और तटीय राज्यों को विशेष रूप से सतर्क रहने को कहा, ताकि शिपिंग, जरूरी सामानों की आपूर्ति और समुद्री गतिविधियों से जुड़े किसी भी संभावित खतरे से निपटा जा सके। उन्होंने राज्यों से कहा कि जिन राज्यों के नागरिक पश्चिम एशिया में हैं, वे हेल्पलाइन शुरू करें, नोडल अधिकारी नियुक्त करें और जिला स्तर पर सहायता प्रणाली विकसित करें, ताकि प्रभावित परिवारों को समय पर जानकारी और मदद मिल सके।

## डाकबंगला चौक पर मुख्य कार्यक्रम का सीएम नीतीश ने किया उद्घाटन

# रामनवमी पर जय श्रीराम के उद्घोष से गूंज उठी राजधानी

## आकर्षक झांकियों ने लोगों का मन मोहा, सुरक्षा की रही पुख्ता व्यवस्था

**पटना (एनएसबी)।** रामनवमी के अवसर पर डाकबंगला चौराहा पर श्री श्री रामनवमी शोभा यात्रा अभिनंदन समिति द्वारा आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार शामिल हुये। मुख्यमंत्री ने शोभा यात्रा का स्वागत कर आरती की तथा उन्हें प्रतीक चिह्न भेंटकर सम्मानित किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में लोगों ने मुख्यमंत्री का अभिवादन किया। मुख्यमंत्री ने भी उपस्थित जन-समुदाय का हाथ हिलाकर अभिवादन स्वीकार किया और श्री रामनवमी की राज्यवासियों को शुभकामनायें दीं। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, सीएम नीतीश के पुत्र निशांत कुमार मंत्री विजय कुमार चौधरी, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन, जदयू के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष संजय कुमार झा, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी, विधायक श्याम रजक, चेतन आनंद, रूहैल रंजन, विधान पार्षद संजय मयूख सहित आयोजन समिति के सदस्यगण, सामाजिक, राजनीतिक कार्यकर्ता एवं अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। आयोजकों ने मुख्यमंत्री का स्वागत अंगवस्त्र भेंटकर किया।

**ड्रोन से की गई पुष्प वर्षा:** इस बार ड्रोन के माध्यम से मुख्य मंच और शोभायात्रा पर फूलों की वर्षा की गयी। खाजपुरा, बोरिंग रोड, कंकड़बाग और चौक समेत राजधानी के विभिन्न इलाकों से 52 शोभायात्राएं निकलकर डाकबंगला चौराहा के श्रीराम चौक पर पहुंची। झांकियों में अयोध्या के साधु-संत, दक्षिण भारत के वाद्य यंत्र वादक, बनारस का डमरू दल, गंगा आरती टीम, मुंबई के प्रसिद्ध बैंड और झारखंड के नृत्य दल शामिल थे। वहीं चौराहे के मुख्य स्थल पर फाइबर और मिट्टी से बनी भगवान श्रीराम, भगवान शिव और वीर हनुमान की विशाल प्रतिमाएं आकर्षण का केंद्र बना रहा।

**शोभायात्राओं का सम्मान :** हर वर्ष की तरह इस बार भी नितिन नवीन और अन्य अतिथि विभिन्न अखाड़ों और झांकियों के संचालकों को पाग (पगड़ी) और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। साथ ही भोजपुरी कलाकार एवं सांसद मनोज तिवारी ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज करायी। वहीं भारी भीड़ को देखते हुए सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए थे। गर्मी को देखते हुए 20 से अधिक मेडिकल कैंप और वाटर स्टेशन (प्याऊ) भी लगाए गए, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी न हो।



### झांकियों ने लोगों का मन मोहा

पारंपरिक और धार्मिक झांकियों ने लोगों का मन मोह लिया। डाकबंगला चौक पर झांकियों को देखने के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। पूरा इलाका भक्ति और उत्साह के रंग में सराबोर नजर आया। राजधानी में 52 शोभायात्रा डाकबंगला चौराहा होकर गुजरी। डाकबंगला चौराहा को एलईडी लाइट्स, लेजर इफेक्ट और डिजिटल मैपिंग से रोशन था। आसपास की इमारतों पर डिजिटल मैपिंग के जरिए भगवान श्रीराम के जीवन प्रसंगों का सजीव प्रदर्शन किया गया, जो श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक अनुभव दे रहा है।

## औरंगाबाद : चाचा ने की तीन मासूम भतीजे-भतीजी की गला रेतकर हत्या



**औरंगाबाद/पटना (एनएसबी)।** औरंगाबाद जिले के हसपुरा थाना क्षेत्र अंतर्गत खुटहन गांव में शुक्रवार को एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई, जहां एक सनकी चाचा ने अपने ही तीन मासूम भतीजे-भतीजी की गला रेतकर हत्या कर दी। मृत बच्चों की पहचान 10 वर्षीय अनीश कुमार, 7 वर्षीय आयुष कुमार और 5 वर्षीय अनुष्का कुमारी के रूप में हुई है।

ये तीनों बच्चे गांव के निवासी गुड्डू पाल के पुत्र-पुत्री थे। पुलिस और स्थानीय लोगों के अनुसार, आरोपित चाचा सुबह बाइक से कहीं गया था और लौटने के बाद घर का दरवाजा खटखटाया। उस समय उसकी भाभी बाथरूम में थीं, जिससे दरवाजा खोलने में थोड़ी देरी हुई। अंदर प्रवेश करने के बाद उसने स्पीकर तेज आवाज में चला दिया और कटर मशीन से तीनों बच्चों की हत्या कर दी। घटना के बाद आरोपित ने खुद का भी गला रेतकर आत्महत्या की कोशिश की, लेकिन वह जिंदा बच गया। उसे गंभीर हालत में औरंगाबाद सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां से डॉक्टरों ने हालत नाजुक देखते हुए पटना रेफर कर दिया। मामले की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। दाउदनगर के पुलिस अनुमंडल पदाधिकारी (एसडीपीओ) अशोक कुमार दास ने बताया कि घटना के सभी पहलुओं की गहन जांच की जा रही है और हत्या के पीछे की असल वजह का पता लगाया जा रहा है। बताया जा रहा है कि बच्चों के पिता गुड्डू पाल ट्रेन में पैंट्री कार में खाना बनाने का काम करते हैं और घटना के समय घर पर मौजूद नहीं थे। फिलहाल पुलिस इस सनसनीखेज वारदात के पीछे के कारणों की पड़ताल में जुटी हुई है।

## बंगाल के मुर्शिदाबाद में रामनवमी पर हिंसा : पत्थरबाजी में कई लोग घायल

**कोलकाता (एजेंसी)।** पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले के रघुनाथगंज में रामनवमी जुलूस के दौरान दो समुदायों के बीच तीन अलग-अलग जगहों पर हिंसा हुई। इस दौरान दुकानों में तोड़फोड़, लूटपाट और आगजनी की घटनाएं सामने आईं। इस दौरान कई लोग घायल भी हुए। विवाद की शुरूआत रघुनाथगंज-फुलतला ट्रैफिक मोड़ पर हुई। यहां कुछ लोगों ने सड़क किनारे लगे एक होर्डिंग पर चढ़कर उसपर लगा केसरिया झंडा हटा दिया। इससे जुलूस में शामिल लोग भड़क गए और हालात बेकाबू हो गए। भाजपा ने आरोप लगाया कि भीड़ ने भगवा ध्वज को अपमानजनक ढंग से नीचे उतारा और फेंक दिया।

# बालेन्द्र शाह ने ली नेपाल के प्रधानमंत्री पद की शपथ

## देश के सबसे युवा और पहले मधेसी मूल के पीएम बने

**काठमांडू (एनएसबी)।** नेपाल की राजनीति में आज एक नए युग की शुरूआत हुई जब राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी के नेता बालेन्द्र शाह, जिन्हें दुनिया 'बालेन' के नाम से जानती है, ने देश के 40वें प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ली। काठमांडू स्थित राष्ट्रपति भवन 'शीतल निवास' में आयोजित एक भव्य समारोह में राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल ने 35 वर्षीय शाह को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। इसके साथ ही बालेन्द्र शाह नेपाल के इतिहास में अब तक के सबसे कम उम्र के निर्वाचित प्रधानमंत्री बन गए हैं। यह पहली बार है जब मधेसी मूल का कोई व्यक्ति नेपाल के इस सर्वोच्च कार्यकारी पद पर आसीन हुआ है।

**रामनवमी के दिन वैदिक व बौद्धिक रीति-रिवाजों के साथ हुआ सत्तारोहण**

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दी बधाई, कहा- भारत व नेपाल के संबंध नई ऊंचाइयां छुएंगे**

दिलचस्प बात यह रही कि शपथ ग्रहण समारोह का समय और विधि काफी चर्चा में रही। समारोह को हिंदू व बौद्ध रीति-रिवाजों के साथ संपन्न किया गया। राम नवमी के अवसर पर सनातन वैदिक और बौद्धिक परम्परागत अनुसार 12:34 के शुभ मुहूर्त में बालेन ने प्रधानमंत्री पद की शपथ ग्रहण की। शपथ ग्रहण समारोह में 108 बटुकों द्वारा स्वस्ति शांति वाचन, 16 बौद्ध भिक्षुओं द्वारा अष्टमंगल पाठ और 7 शंखों द्वारा शंखनाद किया गया। शपथ ग्रहण के तुरंत बाद भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बालेन्द्र शाह को बधाई दी। पीएम मोदी ने विश्वास जताया कि शाह के नेतृत्व में भारत और नेपाल के संबंध नई ऊंचाइयों को छुएंगे। बालेन शाह, जिन्होंने भारत के कर्नाटक से इंजीनियरिंग की पढ़ाई की है, को भारत के साथ संतुलित और प्रगाढ़ संबंधों का पक्षधर माना जाता है। उल्लेखनीय है कि उनकी पार्टी आरएसपी ने हाल ही में संपन्न हुए आम चुनावों में 275 में से 182 सीटें जीतकर प्रचंड बहुमत हासिल किया है। बालेन ने खुद झापा-5 निर्वाचन क्षेत्र से पूर्व प्रधानमंत्री के.पी. शर्मा ओली को करीब 50,000 वोटों के भारी अंतर से हराकर अपनी ताकत का लोहा मनवाया।



(संबंधित खबर पेज-14 पर)

## प्रयागराज : गंगा के बामपुर घाट पर सात बच्चे बहे

**प्रयागराज (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश के प्रयागराज जिले में स्थित मांडा थाना क्षेत्र के बामपुर घाट पर शुक्रवार सुबह स्नान के दौरान बड़ा हादसा हो गया। हादसे के दौरान सात बच्चे गंगा नदी में डूब गए। स्थानीय मछुआरों की तत्परता से तीन बच्चों को सुरक्षित बचा लिया गया, जबकि चार बच्चे गहरे पानी में बह गए। इनमें से दो बच्चों के शव बरामद कर लिया गया है, जबकि दो बच्चों की तलाश जारी है। पुलिस उपायुक्त यमुनानगर विवेक चन्द्र यादव ने बताया कि मांडा थाना क्षेत्र के बामपुर गांव निवासी मोहित (13) पुत्र दिग्विजय, दिव्यांशु (16) पुत्र कमलेश, अमन (9) पुत्र कृष्ण कुमार, कुनाल (12) पुत्र अनिल, निहाल (10) पुत्र अनिल, दीपक (17) पुत्र राजाराम और ऋषभ (10) पुत्र कमलेश शुक्रवार सुबह लगभग दस बजे बजे गंगा नदी के घाट पर स्नान करने गए थे। जहां स्नान करते समय अनचानक गहराई में चले गए और सभी बच्चे डूबने लगे। बच्चों की चीख-पुकार सुनकर आसपास मौजूद मछुआरे मौके पर पहुंचे और मोहित, दिव्यांशु तथा अमन को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। वहीं कुनाल, निहाल, दीपक और ऋषभ गंगा की तेज धारा में बह गए। काफी प्रयास के बाद कुनाल और दीपक के शव बरामद कर लिए गए हैं, जबकि निहाल और ऋषभ का अब तक पता नहीं चल सका है। स्थानीय गोताखोरों की मदद से तलाश अभियान जारी है।

# केंद्र ने पेट्रोल-डीजल पर एक्साइज ड्यूटी दस रुपए प्रति लीटर घटाई

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** केंद्र सरकार ने शुक्रवार को पेट्रोल और डीजल पर 10 रुपए प्रति लीटर एक्साइज ड्यूटी कम करने का ऐलान किया है। इसके बाद पेट्रोल पर एक्साइज ड्यूटी कम होकर 3 रुपए प्रति लीटर और डीजल पर शून्य हो गई है। इसका उद्देश्य अमेरिका, इजरायल-ईरान युद्ध के कारण कच्चे तेल की कीमत में आए उछाल के प्रभाव को सीमित करना है। सरकार डीजल के निर्यात पर 21.5 रुपए प्रति लीटर और एटीएफ पर 29.5 रुपए प्रति लीटर का टैक्स लगाया है। इसके अलावा, केंद्र ने 2022 की एक पूर्व अधिसूचना को रद्द कर दिया है और आयातित विमानन टरबाइन ईंधन (एटीएफ) पर एक्साइज ड्यूटी में राहत प्रदान की है। उम्मीद की जा रही है कि ऑयल मार्केटिंग कंपनियां (ओएमसी) बढ़ते नुकसान की भरपाई के लिए इस कटौती को स्वयं समायोजित करेंगी। मध्यू पूर्व में तनाव के बाद कच्चे तेल की कीमतों में तेज उछाल दर्ज किया गया है।

**केंद्र बोले-पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं :** नई दिल्ली : केंद्र ने शुक्रवार को कहा कि पेट्रोल और डीजल की खुदरा कीमतों में कोई बदलाव नहीं होगा और एक्साइज ड्यूटी में कमी को ग्राहकों को पास नहीं किया जाएगा। बल्कि, इससे तेल कंपनियों को हो रहे नुकसान की भरपाई की जाएगी। पेट्रोलियम मंत्रालय ने कहा,"इससे सरकारी ऑयल मार्केटिंग कंपनियों- इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन, भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन और हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन की अंडर रिकवरी को प्रत्यक्ष तौर पर कम करने में मदद मिलेगी, क्योंकि यह कंपनियां लागत से बेहद कम दाम पर खुदरा बाजारों में पेट्रोल और डीजल की बिक्री कर रही हैं।" मौजूदा अंतरराष्ट्रीय कच्चे तेल की कीमतों के कारण तेल कंपनियों को पेट्रोल पर लगभग 26 रुपए प्रति लीटर और डीजल पर 81.90 रुपए प्रति लीटर का नुकसान हो रहा है। ऑयल मार्केटिंग कंपनियों द्वारा प्रतिदिन वहन किया जा रहा कुल नुकसान लगभग 2,400 करोड़ रुपए है। मंत्रालय ने कहा कि एक्साइज ड्यूटी में कटौती से इन नुकसानों में से 10 रुपए प्रति लीटर की भरपाई हो जाती है, जिससे ऑयल मार्केटिंग कंपनियां खुदरा कीमतों को अपरिवर्तित रखते हुए बिना किसी रुकावट के ईंधन की आपूर्ति जारी रख सकती हैं।

### 'न लॉकडाउन लगेगा, न ईंधन की कमी होगी' : रिजिजू



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** देश में पेट्रोल-डीजल की कीमतों को लेकर उठ रही चिंताओं और लॉकडाउन की अफवाहों के बीच केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने शुक्रवार को बड़ा बयान दिया। उन्होंने साफ किया कि देश में किसी भी तरह का लॉकडाउन नहीं लगाया जा रहा है और लोगों को घबराने की जरूरत नहीं है। साथ ही, उन्होंने राज्य सरकारों से अपील की कि वे जमाखोरी रोकें और ईंधन की सप्लाई को सुचारु बनाए रखें। केंद्रीय संसदीय मंत्री रिजिजू ने केंद्र सरकार के उस फैसले की जमकर सराहना की, जिसमें पेट्रोल और डीजल पर एक्साइज ड्यूटी में बड़ी कटौती की गई है। उन्होंने इसे आम लोगों को राहत देने वाला ऐतिहासिक कदम बताया। किरेन रिजिजू ने कहा कि इस फैसले के बाद लोगों में खुशी का माहौल है और कई लोगों ने प्रधानमंत्री को धन्यवाद भी दिया है। लॉकडाउन की अफवाहों पर प्रतिक्रिया देते हुए किरेन रिजिजू ने कहा, "ये अफवाहें कौन फैला रहा है? प्रधानमंत्री ने साफ कहा है कि किसी तरह की घबराहट नहीं होनी चाहिए।



रामनवमी के मौके पर श्रीराम चौक पर झांकियों की आगवानी करने के लिए मौजूद मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, भाजपा के अध्यक्ष नितिन नवीन व अन्य।।



रामनवमी के मौके पर श्रीराम चौक पर जमा रहे राम भक्त।

# हर हाल में चलेंगे अंचल कार्यालय

**हड़ताली राजस्व अधिकारियों पर सरकार का सीधा वार**

नवसंदेश ब्यूरो

- 1 अप्रैल से प्रत्येक अंचल में तैनात होंगे राजस्व सेवा के अधिकारी
- गैर-हड़ताली अधिकारियों को एक से अधिक अंचलों की जिम्मेदारी
- दाखिल खारिज, परिमार्जन, ई-मापी व प्रमाण पत्र का काम रहेगा जारी
- कार्यरत सहायक बंदोबस्त पदाधिकारी व कानूनगो को भी मिलेगा प्रभार
- सभी जिलाधिकारियों को इस आशय का पत्र जारी कर दिया गया निर्देश

**पटना।** राज्य सरकार ने सामूहिक अवकाश पर गए बिहार राजस्व सेवा के अधिकारियों के खिलाफ निर्णायक और कड़ा कदम उठाया है। राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग ने साफ कर दिया है कि जनहित के कार्यों में बाधा डालने वालों के लिए कोई नरमी नहीं बरती जाएगी और 1 अप्रैल से पूरे राज्य में सख्त प्रशासनिक व्यवस्था लागू होगी।

उपमुख्यमंत्री सह राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कड़े शब्दों में कहा कि जनता का काम रोकने की इजाजत किसी को नहीं है। हड़ताल के नाम पर राजस्व सेवाएं बाधित करना पूरी तरह अस्वीकार्य है। उन्होंने स्पष्ट किया, 1 अप्रैल से हर अंचल में काम होगा। जो अधिकारी काम पर नहीं हैं, उनकी जगह कार्यरत अधिकारियों को तुरंत अतिरिक्त प्रभार दिया जाएगा। सरकार के काम रुकेंगे नहीं। जनता का जनादेश काम करने का मिला है हड़ताल का नहीं। काम करने वालों को राज्य में हमेशा सम्मान मिलता रहा है।

उधर, प्रधान सचिव सीके अनिल ने पत्र जारी कहा है कि अब किसी भी अंचल को खाली नहीं रहने दिया जाएगा। जो अधिकारी हड़ताल में शामिल नहीं हैं, उन्हें उनके मूल पद के साथ-साथ अन्य रिक्त अंचलों का भी अतिरिक्त प्रभार दिया जाएगा। इनमें अंचलाधिकारी, सहायक बंदोबस्त पदाधिकारी, राजस्व अधिकारी एवं कानूनगो होंगे। सभी जिलाधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि हर अंचल में पदाधिकारी की उपलब्धता हर हाल में सुनिश्चित करें।

विभाग ने यह भी स्पष्ट कर दिया है कि अब तक प्रखंड विकास पदाधिकारियों को दिया गया अंचल का अतिरिक्त प्रभार पर्याप्त नहीं है, क्योंकि उनके पास पहले से ही कई जिम्मेदारियां हैं। इसलिए अब सीधे राजस्व सेवा के कार्यरत अधिकारियों को ही यह जिम्मेदारी सौंपी जाएगी, ताकि दाखिल-खारिज, परिमार्जन, मापी, अतिक्रमण और प्रमाण पत्र जैसे कार्यों में कोई रुकावट न आए।

आदेश में यह भी कहा गया है कि हड़ताल से लौटने वाले अधिकारियों को सदर अंचल एवं अनुमंडल मुख्यालय के अंचलों का प्रभार दिया जाए। पत्र में कहा गया है कि अतिरिक्त प्रभार पाने वाले अधिकारियों को पूर्ण वित्तीय अधिकार दिए जाएंगे, जिससे वेतन, योजनाओं और अन्य खर्चों में कोई बाधा न आए। साथ ही



विजय कुमार सिन्हा

जिलों में कार्यभार का संतुलन बनाए रखने और नजदीकी अंचलों में ही अतिरिक्त जिम्मेदारी देने का निर्देश भी दिया गया है। इस अतिरिक्त प्रभार की व्यवस्था से पूर्व विभाग द्वारा फरवरी एवं मार्च में निर्गत पत्रों को अवक्रमित करने का निर्देश दिया गया है। इस नई व्यवस्था से विभाग ने संदेश दिया है कि प्रशासनिक कामकाज रुकने नहीं दिया जाएगा और जनता से जुड़े मामलों में किसी भी तरह की लापरवाही या दबाव की राजनीति को सख्ती से कुचला जाएगा।

# साईंभक्तों ने निकाली साईं की पालकी

> साई नाम के जयघोष से गुंजायमान हुआ माहौल, रामनवमी महोत्सव के दूसरे दिन होने वाले विशाल भंडारे में पच्चीस हजार से अधिक की साई भक्त करेंगे शिरकत

**पटना (एनएसबी)।** हाथी, घोड़े, ऊंट एवं गाजे-बाजे के साथ श्री साईं बाबा की पालकी श्री साईं शिव कृपा मन्दिर, कंकड़बाग परिसर से प्रारंभ होकर कॉलोनी मोड़, चिरैयाटांड ओवरब्रिज, एक्जीविशन रोड, डाक बंगला चौराहा से महावीर मन्दिर, पटना जंक्शन होते हुए वापस साईं मन्दिर पहुंची। अवसर था श्री साईं शिव कृपा मन्दिर न्यास समिति द्वारा श्री साईं शिव कृपा मन्दिर में श्री रामनवमी महोत्सव के छब्बीसवें वार्षिकोत्सव के अवसर पर दो दिवसीय समारोह की शुरुआत के प्रथम दिन आयोजित भव्य शोभा यात्रा सह पालकी यात्रा का। बड़ी संख्या में साईं भक्त इस पालकी शोभा यात्रा में शामिल हुए।

साईं भक्तों ने साई बाबा की पालकी जिसमें साई बाबा विराजमान थे, को अपने कंधे पर उठाकर नगर भ्रमण कराया। अलग-अलग टोलियों में लोगसाईं राम एवं जय श्री राम का जयकारा लगाते और झूमते-गाते हुए पूरी तरह अनुशासित तरीके से सड़कों पर आगे बढ़ते गए। युवाओं और महिलाओं की बड़ी संख्या शोभा यात्रा की रौनक बढ़ा रही थी। न्यास समिति की पूर्व सचिव एवं रामनवमी महोत्सव-2026 के संयोजक राजेश कुमार डब्लू ने कहा कि इतनी बड़ी संख्या में भक्तजनों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराकर आपसी एकता एवं भाईचारे का मिसाल दिया है। न्यास समिति के सचिव कैप्टन सुरेन्द्र प्रसाद ने बताया कि समारोह के दूसरे दिन 28 मार्च को श्री साईं बाबा की विशेष पूजा अर्चना के साथ-साथ विशाल भंडारा सह महाप्रसाद वितरण का कार्यक्रम एसवीडी स्कूल के सामने पार्क में आयोजित है। इस भंडारे में हजारों श्रद्धालु महाप्रसाद ग्रहण करेंगे।

पालकी शोभा यात्रा में विशेष रूप से साईं शिव कृपा मन्दिर न्यास समिति के अध्यक्ष जस्टिस राधा मोहन प्रसाद, साईं शिव कृपा मन्दिर के फाउन्डर अध्यक्ष तथा सवर्ण आयोग के उपाध्यक्ष एवं जदयू के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजीव रंजन प्रसाद, कुम्हरार विधायक संजय कुमार गुप्ता, पटना नगर निगम सशक्त स्थायी समिति के सदस्य एवं वार्ड 34 के पार्षद कुमार संजीत (बबलू) ने अपनी उपस्थिति दर्ज करायी।

शोभा यात्रा में मुख्य रूप से न्यास समिति के कोषाध्यक्ष कुमार नीरज, न्यासीगण सर्वश्री डॉ. सहजानन्द सिंह, डॉ. चंचला कुमारी, अखिलेश कुमार सिंह, रतन कुमार सिन्हा, संजय कुमार रजक, मनोज कुमार तथा पूर्व न्यासी एवं मीडिया प्रभारी अतुल आनंद सन्नू के साथ ही उत्पल राज, आनंद कुमार, रवि शंकर सिंह, इंद्र झा, शैलेश कुमार बंटी, गौतम कुमार, सुमन कुमार, विनीता कुमारी, शोभा सिंह, वीणा शर्मा, कृति राणा, बलिराम श्रीवास्तव, राणा कुमार, प्रधान पुजारी विवेकानंद पाण्डेय आदि मौजूद थे। यह जानकारी मीडिया प्रभारी अतुल आनंद सन्नू ने दी।

## दिन में 11 से 3.30 बजे तक सार्वजनिक वाहनों का परिचालन होगा कम

**पटना (एनएसबी)।** राज्य में बढ़ती भीषण गर्मी और लू की संभावना को देखते हुए परिवहन विभाग ने सार्वजनिक परिवहन को नियंत्रित करने का महत्वपूर्ण फैसला लिया है। आने वाले दिनों में विभाग यात्रियों और चालकों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए लू के दौरान सार्वजनिक परिचालन को सुदृढ़ करेगा। इसके तहत सुबह 11 बजे से दोपहर 3.30 बजे तक सार्वजनिक वाहनों के परिचालन को कम किया जाएगा। इसका उदेश्य यात्रियों और चालकों को तेज धूप और गर्मी से बचाना है। इस दौरान केवल आवश्यक स्थिति में सीमित वाहन ही चलाने का आदेश दिया जाएगा। विभाग सभी बसों में पेयजल, ओरल रिहाइड्रेशन सल्यूशन (ओआरएस) और इमरजेंसी स्थिति से निपटने के लिए प्राथमिक उपचार किट की अनिवार्यता सुनिश्चित करेगा। इसके अलावा विभाग ने सभी बस स्टैंड पर पेयजल एवं पंखे की व्यवस्था करने का निर्देश दिया है, ताकि यात्रियों

# शिक्षा का अधिकार : निजी स्कूलों में नामांकन की तिथि बढ़ाई गयी

> शिक्षा विभाग ने सभी डीईओ और डीपीओ को 10 अप्रैल तक बच्चों का नामांकन कराने का निर्गत किया आदेश
>
> नामांकन में शिथिलता बरतने वाले विद्यालयों के विरूद्ध की जाएगी कार्रवाई

**पटना (एनएसबी)।** शिक्षा का अधिकार कानून के तहत राज्य के निजी विद्यालयों में नामांकन दाखिल कराने की तिथि बढ़ा दी गई है। इसको लेकर शिक्षा विभाग ने राज्य के सभी जिला शिक्षा अधिकारी और जिला कार्यक्रम अधिकारी (प्रारंभिक शिक्षा एवं समग्र शिक्षा अभियान) के पास पत्र भेजकर चयनित बच्चों का 10 अप्रैल तक नामांकन कराने का आदेश दिया है। नामांकन में उदासीनता बरतने वाले विद्यालयों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

शिक्षा विभाग ने कहा है कि शिक्षा का अधिकार (आरटीई) कानून के तहत प्रस्वीति प्राप्त निजी विद्यालयों में 25 फीसदी अलाभकारी समूह और कमजोर वर्ग के बच्चों के अनलाइन नामांकन हेतु 23 फरवरी को सभी जिलों में प्रथम चरण का रेंडमाइजेशन किया गया था। उसमें चयनित बच्चों का निजी विद्यालयों में नामांकन कराने के लिए 20 मार्च तक तिथि निर्धारित की गई थी।

ऑनलाइन नामांकन हेतु चयनित 70155 छात्रों में से मात्र 53479 छात्रों का नामांकन हो सका है। इसको देखते हुए 10 अप्रैल तक नामांकन की तिथि विस्तारित की गई है। प्राथमिक शिक्षा के निदेशक विक्रम विरकर ने सभी जिला शिक्षा अधिकारियों और जिला कार्यक्रम अधिकारियों के पास पत्र भेजकर निर्देश दिया है कि अनलाइन चयनित सभी छात्रों का विस्तारित तिथि तक संबंधित विद्यालयों में नामांकन करना सुनिश्चित करें। इसके साथ ही जिन विद्यालयों द्वारा नामांकन करने में शिथिलता बरती जा रही है तो उनके विरुद्ध कार्रवाई करने के लिए प्रस्ताव उपलब्ध कराया जाए।

विदित हो कि शिक्षा विभाग ने आरटीई कानून के तहत प्रस्वीति प्राप्त निजी विद्यालयों में 25 फीसदी अलाभकारी समूह और कमजोर वर्ग के बच्चों नामांकन करने के लिए 20 मार्च अंतिम तिथि निर्धारित किया था। इसके बावजूद सभी चयनित बच्चों का नामांकन नहीं हो पाया था। इसको देखते हुए शिक्षा विभाग ने एक बार फिर 10 अप्रैल तक नामांकन करने की तिथि बढ़ा दी है।

# राजगीर, वाल्मीकि, ककोलत कांवर झील आकर्षण का केंद्र

> प्राकृतिक सुंदरता, वन्यजीव और झील-झरनों की ओर बढ़ रहा पर्यटकों का रुझान

**पटना (एनएसबी)।** बिहार अब इको टूरिज्म के क्षेत्र में तेजी से अपनी पहचान बना रहा है। प्राकृतिक सुंदरता से भरपूर ये स्थल पर्यटकों को आकर्षित कर रहे हैं और आने वाले समय में बिहार देश के प्रमुख इको टूरिज्म गंतव्यों में शामिल हो सकता है। राज्य के विभिन्न जिलों में स्थित वन्यजीव अभ्यारण्य, झील, जलप्रपात, पहाड़ और बांध अब इको टूरिज्म के प्रमुख केंद्र बनते जा रहे हैं।

राज्य सरकार की ओर से इन इको टूरिज्म स्थलों पर आधारभूत संरचना, सड़क, आवास और अन्य सुविधाओं का लगातार विकास किया जा रहा है। पश्चिम चंपारण स्थित वाल्मीकि टाइगर रिजर्व राज्य का प्रमुख इको टूरिज्म स्थल है। लगभग 901 वर्ग किलोमीटर में फैले इस वन क्षेत्र में बंगाल टाइगर, तेंदुआ, भालू, हिरण, नीलगाय सहित 250 से अधिक पक्षियों की प्रजातियां पाई जाती हैं। इसके अलावा अमवा मन झील और उदयपुर वन्यजीव अभ्यारण्य भी प्राकृतिक सुंदरता और पक्षी प्रेमियों के लिए आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं।

भागलपुर का विक्रमशिला गंगा डॉल्फिन अभ्यारण्य गंगा डॉल्फिन संरक्षण के लिए प्रसिद्ध है, जहां पर्यटक डॉल्फिन को प्राकृतिक आवास में देख सकते हैं। मुंगेर का भीमबांध वन्यजीव अभ्यारण्य अपने घने जंगल, पहाड़ियों और वन्यजीवों के लिए जाना जाता है। नालंदा जिले का राजगीर नेचर सफारी और जू सफारी तथा घोड़ा कटोरा झील पर्यटकों के बीच काफी लोकप्रिय हो रहे हैं। राजगीर में देश का पहला ग्लास स्काई वॉक भी पर्यटकों के आकर्षण का केंद्र है। नवादा का ककोलत जलप्रपात, रोहतास के तुतला भवानी जलप्रपात, मांझर कुंड, धुआं कुंड और इंद्रपुरी बैराज भी प्रातिक पर्यटन के महत्वपूर्ण स्थल हैं।

जमुई जिले के नागी-नकटी पक्षी अभ्यारण्य, गढ़ी बांध, बांका का ओढ़नी बांध, कैमूर का कैमूर वन्यजीव अभ्यारण्य, तेलहर कुंड और करकटगढ़ जलप्रपात इको टूरिज्म के रूप में तेजी से विकसित हो रहे हैं। बेगूसराय की कांवर झील और दरभंगा का कुशेश्वर स्थान पक्षी अभ्यारण्य प्रवासी पक्षियों के लिए प्रसिद्ध हैं, जहां सर्दियों में बड़ी संख्या में दूर देशों से हजारों किलोमीटर की दूरी तय कर प्रवासी पक्षी आते हैं।

# मिट्टी की जांच करवाकर उर्वरकों का इस्तेमाल कर रहे हैं किसान

> राज्य के सभी 38 जिलों में मिट्टी की हो रही है जांच, इससे उत्पादन बढ़ाने में मिल रही मदद
>
> मिट्टी में मौजूद पोषक तत्वों की हो रही है जांच, बन रहा है खेतों का स्वास्थ्य कार्ड
>
> 2025-26 में मिट्टी के करीब 3 लाख नमूनों की हुई जांच
>
> राज्य में मिट्टी जांच की गुणवत्ता का नियंत्रण तीन रेफरल प्रयोगशालाओं के जरिए हो रहा

**पटना (एनएसबी)।** राज्य में अब तेजी से कृषि का आधुनिकीकरण हो रहा है। राज्य सरकार कृषि में आधुनिक तकनीक को बढ़ावा दे रही है। नई तकनीक को अपनाने से जहां एक ओर फसलों का उत्पादन तेजी से बढ़ रहा है, वहीं किसानों की आय में भी काफी वृद्धि हो रही है। इससे राज्य में किसानों के बीच खुशहाली आ रही है।

इसी कड़ी में राज्य के किसान अब अपने खेतों की मिट्टी की जांच करवा कर पता कर रहे हैं कि उनके खेतों में किन पोषक तत्वों की कमी है और कौन सा पोषक तत्व पर्याप्त मात्रा में मौजूद है। इस जांच से किसान रासायनिक उर्वरकों का सही और संतुलित इस्तेमाल कर पा रहे हैं। रासायनिक उर्वरकों के स्मार्ट इस्तेमाल से जहां फसलों का उत्पादन बढ़ रहा है, वहीं गैरजरूरी इस्तेमाल कम होने से कृषि लागत में भी कमी आ रही है। इससे किसानों की आय बढ़ रही है और उनमें खुशहाली आ रही है। बिहार में मिट्टी जांच की सुविधा राज्य सरकार ने हर जिले में मुहैया करवा दी है। यह जांच राज्य में कृषि के क्षेत्र में मौन क्रांति लाने का काम रही है।

वित्तीय वर्ष 2025-26 में लगभग 3 लाख मिट्टी नमूनों की जांच की गई है। प्रयोगशाला में मिट्टी के नमूनों का विश्लेषण कर किसानों को मृदा स्वास्थ्य कार्ड उपलब्ध कराया जाता है। इस कार्ड में अंकित रहता है कि मिट्टी में कौन सा पोषक तत्व कितनी मात्रा में है और धान, गेहूं, आलू आदि फसलों के लिए किस उर्वरक को कितनी मात्रा में इस्तेमाल करना चाहिए। राज्य में किसानों को तीन वर्ष के अंतराल पर मृदा स्वास्थ्य कार्ड दिए जाते हैं।

### स्थानीय स्तर पर मिल रही है जांच की सुविधा'

अब मृदा स्वास्थ्य कार्ड व्हाटसएप के माध्यम से भी उपलब्ध कराए जा रहे हैं। उपलब्ध ऑनलाइन सयल हेल्थ कार्ड में लगभग 106 फसलों के लिए अनुशंसाएं दर्ज होती हैं। किसानों को स्थानीय स्तर पर आसान मिट्टी जांच सुविधा उपलब्ध कराने के लिए अनुमंडल स्तर पर 32 नई मिट्टी जांच प्रयोगशालाएं स्थापित की जा रही हैं। वर्तमान में राज्य में 38 जिला स्तरीय मिट्टी जांच प्रयोगशालाएं, 9 चलंत (मोबाइल) प्रयोगशालाएं और 14 अनुमंडल स्तरीय प्रयोगशालाएं कार्यरत हैं। इसके अतिरिक्त मिट्टी जांच की गुणवत्ता नियंत्रण के लिए 3 रेफरल प्रयोगशालाएं भी संचालित हो रही हैं।

# ग्रामीण भारत का पहला स्टार्टअप 'कबाड़ मंडी'

**सीवान के लोगों को दे रहा कचरे से कमाई का मौका**

> प्रति महीने लगभग सवा टन रीसायकल होने लायक कचरा का हो रहा उठाव
>
> 18 महीने में पूरे जिले में सफल बना स्टार्टअप, अब गोपालगंज के साथ एमओयू साइन

**पटना (एनएसबी)।** कचरा भी रोजगार और कमाई का स्रोत बन सकता है बिहार के सीवान जिले में यह सपना अब हकीकत बन चुका है। यहां ग्रामीण भारत का पहला स्टार्टअप कबाड़ मंडी लोगों को कबाड़ बेचकर पैसे कमाने का मौका दे रहा है। साथ ही पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छता को बढ़ावा दे रहा है। नौतन प्रखंड के खलवां ग्राम पंचायत के मुखिया अमित सिंह ने इस अनोखी पहल की शुरुआत की।



उन्होंने डिजिटल प्लेटफॉर्म तैयार किया, जिसके माध्यम से गांववासी घर-घर से निकलने वाले रिसाइकल योग्य कचरे को बेच रहें हैं। यह स्टार्टअप असराज स्क्रैप सल्यूशन प्राइवेट लिमिटेड के नाम से स्टार्टअप इंडिया के तहत रजिस्टर्ड है। मात्र 18 महीनों में पूरे सिवान जिले में सफलता हासिल कर ली है और अब इसका विस्तार गोपालगंज जिले तक हो रहा है।

### 40 किलो प्लास्टिक से बनेगा वॉश बेसिन, 15 साल टिकेगा

ऐप के जरिए लोग अपने घर से निकलने वाले कचरे (जैसे प्लास्टिक, बोतल, रैपर आदि) की जानकारी, टाइम और डेट दर्ज कराते हैं। रीसायकल टीम तय समय पर घर पहुंचती है, कचरे का वजन कर उसके अनुसार तुरंत भुगतान कर देती है। इसके बाद कचरा को पंचायत के प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट यूनिट (पीडब्ल्यूपीयू) और वेस्ट प्रोसेसिंग यूनिट (डब्ल्यूपीयू) में अलग कर, रिसाइकल करने के बाद उपयोगी सामान बनाया जाता है।

मुखिया अमित सिंह बताते हैं कि प्लास्टिक बोतल 15 रुपये प्रति किलोग्राम, काला प्लास्टिक 2 रुपये प्रति किलोग्राम, सफेद मिक्स प्लास्टिक 5 रुपये प्रति किलोग्राम और टीन 10 रुपये प्रति किलोग्राम खरीदा जाता है। अबतक डेमो प्रोजेक्ट सफल रहा है, आने वाले दिनों में 40 किलो रिसाइकल प्लास्टिक से 3 फीट का वॉश बेसिन, 75 किलो से पार्क बेंच, 35 किलो से 16 इंच का डस्टबिन, फेंस, स्कूल बेंच, फ्लावर पॉट, अलमारी, पोर्टेबल टॉयलेट आदि का निर्माण किया जाएगा। इन सामानों की गारंटी लगभग 15 साल होगी।

उन्होंने आगे कहा कि लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान और स्वच्छ भारत मिशन से प्रेरणा मिली। परिवार के सदस्यों ने मिलकर इस मुहीम को आकार दिया, बड़े बेटे ने मार्केटिंग और बिजनेस डेवलपमेंट संभाला, छोटे ने ऐप बनाया। वर्तमान में अकेले सिवान जिले में प्रति महीने लगभग सवा टन रिसाइकल योग्य कचरे का उठाव हो रहा है। पंचायत खुले में कचरा फेंकने से मुक्त हो चुकी है। खाद्य कचरे से खाद बनाई जा रही है। इसमें 22 लोगों की टीम काम कर रही है, जिन्हें 12 हजार से ज्यादा सैलरी, मेडिकल सुविधा और 7 लाख की बीमा सुविधा प्रदान की गई है।

### रिसाइकल प्लास्टिक की सप्लाई भी की जा रही

इस अनोखे स्टार्टअप ने हरिद्वार, पंजाब और कोका-कोला (बनारस) जैसे संगठनों से टाई-अप किया है, जहां रिसाइकल प्लास्टिक सप्लाई की जा रही है। शादी-विवाह जैसे मौकों पर निकलने वाले प्लास्टिक कचरे को भी प्रोसेस किया जा रहा है। आने वाले समय में प्लास्टिक कचरे को सड़क निर्माण में इस्तेमाल के लिए बेचा जाएगा, जिससे और अधिक लोगों को कमाई का अवसर मिलेगा। यह मॉडल ग्रामीण भारत के लिए एक मिसाल बन रहा है, जहां कचरा रोजगार का जरिया बन गया है।

# भोजपुरी फिल्म प्रेम विवाह का फर्स्ट लुक रिलीज

> एसआरके म्यूजिक प्रालि की प्रस्तुति 28 मार्च को ट्रेलर होगा लॉन्च
>
> अरविंद अकेला कल्लू और काजल राघवनी मुख्य भूमिका में नजर आएंगे

**पटना (एनएसबी)।** भोजपुरी फिल्म इंडस्ट्री में एक और बहुप्रतीक्षित फिल्म प्रेम विवाह को लेकर दर्शकों के बीच उत्साह बढ़ गया है। एसआरके म्यूजिक प्रा लि के बैनर तले बनी इस फिल्म का फर्स्ट लुक जारी कर दिया गया है, जबकि इसका ट्रेलर 28 मार्च को सुबह 06.30 बजे रिलीज किया जाएगा। फिल्म का फर्स्ट लुक सामने आते ही सोशल मीडिया पर चर्चा तेज हो गई है और दर्शक इसके ट्रेलर का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।

फिल्म में भोजपुरी सिनेमा के लोकप्रिय अभिनेता अरविंद अकेला कल्लू और चर्चित अभिनेत्री काजल राघवनी मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। इनके साथ समार्थ चतुर्वेदी, संजय पांडेय, रीना रानी, विनोद मिश्रा, श्रद्धा नवल, अनीता रावत, संतोष श्रीवास्तव, दीपिका सिंह, सपना यादव, शबनम खान, सुप्रिया कुशवाहा समेत कई कलाकार अहम किरदार निभाते दिखाई देंगे। मजबूत स्टारकास्ट के कारण फिल्म को लेकर दर्शकों की उत्सुकता और भी बढ़ गई है।

फिल्म के निर्माता रौशन सिंह और सह-निर्माता शर्मिला आर सिंह हैं, जबकि निर्देशन संजय श्रीवास्तव ने किया है।

निर्माता रौशन सिंह ने कहा कि यह फिल्म पारिवारिक मूल्यों, प्रेम और सामाजिक रिश्तों की मजबूत भावनाओं पर आधारित है, जिसे दर्शकों को ध्यान में रखकर बेहद साफ-सुथरे और मनोरंजक अंदाज में बनाया गया है। उन्होंने विश्वास जताया कि फिल्म की कहानी, संगीत और कलाकारों का अभिनय दर्शकों को जरूर पसंद आएगा। रौशन सिंह ने बताया कि पूरी टीम ने इस प्रोजेक्ट पर कड़ी मेहनत की है, ताकि भोजपुरी सिनेमा को एक गुणवत्तापूर्ण और यार फिल्म मिल सके। उन्होंने दर्शकों से अपील की कि 28 मार्च को रिलीज होने वाले ट्रेलर को जरूर देखें और फिल्म को अपना प्यार व आशीर्वाद दें।

फिल्म प्रेम विवाह के मुख्य अभिनेता अरविंद अकेला कल्लू ने कहा कि यह फिल्म एक खूबसूरत पारिवारिक और सामाजिक कहानी पर आधारित है, जिसमें प्रेम, रिश्तों की अहमियत और पारिवारिक मूल्यों को बेहद भावनात्मक तरीके से प्रस्तुत किया गया है। उन्होंने बताया कि फिल्म की कहानी और संगीत दर्शकों को जरूर पसंद आएगा और इसमें उनका किरदार काफी खास है। कल्लू ने कहा कि पूरी टीम ने दिल से मेहनत की है और उन्हें विश्वास है कि दर्शकों का भरपूर प्यार और आशीर्वाद इस फिल्म को अवश्य मिलेगा।

आपको बता दें कि इस फिल्म कहानी प्रण नाथ ने लिखी है, जो पारिवारिक मूल्यों और सामाजिक रिश्तों की भावनाओं को दर्शाती है। फिल्म के संगीत में प्रियंशु सिंह, रौशन सिंह, आर आर पंकज और सरगम आकाश का योगदान है, जबकि गीतों को सुमित सिंह चंद्रवंशी, आशुतोष तिवारी, मनोज भावुक, छोटू यादव और अभिषेक भोजपुरीया ने लिखा है। कोरियोग्राफर कानू मुखर्जी और पी आर ओ रंजन सिन्हा हैं। फिल्म प्रेम विवाह को पारिवारिक मनोरंजन के साथ भावनात्मक कहानी के रूप में प्रस्तुत किया जा रहा है। मेकर्स को उम्मीद है कि फिल्म का ट्रेलर रिलीज होते ही दर्शकों से शानदार प्रतिक्रिया मिलेगी।

# बुनियाद केंद्रों में निशुल्क नेत्र जांच और चश्मा वितरण शुरू

> 101 बुनियाद केंद्रों पर एक माह में जांच के बाद एक लाख चश्मा वितरण का लक्ष्य
>
> स्वास्थ्य समिति में सूचीबद्ध एजेंसी करेगी आंखों की स्क्रीनिंग

**पटना (एनएसबी)।** राज्य के सभी 101 बुनियाद केंद्रों में एक माह तक निशुल्क नेत्र जांच होगी। इस दौरान एक लाख चश्मे वितरित किए जाएंगे। बिहार में दृष्टि दोष से उत्पन्न समस्याओं एवं अंधेपन की रोकथाम के उद्देश्य से राज्य सरकार ने यह पहल की है। अभियान तीन चरणों में संचालित होगा और सभी उम्र के व्यक्ति को इसका लाभ मिलेगा। पहले चरण में 23 मार्च से 22 बुनियाद केंद्रों पर जांच शुरू की गई है। इनमें अबतक 883 लोगों की नेत्र जांच कर जरुरत के अनुसार 722 लोगों को चश्मा निर्धारित किया गया है। चश्मा वितरण की प्रक्रिया जांच के 15 दिनों बाद दी जाएगी। दूसरे चरण में 30 मार्च से 25 केंद्रों पर और अंतिम चरण में शेष बचे सभी बुनियाद केंद्रों पर जांच होगी। जांच की प्रक्रिया प्रत्येक चरणों में एक महीने के लिए आयोजित की जा रही है। राज्य स्वास्थ्य समिति में सूचीबद्ध एजेंसियों के माध्यम से आंखों की स्क्रीनिंग की जाएगी। समाज कल्याण और स्वास्थ्य विभाग के संयुक्त तत्वावधान में होने वाली जांच का शुभारंभ बीते सोमवार को हुआ था। समाज कल्याण सचिव ने सभी 101 बुनियाद केंद्रों को एक माह में न्यूनतम हजार-हजार चश्मे वितरित करने का लक्ष्य दिया। ज्ञात हो कि 'सक्षम' की ओर से बुनियाद केंद्रों के माध्यम से उज्ज्वल दृष्टि योजना का क्रियान्वयन किया जा रहा है।

राम मय हुआ दरभंगा...



दरभंगा में रामनवमी जुलूस का जायजा लेते डीएम एसएसपी एवं अन्य।

कुशेश्वरस्थान में दुर्गा पूजा में आर्केस्ट्रा देखकर लौट रहे थे लड़कों का अन्य गुट से हुआ विवाद

# युवक की चाकू घोंपकर हत्या एक अन्य की हालत चिंताजनक

**कुशेश्वरस्थान (एनएसबी)।** प्रखंड क्षेत्र के नदियामी गांव में चैती दुर्गा पूजा के अवसर पर एक सांस्कृतिक कार्यक्रम आर्केस्ट्रा का आयोजन किया गया था। प्राप्त जानकारी के अनुसार महरी गांव निवासी मंगनी तांती का 20 वर्षीय पुत्र मिथलेश तांती और उसी गांव के रामदेव तांती का 32 वर्षीय पुत्र संतोष कुमार तातीं दोनों गुरुवार की देर रात करीब 3 बजे आर्केस्ट्रा देखकर घर लौट रहे थे, इसी दौरान किसी बात पर उनका कुछ अन्य युवकों से विवाद हो गया।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार मामूली कहा सुनी ने देखते ही देखते एक हिंसक झड़प का रूप ले लिया। इसी बीच एक युवक ने गुस्से में आकर चाकू निकाल लिया और दोनों पर ताबड़तोड़ हमला कर दिया। इस हमले में मिथिलेश तांती की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि संतोष कुमार तांती गंभीर रूप से घायल होकर जमीन पर गिर पड़ा घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए।चीख पुकार सुनकर आसपास के लोग इकट्ठा हुए और पुलिस को सूचना दी। घायल संतोष को तुरंत सुपौल बाजार के एक निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर हालत को देखते हुए उसे डीएमसीएच रेफर कर दिया गया। वहीं घटना की खबर फैलते ही गांव में तनाव का माहौल बन गया है।

स्थिति को गंभीरता से लेते हुए बिरौल के एसडीपीओ प्रभाकर तिवारी के नेतृत्व में भारी पुलिस बल मौके पर पहुंचा। बिरौल एसडीपीओ प्रभाकर तिवारी ने बताया कि मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। उन्होंने पुष्टि करते हुए कहा की मुख्य आरोपी की पहचान कर ली गई है और उसका पुराना आपराधिक इतिहास रहा है। आरोपी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की कई टीमें लगातार छापामारी कर रही है। वहीं थाना अध्यक्ष गौरव कुमार ने बताया कि कुछ संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ कि जा रही है, जल्द ही मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। मृतक चौकीदार का चचेरा भाई था।

## संक्षिप्त खबरें

### घर में घुसकर किया हमला, तीन जख्मी

**सिंहवाड़ा (एनएसबी)।** सिमरी थानाक्षेत्र के बिरदीपुर गांव में उपद्रवियों ने घर में घुसकर जानलेवा हमला कर दिया, जिसमें तीन लोग गंभीर रूप से जख्मी हो गये। बदमाशों ने मो सलाउद्दीन के धर पर टेंगारी, लोहे के रॉड से हमला किया। घटना में जख्मी महिला रजीना खातुन ने मो सगीर अहमद उर्फ मुजफ्फर हुसैन व उनके पुत्र मिनहाज, मो नाज, मो मंजर, मो छोटे, मोदलान, सदरे आलम, सफुरा खातुन सहित गांव के पांच छह अज्ञात के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है। उसने कहा है कि एक राय व योजनाबद्ध होकर सभी अचानक लाठी, डंडा, क्रीच व टेंगारी रॉड से दो बजे दिन में मेरे बिरदीपुर चौक स्थित घर में प्रवेश कर जान लेवा हमला कर लहूलुहान कर दिया। सभी ने पथराव कर लूटपाट किया। घर में घुसकर छेड़खानी करने एवं सामान लूटने के भी आरोप लगाए गए हैं। सिमरी थानाध्यक्ष अरविंद कुमार ने बताया कि मामले का अनुसंधान किया जा रहा है।

### सिधौली पंचायत अंतर्गत शुभेपट्टी ग्राम में हुई राम जानकी मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा संग रामकथा आयोजित

**हायाघाट (एनएसबी)।** रामनवमी के शुभ अवसर पर प्रखंड क्षेत्र के सिधौली पंचायत अंतर्गत शुभेपट्टी ग्राम में ठाकुरबाड़ी प्रांगण अवस्थित नवनिर्मित



मंदिर में राम जानकी मूर्ति के प्राण प्रतिष्ठा का आयोजन शुक्रवार को किया गया। उक्त अवसर पर ग्रामीणों द्वारा सीताराम नाम जप का 24 घंटे का अष्टयाम कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। इस दौरान पूजा स्थल पर विशाल भंडारा व प्रसाद वितरण की उचित व्यवस्था देखी गई।उक्त अवसर पर सात दिवसीय रामकथा आयोजित की गई है जिसमें वृंदावन से पधारे कथावाचक कृपा शंकर जी महाराज द्वारा कथावाचन किया जाएगा जिसकी शुरूआत कल 28मार्च से संध्याकालीन आरंभ होगी। शनिवार के प्रातःकाल कलश शोभा यात्रा का आयोजन भी किया गया है ।

# भरवाड़ा नगर पंचायत में रामनवमी पर निकला भव्य जुलूस व झांकी

नव संदेश ब्यूरो

**सिंहवाड़ा।** भरवाड़ा नगर पंचायत में राम जानकी मंदिर परिसर से शुक्रवार को रामनवमी के अवसर विश्व हिन्दू परिषद सह बजरंग दल ने भव्य झांकी के साथ जुलूस निकाली। जुलूस हाथो मे भगवा ध्वज, तिरंगा झंडा, परंपरागत हथियार लाठी, भाला, तलवार के साथ जय श्री राम, जय बजरंगबली, भारत माता की जय के जयकारे लगा रहे थे। इस अवसर पर बडी संख्या मे इलाके के श्रद्धालु घोडा,बाजे गाजे के साथ नारे लगा रहे थे। पिंटू गुप्ता बजरंग दल के नेतृत्व मे शोभा यात्रा निकाली गई। रंधीर कुमार मुन्ना, हरिओम शंकर गुप्ता, मुकेश महतो, सुमन यादव, प्रशांत कुमार भारती आदि मौजूद थे। शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिए थानाध्यक्ष बसंत कुमार पुअनि विक्रांत कुमार, दिलीप कुमार, कमलेश मिश्रा संभाले हुए थे। जगह जगह पुलिस बल एवं महिला पुलिस बल की तैनाती की गई थी। इस अवसर पर मुख्य पार्षद सुनील कुमार भारती,उप मुख्य पार्षद अवधेश साह, पुर्व मुखिया शंभू ठाकुर, नन्द किशोर प्रसाद, पार्षद सूरज गुप्ता सहित मौके पर दोनो समुदाय के शांति समिति सदस्य मौजूद थे।



जुलूस में मौजूद बीडीओ, थानाध्यक्ष सहित शांति समिति सदस्य एवं अन्य।

### भरवाड़ा मोहर्रम कमिटी ने किया रामभक्तों का स्वागत

**सिंहवाड़ा (एनएसबी)।** भरवाड़ा नगर पंचायत स्थित श्रीराम जानकी मंदिर परिसर से शुक्रवार को रामनवमी जुलूस में बाजे गाजे के साथ निकले राम भक्तों का रजा चौक पर मोहर्रम कमिटी के लोगों ने भव्य स्वागत किया।

मुखिया संघ के संरक्षक अहमद अली तम्मने, मो चान्द, अधिवक्ता मो सोवान, इजहार आलम मुन्ना, वार्ड पार्षद खेसाल अहमद आदि के नेतृत्व में मोहर्रम कमिटी के सदस्यों ने जूलूस में चल रहे राम भक्तों को कोल्ड ड्रिंक एवं बोतल बंद पानी देकर सेवा की। शमीम खान वार्ड पार्षद नौशाद, मो अयुब आदि ने राम भक्तों को फूल भेंट की । राम भजन पर थिरक रहे श्रद्धालुओं से गले मिलकर मोहर्रम कमिटी के लोगों ने रामनवमी की शुभकामनायें दी। इस मनोरम दृश्य एवं सामाजिक एकता की की झलक देखकर जुलूस देख रहे श्रद्धालुओं ने ताली बजाकर स्वागत किया। मौके पर मौजूद जिला सीआई कुमार गौरव, बीडीओ बिक्रम भास्कर सहित नगर पंचायत कार्यपालक अधिकारी दिनेश दयाल लाल एवं अन्य अधिकारियों ने इसे भारतीय संस्कृति की झलक बताया। जय श्रीराम एवं भारत माता की जयकारे से अतरवेल भरवाड़ा पथ गुंजयमान हो रहा था।

## मोदी के नेतृत्व में पेट्रोल-डीजल पर बड़ी राहत, धर्मशीला गुप्ता ने किया स्वागत

**दरभंगा (एनएसबी)।** प्रधानमंत्री के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने आम जनता को राहत देते हुए पेट्रोल और डीजल पर केंद्रीय उत्पाद शुल्क में 10 रुपया प्रति लीटर की कटौती की है। पश्चिम एशिया में जारी संकट और अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव के बीच लिया गया यह फैसला उपभोक्ताओं को सीधे तौर पर राहत देने वाला माना जा रहा है।इस निर्णय पर प्रतिक्रिया देते हुए बिहार भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद डॉ. धर्मशीला गुप्ता ने कहा कि केंद्र सरकार हमेशा आम नागरिकों के हितों को सर्वोपरि रखती है। उन्होंने कहा कि पेट्रोल-डीजल की कीमतों में कटौती से जहां आम लोगों को राहत मिलेगी, वहीं महंगाई पर भी नियंत्रण में मदद मिलेगी। उन्होंने आगे कहा कि सरकार द्वारा डीजल के निर्यात पर 21.5 रुपया प्रति लीटर और विमानन टरबाइन ईंधन पर रुपया 29.5 प्रति लीटर का शुल्क लगाने का फैसला भी दूरदर्शी है, जिससे घरेलू बाजार में इन उत्पादों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित होगी।डॉ. गुप्ता ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में केंद्र सरकार हर परिस्थिति में देशवासियों के हित में ठोस और प्रभावी निर्णय ले रही है।



## रामनवमी पर हरियठ में उमड़ा आस्था का सैलाब

**अलीनगर (एनएसबी)।** प्रखंड क्षेत्र के हरियठ गांव स्थित बाबा रामेश्वरनाथ महादेव मंदिर में रामनवमी के पावन अवसर पर भक्ति और आस्था का अद्भुत संगम देखने को मिला। इस मौके पर करीब 500 कांवरियों ने श्रद्धा और उल्लास के साथ भगवान शिव का जलाभिषेक किया, जिससे पूरा मंदिर परिसर भक्तिमय माहौल में डूब गया।कांवरियों ने सिमरिया घाट स्थित गंगा नदी से पवित्र जल भरकर अपनी यात्रा शुरू की। पूर्व संध्या पर सभी श्रद्धालु अंदौली गांव स्थित महादेव मंदिर परिसर में पहुंचे, जहां उन्होंने रात्रि विश्राम किया। इसके बाद शुक्रवार की सुबह गाजे-बाजे और जयकारों के साथ कांवर यात्रा हरियठ गांव की ओर प्रस्थान की। मंदिर पहुंचकर श्रद्धालुओं ने विधि-विधान से बाबा रामेश्वरनाथ का जलाभिषेक किया। इस धार्मिक आयोजन को लेकर सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए थे। अलीनगर थाना की पुलिस टीम पूरे मार्ग और मंदिर परिसर में मुस्तैदी से तैनात रही। थानाध्यक्ष रंजीत शर्मा ने बताया कि कांवरियों की यात्रा एवं जलाभिषेक कार्यक्रम पूरी तरह शांतिपूर्ण और व्यवस्थित तरीके से संपन्न हुआ। उन्होंने यह भी बताया कि अंदौली गांव से ही पुलिस बल की तैनाती कर दी गई थी, ताकि किसी प्रकार की असुविधा न हो। इस अवसर पर पूजा अध्यक्ष जामुन मुखिया, भाजपा पूर्वी मंडल अध्यक्ष लाल मुखिया, मदन शाहू, छेदी मुखिया, मोहन मुखिया, राघव कुमार शाह सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण और श्रद्धालु मौजूद रहे।

**500 कांवरियों ने बाबा रामेश्वरनाथ महादेव मंदिर में किया जलाभिषेक**

वाणेश्वरी भगवती स्थान में चैत नवरात्र के नवमी तिथि को गंगाजल से जलाभिषेक की है परंपरा

# जलाभिषेक कर वाणेश्वरी मैया का लगाया जयकारा

**मनिगाछी (एनएसबी)।** जिले में चैत नवरात्रि और रामनवमी का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। जगह-जगह बजरंगी पताका ध्वजारोहण के साथ भगवती मंदिरों और पूजा पंडालों में मां दुर्गा की पूजा-अर्चना, हवनादि किया गया। मिथिला सिद्धपीठ के रूप में प्रख्यात मनीगाछी के भंडारिसम स्थित वाणेश्वरी भगवती स्थान में बेगूसराय के सिमरिया से गंगाजल लेकर पहुंचे कावरियों के जत्थे ने जलाभिषेक किया।

इस दौरान पूरा परिसर भक्तों के बोलबम और जय माता दी के जयकारों से गूंज उठा। ढ़ोल-नगाड़ों की आवाज और कावरियों की पूजा से माहौल आस्थामय बना रहा। कावरिया पंकज कुमार मिश्र, चंदन कुमार मिश्र, गुलाब झा, अजय कुमार, संजीव कुमार, मोहन झा, रवि मुखिया, राजू कुमार, शैलेश मुखिया, दुखन मुखिया, रविंद्र कुमार, नागेंद्र झा, संजय मुखिया आदि ने बताया कि चैत नवरात्र के नवमी तिथि को मैया गंगाजल से जलाभिषेक की पुरानी परंपरा है। इसका निर्वहन वर्तमान में भी गांव के युवाओं की टोली कर रही है। उन्होंने बताया कि मैया की आस्था और कृपा से कष्टकारी पैदल यात्रा में भी वेदना के बदले आनंद का अनुभव होता है। इस वजह से हर वर्ष कावरियों की तादाद बढ़ रही है।



जलाभिषेक करते श्रद्धालू ।


## माँ श्यामा मंदिर न्यास समिति, दरभंगा

अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0-03 / 2026

माँ श्यामा मंदिर न्यास समिति हेतु निम्न सामग्री क्रय / सेवा की आवश्यकता है.
1. आठ सेट का कैमरा सीसीटीवी (डी.भी.आर., एन.भी.आर, हाई रेजुलेशन कैमरा) अधिष्ठापन एवं एक वर्ष तक रख रखाव, 2. लाइव प्रसारण हेतु 08 एवं 12 फीट का स्क्रीन सेटअप अधिष्ठापन सहित एक वर्ष मेंटेनेंस 3. डेढ़ टन का एयर कंडीशन स्टेबलाइजर सहित अधिष्ठापन 4. कर्मचारियों का आई कार्ड (प्लास्टिक कोटेड (4x6) 5, लॉकर अनुरूप 20 लाकर, जो आलमीरा की शेप में हो, मूवेबल हो 16 गेज स्टील चादर से निर्मित 6, रैलिंग का शीशा ईंचिंग सहित प्रति फीट (शीशा की मोटाई अंकित करें, 7. आधुनिक इनवर्टर जो पांच के.वी.ए. का पावर संग 36 लिथियम बैटरी सहित अधिष्ठापन, 8. सफाई हेतु मैन्युअल स्वीपर क्लीनर 24 इंच का 9. दरभंगा गौशाला हेतु भूसा, 10. फायर सुरक्षा, 11. अंडरग्राउंड इलेक्ट्रिक वायरिंग 12. चिकित्सालय हेतु सामग्री क्रय, 13. मोबाइल नेटवर्किंग 20 मोबाइल का आपसी निशुल्क वार्ता हेतु नेटवर्किंग सहित मोबाइल, 14. मंदिर परिसर, सभी भवन का कमरा, सभी शौचालय की सफाई सामग्री एवं उपकरण सहित सेवा, 15. सुरक्षा गार्ड, 16. श्यामा भोग (लड्डु) निर्माण निर्धारित नियमानुसार 17. नौका बिहार सेवा निर्धारित नियमानुसार, 18. श्यामा थाली, निर्धारित नियमानुसार.

उपरोक्त सामग्री क्रय/सेवा हेतु माँ श्यामा मंदिर न्यास समिति को नीचे दिये गये निम्न सामग्री, सेवा की आवश्यकता है इस हेतु विभिन्न फर्म, सेवारत संस्था, व्यक्ति से द्वि-लिफाफा पद्धति के माध्यम से निविदा दिनांक 30.03.2026, द्वितीय तिथि 08.04.2026 एवं तृतीय तिथि 13.04.2026 तक आमंत्रित की जाती है. विस्तृत विवरण माँ श्यामा मंदिर न्यास समिति कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है या माँ श्यामा मंदिर न्यास समिति के वेबसाईट https://maashyamamandir.com से जानकरी प्राप्त की जा सकती है.

मधुबाला सिन्हा (प्रभारी सह सचिव)


# हनुमान जी से मिलन ही राम से मिलन का आधार : नंदजी महाराज

**सझुआर महावीर जी मंदिर में श्री राम कथा का विश्राम दिवस भक्तिमय रहा**

**बेनीपुर (एनएसबी)।** प्रखंड के सझुआर गांव स्थित महावीर जी मंदिर परिसर में चल रही श्री राम कथा के विश्राम दिवस पर कथा वाचक नंद जी महराज ने सुग्रीव और राम की मित्रता पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि हनुमान जी से मिलन ही राम से मिलन का आधार है, लेकिन हनुमान जी तभी प्रसन्न होते हैं जब व्यक्ति जीवन में राम नाम रूपी औषधि का सेवन करता है।

कथा में राम-रावण युद्ध की लीलाओं का विस्तृत वर्णन किया गया, जिसमें राम सेतु निर्माण और रामेश्वरम स्थापना शामिल रहीं। राम-रावण वध संवाद पर चर्चा करते हुए महराज जी ने बताया कि रावण को वाण लगने पर वह 'राम-राम' करते हुए धरा पर गिरा। रावण ने पूछा, "हे राम! कुल, राज्य सबमें मैं बड़ा था, फिर हार क्यों गया?" श्री राम ने उत्तर दिया, "कारण एक ही है—तुमने अपने भाई को लात मारी, मैंने अपने भाई को गले लगाया।" अंत में, सझुआर के श्रोताओं और आयोजकों को अपार प्रेम के लिए साधुवाद दिया।

वहीं पूर्वी महिला मोर्चा की जिला महामंत्री विजयलक्ष्मी देवी के नेतृत्व में विशेष पूजन और प्रसाद वितरण कार्यक्रम आयोजित हुआ। इसमें जिला अध्यक्ष व प्रदेश कार्यसमिति सदस्य निभा देवी भी प्रभु श्री चरणों में उपस्थित रहीं। भगवान श्री राम और हनुमान जी की विधिवत आरती व संकट मोचन हनुमान मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना हुई। मंदिर परिसर "जय श्री राम" व "वीर हनुमान की जय" के नारों से गूंज उठा।महिला मोर्चा ने विश्व शांति व जनकल्याण के लिए सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ किया। पूजन के बाद श्रद्धालुओं में पारंपरिक प्रसाद वितरित किया गया। स्थानीय महिलाओं ने भजन-कीर्तन से भक्तिमय माहौल बनाया। निभा देवी ने कहा, "मयार्दा पुरुषोत्तम श्री राम का जीवन हम सबके लिए प्रेरणा है।" मंदिर पुजारी व भक्तों को रामनवमी की शुभकामनाएं दीं।

## संक्षिप्त खबरें

### अगले 48 घंटों में गरज-चमक और तेज हवा के साथ हो सकती है बारिश

**समस्तीपुर (एनएसबी)।** जिले के डॉ. राजेन्द्र प्रसाद केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय पूसा स्थित ग्रामीण कृषि मौसम सेवा एवं भारत मौसम विज्ञान विभाग के सहयोग से विश्वविद्यालय के जलवायु परिवर्तन पर उच्च अध्ययन केंद्र द्वारा जारी आगामी 01 अप्रैल, 2026 तक के मौसम पूर्वानुमान के अनुसार पूर्वानुमान की अवधि के दौरान उत्तर बिहार के जिलों में आसमान में बादल छाए रहने की संभावना है। 28 मार्च से अगले 48 घंटों के भीतर कुछ स्थानों पर गरज-चमक के साथ बादल बन सकते हैं जिसके कारण वर्षा होने का अनुमान है। इस अवधि में कहीं-कहीं तेज हवाओं के साथ ओलावृष्टि हो सकती है, तथा कुछ क्षेत्रों में आकाशीय बिजली गिरने की भी आशंका है। इस अवधि में अधिकतम तापमान 31 से 35 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने का अनुमान है। जबकि न्यूनतम तापमान 19 से 21 डिग्री सेल्सियस के आस-पास रह सकता है। पूर्वानुमानित अवधि में औसतन 8 से 10 कि०मी० प्रति घंटा की रफ्तार से पुरवा हवा चल सकती है। वर्षा के दौरान तेज हवा चलने की सम्भावना है। सापेक्ष आर्द्रता सुबह में 60 से 70 प्रतिशत तथा दोपहर में 25 से 30 प्रतिशत रहने की संभावना है।

### दस हजार बकरों की दी गई बलि

**मोरवा (एनएसबी)।** राजकीय रामनवमी मेला बाबा केवल धाम में गुरुवार होने के कारण कल जहां बलि प्रदान का काम नहीं के बराबर हुआ। वहीं शुक्रवार को समाचार प्रेषण तक 10 हजार से अधिक बकरों की बलि दी जा चुकी थी। श्रद्धालुओं की भारी भीड़ के होने के कारण अव्यवस्था फैली और बिना कूपन कटाये ही बकरों की बलि देना शुरू कर दिया। श्रद्धालुओं की व्यापक भीड़ से मेला समिति के सदस्य भी पूरी तरह अस्त व्यस्त दिखे।

### निषाद जाति के विकास के लिए तत्पर है मछुआ आयोग : ललन चौधरी

**मोरवा (एनएसबी)।** निषाद जाति के विकास के लिए मछुआ आयोग पूरी तरह तत्पर है। मछुआ आयोग के प्रदेश अध्यक्ष ललन चौधरी ने राजकीय मेला बाबा केवल स्थान में पूजा अर्चना के बाद कार्यकताओं को संबोधित करते हुए उक्त बातें कही। अपने संबोधन में श्री चौधरी ने बताया कि, जलकर की सुव्यवस्था के साथ ही निषाद जाति के समस्याओं का समुचित समाधान किया जाएगा। इस दौरान पूर्व मंत्री एवं रामनवमी मेला समिति के अध्यक्ष रामाश्रय सहनी तथा उमेश सहनी ने मछुआ आयोग के अध्यक्ष को निषाद समुदाय की समस्याओं से अवगत कराया। रामाश्रय सहनी के द्वारा डीएफओ के क्रियाकलाप से असंतोष व्यक्त करते हुए मछुआ आयोग के अध्यक्ष से इस समस्या के निदान के लिए अपील की। मौके पर मेला समिति के सचिव उमेश कुमार सहनी, पूर्व मुखिया राम लगन सहनी, धर्मराज सहनी, धर्मेन्द्र कुमार, सनोज सहनी सहित दर्जनों कार्यकर्ता एवं श्रद्धालु उपस्थित थे।

### 19 जून को 51 कन्याओं का होगा आदर्श सामूहिक विवाह : डॉ. संजय प्रसाद

**समस्तीपुर (एनएसबी)।** आगामी 19 जून 2026 को बाजिदपुर में 51 कन्याओं का आदर्श सामूहिक विवाह महोत्सव आयोजित किया जाएगा। जिले के पूसा प्रखंड के पंचरुखी स्थित वैभव मार्केट में प्रगति बाल विकास योजना के सौजन्य से आयोजित प्रेस वार्ता में समाजसेवी डॉ. संजय प्रसाद ने उक्त जानकारी दी। इस दौरान उन्होंने बताया कि इस सामूहिक विवाह के लिए निःशुल्क रजिस्ट्रेशन जारी है। अब तक 27 कन्याओं का पंजीकरण हो चुका है, जबकि शेष कन्याओं का रजिस्ट्रेशन होना बाकी है। उन्होंने कहा कि यदि गरीब, असहाय एवं जरूरतमंद परिवारों की संख्या बढ़ती है, तो उस पर भी विचार किया जाएगा। डॉ. संजय प्रसाद ने बताया कि कार्यक्रम की तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। 17 जून 2026 को वर-वधु के लिए सामग्री वितरण किया जाएगा, जबकि 18 जून को हल्दी, मेहंदी एवं पूजा-मटकोर की रस्में निभाई जाएंगी। 19 जून को बाजिदपुर में वैदिक रीति से विवाह समारोह संपन्न कराया जाएगा। मौके पर चंद्र प्रकाश, सचिव आर.के. कुशवाहा, मनोज कुमार सिंह, रविन्द्र कुमार, चंदन कुमार समेत कई लोग मौजूद थे।

### नदी में स्नान के दौरान डूबने से युवक की मौत, परिजनों में मचा कोहराम

**समस्तीपुर कार्यालय (एनएसबी)।** जिले के कल्याणपुर प्रखंड क्षेत्र से गुजरने वाली बूढ़ी गंडक नदी में स्नान करने के दौरान एक युवक की डूबने से मौत हो गई। घटना के बाद मृतक के घर में मातम का माहौल है। मृत युवक की पहचान अकबरपुर गांव के वार्ड संख्या 11 निवासी रामानंद सहनी के 35 वर्षीय पुत्र संजीत कुमार सहनी के रूप में की गई है। बताया जाता है कि शुक्रवार दोपहर संजीत कुमार सहनी नदी में स्नान करने गए थे। इसी दौरान वह गहरे पानी में चले गए, जिससे उनकी मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलने के बाद स्थानीय गोताखोरों की मदद से काफी खोजबीन के बाद शव को नदी से बाहर निकाला गया। सूचना पर पहुंचे स्थानीय थाने के दरोगा अभिजीत कुमार ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। अंचलाधिकारी शशि रंजन ने घटना की पुष्टि की है।

### साइकिल सवार को ट्रक ने मारी ठोकर, गंभीर हालत में रेफर

**समस्तीपुर कार्यालय (एनएसबी)।** जिले के कल्याणपुर प्रखंड क्षेत्र में सड़क दुर्घटना में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना समस्तीपुर-दरभंगा मुख्य सड़क पर भारती चौक के पास हुई। इस बाबत मिली जानकारी के अनुसार चकहैदर गांव निवासी एक युवक राम प्रवेश सहनी अपनी साइकिल से भट्ठी चौक घरेलू कार्य से गए थे। इसी दौरान तेज रफ्तार ट्रक ने उन्हें ठोकर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने पुलिस के सहयोग से जख्मी युवक को इलाज के लिए सामुदायिक अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए दरभंगा रेफर कर दिया। घायल युवक की पहचान लालदेव सहनी के 25 वर्षीय पुत्र राम प्रवेश सहनी के रूप में की गई है। वहीं, स्थानीय पुलिस ने दुर्घटना में शामिल ट्रक को जब्त कर लिया है। बताया गया कि ट्रक चालक घटना के बाद मौके से फरार हो गया। थानाध्यक्ष रणवीर कुमार राउत ने बताया कि घायल पक्ष की ओर से आवेदन मिलने पर प्राथमिकी दर्ज की जाएगी।

### मारपीट में चार लोग घायल, तीन की हालत गंभीर

**समस्तीपुर/एनएसबी।** जिले के कल्याणपुर प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न गांवों में आपसी विवाद को लेकर हुई मारपीट की अलग-अलग घटनाओं में चार लोग घायल हो गए। सभी घायलों को इलाज के लिए सामुदायिक अस्पताल में भर्ती कराया गया। चिकित्सकों ने इनमें से तीन घायलों की हालत गंभीर देखते हुए उन्हें बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल रेफर कर दिया। घायलों में बख्तियारपुर गांव निवासी ललित कुमार की पत्नी सोनी कुमारी, डढ़िया गांव की 39 वर्षीय अंजू कुमारी तथा चकमेहसी की 35 वर्षीय गुलशन खातून शामिल हैं, जिन्हें सदर अस्पताल भेजा गया है। वहीं दूसरी ओर जितवरिया गांव निवासी मनीष कुमार की पत्नी 26 वर्षीय ज्योति कुमारी का इलाज सामुदायिक अस्पताल में चल रहा है। पुलिस मामले की छानबीन में जुटी हुई है।

### आग लगने पर बचाव के उपाय बताए गए, लोगों को किया जागरूक

**समस्तीपुर कार्यालय (एनएसबी)।** शुक्रवार को अनुमंडल अग्निशामालय, समस्तीपुर क्षेत्रांतर्गत अग्नि सुरक्षा जनजागरूकता अभियान चलाया गया। इस अभियान का नेतृत्व अनुमंडल अग्निशामालय पदाधिकारी ने किया। इस दौरान अग्निशमन पदाधिकारियों, कर्मियों एवं अग्निशमन वाहनों मिस्ट टेक्नोलॉजी एवं वाटर टेंडर के साथ प्रभात फेरी एवं जागरूकता रैली के माध्यम से लोगों को सामान्य आग, बिजली के शॉर्ट सर्किट, गैस सिलेंडर, चूल्हे की आग तथा खेत-खलिहान में लगने वाली आग से बचाव के उपाय बताए गए। साथ ही लोगों से अपील की गई कि जलती हुई बीड़ी-सिगरेट इधर-उधर न फेंकें, क्योंकि इससे आग लगने की संभावना बढ़ जाती है। साथ ही अधिकारियों ने लोगों को आग लगने की स्थिति में तुरंत डायल 101 या 112 पर सूचना देने की भी जानकारी दी।

# मृदा संरक्षण के साथ फसल उत्पादन में वृद्धि का उपयोगी विकल्प हैं हमारे उत्पाद : संतोष झा

## शिव शक्ति एग्रीटेक ने किया किसान सम्मेलन का आयोजन




**ओईनी (एनएसबी)।** शिवशक्ति एग्रीटेक के बैनर तले ढोली के रैनी एवं दरभंगा के सोनकी में किसान जागरूकता कार्यक्रम के तहत किसान सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें किसानो को मखाना की खेती, ऑर्गेनिक खेती एवं विकसित कृषि प्रणाली के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। रीजनल सेल्स मैनेजर संतोष कुमार झा ने संवाददाता से बातचीत की क्रम में उक्त जानकारी देते हुए बताया कि, ढोली सब्जी उत्पादक बहुल क्षेत्र है, वहां के किसानों को कम लागत में अधिक पैदावार प्राप्त करने एवं फसल में हो रहे रोग से बचने कीट एवं व्याधि नियंत्रण की जानकारी दी गई। श्री झा ने बताया कि, शिव शक्ति एग्रीटेक के जैविक उत्पाद, फसल संरक्षण, कीटझ्व्याधि नियंत्रण और उत्पादन वृद्धि में सक्षम हैं। इस दौरान किसानों को बताया गया कि, अंधाधुंध रसायनों और उर्वरक के प्रयोग से मृदा की उर्वरक क्षमता काफी कम हो गई है। ऐसे में वैज्ञानिक फसल चक्र सहित पारंपरिक खेती और जैविक खेती अपनाने की सलाह देते हैं। क्रमबद्ध एवं वैज्ञानिक तरीके से जैविक कृषि की ओर बढ़ना समय की मांग है। श्री झा ने कहा कि, मृदा संरक्षण के साथ फसल उत्पादन में वृद्धि मौजूदा हालात में किसी चुनौती से कम नहीं। इन हालातों से निपटने में शिव शक्ति एग्रीटेक के उत्पाद बेहद उपयोगी व कारगर हैं। वहीं सोनकी में मखाना उत्पादक किसानों का बाहुल्य है। इसलिए किसानों को उच्च गुणवत्ता वाले बीजों का चयन, कीटझ्व्याधि प्रबंधन आदि केलिए जागरूक किया गया। इस अवसर पर कंपनी के सर्विस अधिकारी सुजीत सिंह, रितेश कुमार, दीपक राउत, दिलीप पाल, संतोष राउत इत्यादि मौजूद थे। इस दौरान उत्पादन वृद्धि के प्रति किसानों में व्यापक उत्सुकता देखी गई। जिसमें किसानों ने शिव शक्ति के उत्पादों के प्रति आशंकाओं और इसके उपयोग को लेकर जानकारी प्राप्त की।

# पुलिस कर्मी को आई झपकी और महिला बंदी फरार




**दलसिंहसराय नगर (एनएसबी)।** सतर्कता हटी घटना घटी वाली कहावत एक बार फिर दलसिंहसराय नगर थाना में साकार हो गया, जब वहां से एक महिला बंदी के फरार होने का सनसनीखेज मामला प्रकाश में आया।महिला के भाग जाने का पता लगते ही पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। इस बाबत मिली जानकारी के मुताबिक गुरुवार देर रात तैनात महिला सुरक्षा कर्मी को नींद आ गई, इस बीच मौके का फायदा उठाते हुए महिला बंदी पुलिस को चकमा दे कर थाने से फरार हो गई। इस संदर्भ में डीएसपी विवेक कुमार शर्मा ने बताया कि, क्वेटा गांव निवासी भागीरथी देवी की पुत्री रितु कुमारी के आवेदन पर दलसिंहसराय थाना कांड संख्या 170/26 दर्ज किया गया था। इसी मामले में उमेश राय की पत्नी को पूछताछ के लिए थाना लाया गया था। उसे महिला पुलिसकर्मियों की निगरानी में रखा गया था। बताया जा रहा है कि रात के समय ड्यूटी पर तैनात महिला पुलिसकर्मी को नींद आ गई और इसी दौरान बंदी चुपके से फरार हो गई। ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों से पूछताछ की जा रही है। उधर, सूचना मिलते ही पुलिस ने आसपास के इलाकों में छापेमारी शुरू कर दी है। फरार महिला के संभावित ठिकानों पर दबिश दी जा रही है। समाचार प्रेषण तक फरार महिला का कोई सुराग नहीं मिल सका है। डीएसपी ने बताया कि लापरवाही बरतने वाले पुलिसकर्मियों की जांच की जा रही है और दोषियों पर सख्त कार्रवाई होगी। फरार महिला की गिरफ्तारी के लिए विशेष टीम का गठन किया गया है। गौरतलब है कि इससे पहले भी नगर थाना में इस तरह की घटनाएं सामने आती रही हैं। जिससे पुलिस की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े हो रहे हैं। सबसे बड़ा सवाल यह है कि महिला को महिला हाजत में रखने के बजाय पुलिस बैरक में क्यों रखा गया।

# पंडित डॉ. विजय कपूर को कौस्तुभ रत्न सम्मान



**दलसिंहसराय नगर (एनएसबी)।** दलसिंहसराय प्रखंड के मथुरापुर निवासी प्रख्यात संगीतज्ञ गायक पंडित डॉ. विजय कपूर को संगीत संकाय बीएचयू में कौस्तुभ रत्न सम्मान से नवाजा गया है। संगीत जगत में विशिष्ट योगदान के लिए यह सम्मान आयोजन समिति के द्वारा प्रदान किया गया है। संकाय प्रमुख प्रो. संगीता पंडित ने यह सम्मान पंडित विजय कपूर को प्रदान किया। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार से सम्मानित आकाशवाणी के टॉप ग्रेड कलाकार काशी रत्न सम्मान से सम्मानित डॉ. कपूर विभिन्न मंचों से कई सम्मान से सम्मानित हो चुके हैं। यह दलसिंहसराय के लिए गौरव की बात है। इन्हें यह सम्मान मिलने पर साहित्यकार सीताराम शेरपुरी ने कहा कि संगीत के क्षेत्र के विभूति डॉ.विजय कपूर को कौस्तुभ रत्न सम्मान से सम्मानित होने पर संपूर्ण जनपद के लोगों ने हर्ष व्यक्त किया। संगीत की साधना में विगत 36 वर्षों से डॉ.कपूर लगे हुए हैं। उन्हें सम्मानित होने पर डॉ. लक्ष्मण त्रिवेदी, विजयवंत चौधरी, जयंत चौधरी, युवा साहित्यकार मिन्टू झा, डॉ.रजनीश डॉ. इंद्रदेव चौधरी, धनंजय कुशवाहा, अमित ईश्वर, डॉ.रामकुमार चौधरी सहित अन्य ने बधाई दी।

# बाबा केवल धाम इंद्रवाड़ा का होगा अभूतपूर्व विकास : मुकेश सहनी



**मोरवा (एनएसबी)।** राजकीय रामनवमी मेला बाबा केवल धाम का और भी अभूतपूर्व विकास होगा। बिहार सरकार के पूर्व मंत्री सह विकाससील इंसान पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मुकेश सहनी ने अपने संबोधन में उक्त बातें कहीं। राजकीय रामनवमी मेला बाबा केवल धाम इंद्रवाड़ा पहुंचे श्री सहनी ने बाबा केवल महाराज की पूजा अर्चना कर विश्व शांति की मंगल कामना की। इस दौरान उन्होंने उपस्थित जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि, वर्ष 2028 तक इस मेले का स्वरूप और भी भव्य एवं आकर्षक होगा। इसके लिए जो भी आवश्यक होगा, हम हर संभव प्रयास करेंगे। श्री सहनी ने कहा कि, बाबा केवल के रास्ते पर चलकर हैं मानव जीवन का सच्चा विकास होगा। उन्होंने शिक्षा के महत्व को रेखांकित करते हुए आह्वान किया कि एक रोटी कम खाइए लेकिन अपने बच्चों को पढ़ाइए। तभी वे बाबा केवल महाराज के आदर्शों को जीवन में अपना कर और पढ़ लिखकर आगे बढ़ सकेंगे और तभी निषाद समुदाय का आशातीत विकास हो सकेगा। इस अवसर पर पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष संतोष सहनी, छात्र राष्ट्रीय अध्यक्ष चंदन सहनी, बिहार सरकार के भूतपूर्व मंत्री रामाश्रय सहनी, मुकेश सहनी,पुष्पा सहनी,उमेश सहनी, सनोज सहनी, वीआईपी जिला अध्यक्ष आदर्श कुमार पिंटू, एनवीएस जिला अध्यक्ष अजय सहनी, सनोज सहनी, राजू सहनी, संजय सहनी, संतोष चौधरी, रंजीत सहनी, इंद्रजीत सहनी, मानतेश पासवान, रौशन सहनी, अंचल सहनी, बीपत सहनी सहित आईटी सेल के सभी नेता एवं मेला कमिटी के सदस्य उपस्थित थे।

# रामनवमी पर विद्यापतिधाम मंदिर में श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़, सैकड़ो लोगों ने कार्य मुंडन आदि विभिन्न संस्कार


मुंडन संस्कार में शामिल लोग।।

**विद्यापतिनगर (एनएसबी)।** चैत नवरात्र के अंतिम दिन शुक्रवार को रामनवमी पर्व हर्षोल्लास के वातावरण में धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर सुबह से ही हनुमान मंदिरों एवं देवस्थलों में पूजा-अर्चना के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ लगी थी। दोपहर में हर्षोल्लास के वातावरण में जय हनुमान, बजरंगबली की जय, पवन सूत हनुमान की जय एवं भगवान राम की जाय के जयघोष के साथ महावीरी पताका का ध्वजारोहण किया गया। श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद वितरण किया गया। अधिकांश हनुमान मंदिरों में रात्रि में रामायण पाठ, भजन-कीर्तन एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। साथ ही प्रखंड में रामनवमी के मौके पर श्रद्धालुओं ने विद्यापतिधाम मंदिर व अपने घरों में महावीरी ध्वजा स्थापित किया। प्रखंड मुख्यालय से लेकर सुदूरवर्ती क्षेत्रों तक श्रद्धा व भक्ति के साथ रामनवमी का त्योहार मनाया गया। विभिन्न हनुमान मंदिरों समेत बड़ी संख्या में लोगों ने भक्ति भाव के साथ ध्वज स्थापित किया। विद्यापतिधाम स्मारक चौक चौक स्थित मंचमुखी हनुमान मंदिर, विद्यापतिधाम मंदिर हनुमान मंदिर, प्रखंड मुख्यालय व नेगड़ा ढाला स्तिथ हनुमान मंदिर में स्थानीय ग्रामीणों द्वारा मंदिरों में ध्वजारोहण किया गया। इस मौके पर यजमान दीनदयाल गिरि ने श्रीराम के जयकारे के साथ महावीरी ध्वजा स्थापित किया। इसके अलावा विद्यापतिधाम मंदिर परिसर में पुष्वन संस्कार, विद्यारंभ संस्कार, मुंडन संस्कार तथा नामाकरण संस्कार कार्यक्रम संपन्न हुआ।

# 59वां तीन दिवसीय श्री श्याम महोत्सव आज से, राष्ट्रीय स्तर पर ख्याति प्राप्त कलाकार होंगे शामिल




खाटू श्याम बाबा की मनोहर झलक।

**समस्तीपुर/एनएसबी।** राष्ट्रीय स्तर पर ख्याति प्राप्त भजन गायिका राजस्थान अलवर की जस्सी सैनी, सूरजगढ़ के संजय सेन, योगेश शर्मा व कानपुर के श्रेष्ठ दीक्षित सहित आदि कलाकारों के भजनों से सजेगा 59वाँ श्री श्याम महोत्सव।

उक्त जानकारी देते हुए शहर के गोला रोड स्थित श्री खाटू श्याम मंदिर के मीडिया प्रभारी भोला अग्रवाल ने बताया कि, ह्ल59वां तीन दिवसीय श्री श्याम महोत्सव 28 मार्च को अखण्ड ज्योत पाठ के साथ शुरू होगा। आयोजन को लेकर सारी तैयारियां पूरी हो चुकी हैं।ह्व तैयारियों को अंतिम रूप देने केलिए आयोजित एक बैठक के बाद श्री अग्रवाल ने बताया कि राजस्थान के रतनगढ से पधारे कृष्णानंद महाराज व प्रदीप पारुल आत्रे के नेतृत्व में 28 मार्च को प्रातः 10:30 बजे अखंड ज्योत पाठ के साथ शुरू होने वाला यह महोत्सव 30 मार्च को फूलों की होली, इत्र वर्षा, चंग धमाल और महाभंडारे के साथ संपन्न होगा। इसी क्रम में 29 मार्च को श्याम निशान शोभायात्रा व सिगड़ी यात्रा निकाली जाएगी। जो मंदिर प्रांगण से निकल शहर भ्रमण के बाद पुनः मंदिर परिसर पहुंच समाप्त होगी। इसके बाद शाम 4 बजे से सुबह 4 बजे श्याम ज्योत जलाई जाएगी, इस दौरान भजनों की भी प्रस्तुति जारी रहेगी। बताते चलें कि, 59वें श्री श्याम महोत्सव को सफल बनाने के लिए अध्यक्ष मनीष अग्रवाल की अध्यक्षता और सचिव निर्मल केडिया के संचालन में आयोजन समिति की बैठक गुरुवार को संपन्न हुई, जिसमें सभी कार्यक्रम को अंतिम रूप दिया गया। जिसमें महोत्सव के आयोजन को लेकर कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। श्री अग्रवाल ने बताया कि, ह्लइस तीन दिवसीय कार्यक्रम के दौरान सूरजगढ़धाम से पधारे हजारीमल इन्द्रोलिया का पावन सानिध्य भी प्राप्त होगा। मौके पर वरिष्ठ सदस्य सुनील अग्रवाल, पंकज सिंघी, आनंद संथालिया, राजेश अग्रवाल, महेंद्र केडिया व मनोज काबरा, बसंत संथालिया, श्याम भूत,दीपू मोदी,राजेश अग्रवाल, जयप्रकाश भूत, रूपेश सोनी, अनिकेत अग्रवाल,माधव संथालिया, राकेश अग्रवाल, दिनेश केडिया, नयन सर्राफ, रितेश अग्रवाल, राधे बोहरा, सुमीत खंडेलवाल आदि सदस्यों ने आयोजन को भव्य बनाने के संबंध में सुझाव दिया।

## संक्षिप्त खबरें

### मां सिद्धिदात्री की पूजा अर्चना में जुटे रहे श्रद्धालु



**बिस्फी (एनएसबी)।** प्रखंड क्षेत्र के जगवन,नाहस खंगरैठा, बिस्फी, औसी सहित विभिन्न चैती दुर्गा मंदिर में महानवमी तीर्थ के अवसर पर शुक्रवार सुबह से ही पंडाल व मंदिर में पूजा अर्चना के साथ खोईछा भरने के लिए महिला श्रद्धालुओं की भीड़ देखी गई. समिति के लोगों ने कई व्यवस्था की थी. समिति के सदस्य काफी मशक्कत से इसे संपन्न कराया. महा नवमी तिथि सुबह होने के कारण नए परिधान में सज धजकर महिलाओं ने अपनी पूजा अर्चना की. और मन्नत मांगी. श्रद्धालुओं का उत्साह चरम पर था. माता दुर्गा के जयकार से पूरा वातावरण भक्तिमय में लग रहा था. भगवान राम का जन्मोतव भी श्रद्धालुओं के द्वारा मनाए गए. श्रद्धालु मां दुर्गा को फूल, प्रसाद और नैवेद्य चढ़ा रहे थे. अद्भुत एवं भक्तिमय वातावरण देखने को मिला. नवदुर्गा जन कल्याण सेवा समिति जगवन के अध्यक्ष पवन मिश्रा, नरेश लाल यादव, दानी रावत, दिनेश यादव, सुमन मिश्रा, मदन मंडल लालबाबू मंडल, विजय लाल यादव, सरोज कुमार ने बताया कि मां दुर्गा के नवम स्वरूप सिद्धिदात्री भक्तों के सभी सिद्धियों प्रदान करने में समर्थ है. भगवान शंकर को भी उनकी कृपा से ही सभी सिद्धिया प्राप्त हुई थी. इसी कारण वे लोक में अर्धनारीश्वर नाम से प्रसिद्ध हुए.

### शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाया गया रामनवमी का पर्व.





**बिस्फी (एनएसबी)।** प्रखंड क्षेत्र में रामनवमी पर्व को लेकर नवयुवको ने शुक्रवार को भव्य और आकर्षक शोभायात्रा निकाली. विभिन्न क्षेत्रों में युवाओं द्वारा झंडा लेकर जय श्री राम, हर हर महादेव से पूरा क्षेत्र गूंजामान रहा. सड़क के दोनों ओर पताको से पाट दिया गया था. कई जगहों पर स्वागत द्वार भी बनाए गए थे. रामनवमी के अवसर पर निकले गये शोभायात्रा के दौरान कई अलग-अलग झांकियां भी निकल गई. जिसमें भगवान श्री राम के जीवन से जुड़े प्रसंगों को दशार्या गया था. इसके अलावा बैंड बाजा, डीजे, पारंपरिक गाजा बाजा के साथ युवाओं का अलग-अलग टोली से झांकी निकाली गई. वही विधि व्यवस्था बनाए रखने को लेकर प्रशासन के द्वारा काफी सतर्कता बरती जा रही थी. बीडीओ बसंत कुमार सिंह, पुलिस इंस्पेक्टर नीरज कुमार वर्मा, बीपीआरओ शेखर कुमार, थाना अध्यक्ष अविनाश कुमार, अनुराग कुमार, आदित्य कुमार भगत के द्वारा शांतिपूर्ण एव सौहार्दपूर्ण व भाईचारे के वातावरण में पर्व मानने को लेकर अपील की जा रही थी. प्रतिनियुक्ति स्थल पर पहुंचकर पदाधिकारी अपने दायित्व का निर्वहन भी करते देखे गए. कई जगहों पर सादे लिवास में भी पुलिस कर्मी शरारती तत्वों पर नजर रखते देखे गए.

### गांवों में बिजली चोरी एवं बिजली के बकायेदारों के विरुद्ध करवाई

**खजौली (एनएसबी)।** प्रखंड के कसमा मरार, मंगती, मनियरवा, डुमरियाही आदि गांवों में बिजली चोरी एवं बिजली के बकायेदारों के विरुद्ध शुक्रवार को अभियान चलाया गया। नॉर्थ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड खजौली प्रशाखा के एसडीओ वरुण कुमार एवं कनिय अभियंता प्रियंजन झा के नेतृत्व में चलाए गए अभियान में बकाएदार उपभोक्ताओं से एक लाख 32 हजार रुपए की वसूली की गई। अभियंता द्वय ने कहा कि जिन उपभोक्ताओं के पास पांच हजार रुपए से ज्यादा बिजली बिल बकाया था उन्हें 31 मार्च 2026 तक बिजली बिल जमा करने का निर्देश दिया गया था। किन्तु उपभोक्ताओं ने बकाया बिल का भुगतान नहीं किया। वैसे उपभोक्ताओं के विरुद्ध अभियान चलाया गया। वहीं जेई प्रियरंजन झा ने बताया कि जिन उपभोक्ता द्वारा एलटी के मेन तार में टोका फंसाकर अवैध रूप से विद्युत की चोरी कर राजस्व को क्षति पहुंचाया जा रहा था उनके विरुद्ध कार्रवाई की गई। इस मौके पर मानव बल सुमन कुमार, गुड्डू यादव, जवाहर सिंह, शत्रुघ्न कुमार, शंकर वर्मा आदि उपस्थित थे।

### 103 एलपीजी गैस वितरकों द्वारा होम डिलीवरी के माध्यम से उपभोक्ताओं को हो रही गैस आपूर्ति : डीएम

**मधुबनी (एनएसबी)।** मधुबनी जिले के सभी एलपीजी वितरकों द्वारा होम डिलीवरी के माध्यम से गैस की आपूर्ति शुरू कर दी गयी है। जिले में विभिन्न कंपनियों के कार्यरत 103 एलपीजी गैस वितरकों द्वारा होम डिलीवरी के माध्यम से उपभोक्ताओं को गैस की आपूर्ति शुरू कर दी गयी है। विदित हो कि 93 एलपीजी वितरकों के द्वारा होम डिलीवरी की सुविधा शुरू की गयी थी।जिले में एलपीजी गैस आपूर्ति अब सामान्य होने लगा है। उपभोक्ताओं को गैस एजेंसी एवं गोदाम पर भीड़ लगाने से बचना चाहिए। प्रशासन द्वारा गैस उपभोक्ताओं को सुगमतापूर्वक गैस की आपूर्ति हो सकें, इसके लिए कई प्रयास किए जा रहे है। साथ ही उपभोक्ताओं के समस्याओं का भी त्वरित गति से निराकरण किया जा रहा है।जिले में विभिन्न कंपनियों यथा-आई.ओ.सी.एल.,एच.पी.सी.एल. तथा बी.पी.सी.एल के कुल-103 एलपीजी गैस एजेंसियों के द्वारा होम डिलीवरी की सुविधा शुरू कर दी गयी है। सभी उपभोक्ताओं को अफवाह पर ध्यान देने की आवश्यकता नही है। अनावश्यक गैस एजेंसियों पर भीड़ नही लगाए एवं अपनी बारी का प्रतीक्षा करते हुए होम डिलीवरी से गैस प्राप्त करें। व्यवसायिक प्रतिष्ठानों को जिला द्वारा उपलब्ध कराये गए लिंक पर अपने आवश्यकतानुसार डिमांड करने का निदेश दिया गया है, ताकि वस्तुस्थिति का आकलन करते हुए प्राथमिकता के आधार पर उनको व्यवसायिक गैस सिलिंडर उपलब्ध कराने हेतु अग्रेत्तर कार्रवाई की जा रही है। साथ ही जिला प्रशासन द्वारा गुगल लिंक एवं विभिन्न सोशल मीडिया यथा-फेसबुक, ट्विटर आदि से प्राप्त शिकायतों का नियमित रूप से निपटारा किया जा रहा है एवं कृत कार्रवाई को जिला प्रशासन के फेसबुक पेज पर भी अपलोड किया जा रहा है।

### पत्रकार 64 वर्षीय सुभाषचंद्र झा का निधन

**लदनियां (एनएसबी)।** प्रखंड के महथा गांव निवासी पत्रकार 64 वर्षीय सुभाषचंद्र झा का निधन शुक्रवार को अल सुबह हो गया। वह कुछ दिनों से बीमार चल रहे थे। विभिन्न समाचार पत्रों से जुड़कर उन्होंने लंबे समय तक पत्रकारिता की। वे हाजिर जवाबी थे। मुखाग्नि ज्येष्ठ पुत्र आशीषचंद्र झा ने दी। उनके निधन पर लोगों ने शोक संवेदना प्रकट की है।शोक प्रकट करने वालों में विधायक मीना कुमारी,पूर्व विधायक उमाकांत यादव, जिप सदस्य ललिता देवी, विष्णुदेव भंडारी, प्रभासचंन्द्र झा, मनीष झा,विनोद झा, विजय झा, अरुण झा, विनय झा,दिलीप झा, वैद्यनाथ झा, हरिश्चन्द्र यादव, भोगेन्द्र ठाकुर, दीपनारायण साह, समेत सैकड़ों लोग शामिल हैं। लोगों ने उनकी दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रभु से प्रार्थना की है।

### लापरवाही से हुई मृत्यु मामले दो वर्ष का साधारण कारावास एवं 5 हजार, रु० जुमार्ना

**मधुबनी (एनएसबी)।** अनुसंधान एवं प्रभावी अभियोजन के फलस्वरूप अरेर थाना कांड सं०-132/23 में लापरवाही से हुई मृत्यु मामले के आरोपी चंद्रशेखर दास को एसडीजीएम बेनीपट्टी कोर्ट द्वारा दी गई दो वर्ष का साधारण कारावास एवं 5हजार, रु० जुमार्ना की सजा !अनुमंडल न्यायिक दंडाधिकारी, बेनीपट्टी कोर्ट द्वारा अरेर थाना कांड सं०-132/23, धारा- 304 (क),279 आईपीसी में लापरवाही से हुई मृत्यु मामले के आरोपी चंद्रशेखर दास, पे०- स्व० भवीक्षण दास, पे०- कोरबद्धा, थाना-मुफ्फसिल, जिला- समस्तीपुर को 02 वर्ष का साधारण कारावास एवं 5,- रु० का अर्थदण्ड की सजा सुनाई गई। अभियोजन पदाधिकारी, लोक अभियोजक श्री सुभाषचंद्र मंडल के द्वारा पक्ष रखा गया।

# राम जानकी और हनुमान मंदिर में दिखी भक्तों की भीड़





फोटो संख्या 3 देवताओं की प्रतिमा।

**मधुबनी (एनएसबी)।** राम नवमी को लेकर जिला और आसपास के राम जानकी और हनुमान मंदिर में दिखी भक्तों की भीड़।इस बार श्री राम नवमी शुक्रवार को हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।राम नवमी का पर्व हिंदू धर्म में भगवान विष्णु के सातवें अवतार, श्री राम के जन्म के उपलक्ष्य में चैत्र मास के शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि को श्रद्धापूर्वक मनाया जाता है। यह बुराई पर अच्छाई, धर्म की स्थापना और "मयार्दा पुरुषोत्तम" राम के आदर्शों (सत्य, धर्म, त्याग) का प्रतीक है। शास्त्रों (विशेषकर वाल्मीकि रामायण) के अनुसार, भगवान राम का जन्म त्रेतायुग में चैत्र मास के शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि को पुनर्वसु नक्षत्र और कर्क लग्न में अयोध्या के राजा दशरथ की पत्नी कौशल्या के गर्भ से हुआ था। यह दिव्य अवतार धर्म की स्थापना, रावण के अंत और मयार्दा का पालन करने के लिए हुआ था, जिसे राम नवमी के रूप में मनाया जाता है। यह वसंत नवरात्र का समापन दिवस भी है, जो आध्यात्मिक शुद्धि और शक्ति पूजा का संदेश देता है। स्टेशन चौक स्थित हनुमान प्रेम मंदिर के पुजारी पंडित पंकज झा शास्त्री ने कहा कि राम नवमी केवल धार्मिक त्योहार नहीं, बल्कि वैज्ञानिक रूप से वसंत ऋतु के चरम और सूर्य के तेज से जुड़ा है। यह मौसम परिवर्तन का समय होता है, जिसमें शरीर की प्रतिरक्षा (इम्यूनिटी) को सूर्य की ऊर्जा से मजबूत किया जाता है और शरीर को आगामी गर्मियों के लिए तैयार किया जाता है। स्टेशन चौक स्थित हनुमान प्रेम मंदिर कमिटी के अध्यक्ष एवं पूर्व वार्ड पार्षद श्री कैलाश साह से बताया कि हर वर्ष की तरह इस बार भी हनुमान प्रेम मंदिर में श्री राम नवमी भव्य तरीके से मनाया गया। वहीं कमिटी के सचिव राजू कुमार राज का कहना है कि अन्यवर्ष की अपेक्षा इस वर्ष भव्य तरीके से हनुमान जी का विशेष शृंगार किया गया, एवं ध्वजा पूजा किया गया पूजा उपरांत भक्तों में विशेष खीर का महा प्रसाद श्रद्धालु भक्तों में वितरण किया गया।मंदिर में आने वाले भक्तों को कोई दिक्कत न हो इस पर विशेष ध्यान दिया गया। पुजारी पंडित पंकज झा शास्त्री ने कहा कि हनुमान जी के पूजा में श्रद्धालु भक्तों के साथ साथ स्थानीय युवा वर्ग का भी विशेष सहयोग रहा क्योंकि राम और हनुमान का संबंध भक्ति, निस्वार्थ सेवा, और विश्वास की सर्वोच्च मिसाल है, जो आदर्श स्वामी-सेवक का प्रतीक है। राम मयार्दा पुरुषोत्तम हैं, जबकि हनुमान बल, बुद्धि और भक्ति के साक्षात अवतार हैं।

## 'मन की बात' कार्यक्रम को शत-प्रतिशत बूथों तक पहुंचाने का आह्वान



भाजपा जिला अध्यक्ष प्रभाशु झा।

**मधुबनी (एनएसबी)।** भारतीय जनता पार्टी, मधुबनी के जिला अध्यक्ष प्रभांशु झा ने प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए आगामी ह्यमन की बातह्ल कार्यक्रम को शत-प्रतिशत बूथों तक पहुंचाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि यह केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि जन-जन को राष्ट्र निर्माण से जोड़ने का एक प्रभावी अभियान है, जिसमें प्रत्येक कार्यकर्ता की सक्रिय भागीदारी अत्यंत आवश्यक है।उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा प्रत्येक माह के अंतिम रविवार को प्रसारित होने वाला ह्यमन की बातह्ल कार्यक्रम देशवासियों के साथ एक भावनात्मक एवं प्रेरणादायक संवाद का माध्यम बन चुका है। इस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री जी समाज के विभिन्न वर्गों के प्रेरक कार्यों, नवाचारों, युवाओं की उपलब्धियों एवं देशहित से जुड़े विषयों को प्रमुखता से रखते हैं, जिससे आमजन में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है।

श्री झा ने जानकारी दी कि मार्च माह का 'मन की बात' कार्यक्रम 29 मार्च को आयोजित होगा, जो इसका 132वां संस्करण है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का संगठन केंद्र से लेकर बूथ स्तर तक 'मन की बात' कार्यक्रम को लेकर पूरी तरह सक्रिय और समर्पित है। प्रत्येक कार्यकर्ता का दायित्व है कि वह अपने क्षेत्र में अधिक से अधिक नागरिकों को इस कार्यक्रम से जोड़े, ताकि प्रधानमंत्री जी के विचार और संदेश समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंच सकें।उन्होंने यह भी कहा कि बूथ स्तर पर आयोजित कार्यक्रमों के माध्यम से सामाजिक समरसता, जागरूकता एवं राष्ट्रभक्ति की भावना को और अधिक सशक्त बनाया जा सकता है। इसके लिए कार्यकताओं को स्थानीय स्तर पर जनसंपर्क बढ़ाने, आमंत्रण देने और सामूहिक रूप से कार्यक्रम सुनने की व्यवस्था सुनिश्चित करनी चाहिए।अंत में श्री झा ने सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं से आह्वान किया कि वे पूरी निष्ठा और उत्साह के साथ मन की बात कार्यक्रम को ऐतिहासिक रूप से सफल बनाने में अपनी सक्रिय भूमिका निभाएं।

## 48वीं वाहिनी की मुस्तैदी और उत्कृष्ट सुरक्षा प्रबंधन से प्रभावित हुए महानिरीक्षक



निरीक्षण करते अधिकारी

**जयनगर/एनएसबी।** सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) की 48वीं वाहिनी, जयनगर में गुरुवार को सीमांत मुख्यालय पटना के महानिरीक्षक निशीत कुमार उज्ज्वल (भा.पु.से.) ने वार्षिक औपचारिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने वाहिनी की परिचालन क्षमता, प्रशासनिक व्यवस्था, सुरक्षा प्रबंधन तथा भारत-नेपाल सीमा पर तैनात जवानों की मुस्तैदी का व्यापक एवं सूक्ष्म मूल्यांकन किया। निरीक्षण के दौरान महानिरीक्षक वाहिनी के कार्यों से काफी प्रभावित नजर आए और उन्होंने जवानों की सराहना की।महानिरीक्षक के आगमन पर 48वीं वाहिनी के कमांडेंट गोविंद सिंह भंडारी ने उनका स्वागत पौधा भेंट कर तथा पारंपरिक खादा पहनाकर किया। इसके पश्चात उन्हें जवानों द्वारा आकर्षक गार्ड ऑफ ऑनर प्रदान किया गया। औपचारिक स्वागत के बाद महानिरीक्षक ने वाहिनी परिसर का भ्रमण किया और विभिन्न शाखाओं के कार्यों का बारीकी से निरीक्षण किया। उन्होंने प्रशासनिक व्यवस्थाओं, आवासीय सुविधाओं, शस्त्रागार, संचार व्यवस्था और अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

निरीक्षण के क्रम में महानिरीक्षक ने जवानों के साथ ह्वबड़ा खानाह्व में सहभागिता कर उनका मनोबल बढ़ाया। उन्होंने जवानों से अनौपचारिक बातचीत की और उनके कार्यों के प्रति समर्पण की सराहना की। इसके बाद आयोजित सैनिक सम्मेलन में उन्होंने जवानों से सीधे संवाद स्थापित किया। इस दौरान जवानों ने अपनी समस्याएं और सुझाव उनके समक्ष रखे, जिन्हें महानिरीक्षक ने गंभीरता से सुना और त्वरित समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।सुरक्षा समीक्षा बैठक के दौरान भारत-नेपाल सीमा पर तैनात बल की कार्यप्रणाली, सतर्कता, आपसी समन्वय और त्वरित प्रतिक्रिया क्षमता पर विशेष चर्चा हुई। महानिरीक्षक ने कहा कि भारत-नेपाल की खुली सीमा अनेक चुनौतियां प्रस्तुत करती है, लेकिन 48वीं वाहिनी ने उच्च स्तर की सतर्कता, प्रभावी निगरानी और बेहतर समन्वय स्थापित कर सीमा सुरक्षा को मजबूत बनाए रखा है। उन्होंने जवानों को भविष्य में भी इसी प्रकार समर्पण और सतर्कता के साथ कार्य करते रहने की प्रेरणा दी।महानिरीक्षक ने जवानों को शारीरिक और मानसिक रूप से सुदृढ़ रहने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि आधुनिक समय में सुरक्षा चुनौतियों से निपटने के लिए तकनीकी दक्षता अत्यंत आवश्यक है, इसलिए सभी कार्मिकों को नवीनतम तकनीकों का प्रशिक्षण लेना चाहिए और समय-समय पर आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रमों में सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करनी चाहिए।

निरीक्षण के दौरान महानिरीक्षक ने यह भी बताया कि 48वीं वाहिनी के लिए चयनित नए स्थान पर लंबित मामलों का शीघ्र निस्तारण कर निर्माण कार्य प्रारंभ कराया जाएगा। उन्होंने आश्वासन दिया कि इस परियोजना को प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जाएगा, जिससे वाहिनी की कार्यक्षमता और सुविधाओं में और सुधार होगा।

## रामनवमी पर्व को लेकर शहर में फ्लैग मार्च,शांति एवं सौहार्द बनाए रखने की अपील : एसपी



**मधुबनी (एनएसबी)।** आगामी रामनवमी पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने तथा विधि-व्यवस्था के सुदृढ़ संधारण के उद्देश्य से आज मधुबनी शहर में पुलिस अधीक्षक योगेंद्र कुमार के नेतृत्व में भव्य फ्लैग मार्च निकाला गया।यह फ्लैग मार्च शहर के विभिन्न प्रमुख मार्गों एवं संवेदनशील क्षेत्रों से होकर गुजरा, जिसमें जिला पुलिस बल, सशस्त्र बल तथा अन्य सुरक्षा एजेंसियों के जवानों ने भाग लिया। फ्लैग मार्च का मुख्य उद्देश्य आमजन में सुरक्षा की भावना को सुदृढ़ करना एवं असामाजिक तत्वों को सख्त संदेश देना था कि किसी भी प्रकार की अव्यवस्था या कानून उल्लंघन को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

पुलिस अधीक्षक ने इस दौरान आम नागरिकों से अपील की कि वे आपसी भाईचारा एवं सौहार्द बनाए रखते हुए पर्व मनाएं तथा किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया पर भ्रामक या भड़काऊ संदेश प्रसारित करने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी।प्रशासन द्वारा स्पष्ट किया गया कि पर्व के दौरान सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। शहर के प्रमुख चौक-चौराहों एवं संवेदनशील स्थलों पर अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की गई है तथा सीसीटीवी कैमरों एवं गश्ती दलों के माध्यम से लगातार निगरानी रखी जा रही है। जिला प्रशासन ने सभी नागरिकों, पूजा समिति के सदस्यों एवं युवाओं से सहयोग की अपेक्षा करते हुए कहा कि वे प्रशासन के दिशा-निर्देशों का पालन करें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत नजदीकी पुलिस थाना या नियंत्रण कक्ष को दें। इस अवसर पर अनुमंडल पदाधिकारी सदर चंदन झा,अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सहित कई अधिकारी उपस्थित थे।

### स्व. चेथरू महतो की प्रतिमा का अनावरण राम जानकी मंदिर छरापट्टी एकहरी के परिसर में

**लदनियां (एनएसबी)।** सीएमजे कॉलेज दोनवारी हाट, खुटौना, उच्च विद्यालय खाजेडीह व प्राथमिक विद्यालय एकहरी के संस्थापक व दाता सदस्य रहे लदनियां प्रखंड के एकहरी गांव निवासी स्व. चेथरू महतो की प्रतिमा का अनावरण राम जानकी मंदिर छरापट्टी एकहरी के प्रांगण में शुक्रवार को समारोहपूर्वक किया गया। अनावरण कताओं ने कहा कि उन्होंने सुदूर ग्रामीण इलाके में प्राथमिक विद्यालय से लेकर महाविद्यालय की स्थापना कर शिक्षा का अलख जगाया। घर से खा-पीकर लोगों ने पहला से लेकर बीए की उपाधि प्राप्त की। रोजी-रोटी पाई। कहा कि वे सच्चे अर्थ में महामानव थे। वे आज भी समस्त शिक्षाविदों के आदर्श हैं। श्रद्धासुमन अर्पित करने वालों में पूर्व मंत्री लक्ष्मेश्वर राय, राजद प्रत्याशी रहे अरूण कुमार सिंह, अवकाश प्राप्त शिक्षक अयोध्या प्रसाद सिंह, बालेश्वर प्रसाद सिंह, प्रो. मनोज कुमार वर्मा, विष्णुदेव भंडारी, जिला कल्याण पदाधिकारी रामशंकर सिंह, डॉ. विनोद सिंह, डॉ. कीर्तन सिंह, वकील अरूण सिंह, सुधीर सिंह, मुखिया प्रतिनिधि शोभाकांत राय, विजय कुमार राय,कुशवाहा संघ के जिलाध्यक्ष कृष्णदेव महतो, गंगोत्री महतो सहित सैकड़ों लोगों के नाम शामिल हैं।

## रामनवमी पर भव्य शोभायात्रा, शांति और सौहार्द के साथ हुआ आयोजन



**जयनगर/एनएसबी।** जयनगर में रामनवमी के पावन अवसर पर शुक्रवार, 27 मार्च 2026 को बजरंग अखाड़ा के नेतृत्व में एक विशाल और भव्य शोभायात्रा निकाली गई। यह शोभायात्रा पूरे नगर में आकर्षण का केंद्र बनी रही और शांतिपूर्ण माहौल में सफलतापूर्वक संपन्न हुई। आयोजन में शहर के 18 से अधिक अखाड़ों ने भाग लिया, जहां पारंपरिक हथियारों के शानदार प्रदर्शन, धार्मिक नारों और जयकारों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा।शोभायात्रा का विधिवत उद्घाटन मुख्य अतिथि के रूप में बिहार सरकार के पर्यटन मंत्री अरुण शंकर प्रसाद ने किया। उनके साथ बजरंग अखाड़ा के अध्यक्ष पवन सिंह, मुख्य पार्षद सह मुख्य संरक्षक कैलाश पासवान, श्री कृष्ण गौशाला सोसाइटी की सचिव कल्पना सिंह, उप मुख्य पार्षद माला तिवारी, रंजीत पासवान, उद्धव कुंवर, सुरज गुप्ता समेत कई गणमान्य लोगों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर एवं फीता काटकर कार्यक्रम की शुरूआत की।इस अवसर पर मंत्री अरुण शंकर प्रसाद ने कहा कि रामनवमी केवल धार्मिक उत्सव ही नहीं, बल्कि समाज में एकता, भाईचारा और मयार्दा का संदेश देने वाला पर्व है। उन्होंने आयोजकों की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के आयोजन समाज को जोड़ने का कार्य करते हैं और सांस्कृतिक परंपराओं को जीवित रखते हैं।शोभायात्रा शहर के विभिन्न प्रमुख मार्गों से होते हुए निकली, जिसमें सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु, युवक एवं बच्चे शामिल हुए। अखाड़ों द्वारा पारंपरिक अस्त्र-शस्त्र के साथ करतब दिखाए गए, जो दर्शकों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। जगह-जगह पर लोगों ने पुष्पवर्षा कर शोभायात्रा का स्वागत किया और श्रद्धालुओं के लिए जलपान की व्यवस्था भी की गई।प्रशासन की ओर से सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे। अनुमंडल प्रशासन और पुलिस बल की चप्पे-चप्पे पर तैनाती रही। डीएसपी राघव दयाल, बीडीओ राजीव कुमार, सर्किल इंस्पेक्टर संजय कुमार सिंह, प्रखंड कृषि पदाधिकारी नागेंद्र पूर्वे, एसआई मुकेश कुमार, एसआई मोनिका कुमारी, एसआई हीरामणी सहित कई अन्य अधिकारी पूरे समय मुस्तैद और अलर्ट मोड में नजर आए। इसके अलावा सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) के जवान भी सुरक्षा व्यवस्था में तैनात थे। अधिकारियों द्वारा लगातार निगरानी की जा रही थी ताकि किसी भी प्रकार की अव्यवस्था न हो। ड्रोन कैमरों एवं सीसीटीवी के माध्यम से भी शोभायात्रा की गतिविधियों पर नजर रखी गई। प्रशासन ने पहले ही शांति समिति की बैठक कर लोगों से सहयोग की अपील की थी, जिसका सकारात्मक असर देखने को मिला।पूरे आयोजन के दौरान कहीं से भी किसी अप्रिय घटना की सूचना नहीं मिली, जिससे यह साफ जाहिर होता है कि प्रशासन और आम जनता के समन्वय से यह आयोजन सफल रहा। शोभायात्रा के समापन के बाद आयोजकों ने सभी प्रतिभागियों एवं प्रशासन का आभार व्यक्त किया।कुल मिलाकर, जयनगर में रामनवमी का यह आयोजन भव्यता, अनुशासन और सामाजिक सौहार्द का उत्कृष्ट उदाहरण बनकर सामने आया, जिसने क्षेत्र में भाईचारे और एकता का मजबूत संदेश दिया।

## संक्षिप्त खबरें

### रामनवमी पर कांटी विधायक शोभायात्रा में हुए शामिल, क्षेत्र की खुशहाली के लिए की कामना

**कांटी(एनएसबी)।** रामनवमी के पावन अवसर पर स्थानीय विधायक ई अजीत कुमार ने शुक्रवार को कांटी एवं मड़वन प्रखंड के विभिन्न स्थानों से निकाली गई



भव्य रामनवमी शोभायात्राओं में शामिल होकर पूजा-अर्चना की। इस दौरान उन्होंने क्षेत्र के प्रमुख धार्मिक स्थलों—वीरपुर स्थित राम जानकी मठ, रसूलपुर मठ, भटौना शिव मंदिर, रक्सा शिवसागर धाम , मड़वन राम जानकी मंदिर सरमसपुर माई स्थान चक बरककुरबा पहुंचकर भगवान श्रीराम के चरणों में माथा टेका और क्षेत्र की सुख-समृद्धि व शांति की कामना की। विधायक के पहुंचने पर श्रद्धालुओं में उत्साह का माहौल देखा गया। विभिन्न स्थानों पर स्थानीय लोगों एवं श्रद्धालुओं ने उन्हें अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। शोभायात्राओं में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए, जहां भक्ति गीतों और जय श्रीराम के नारों से पूरा वातावरण भक्तिमय बना रहा। इस मौके पर विधायक अजीत कुमार ने लोगों से आपसी भाईचारा बनाए रखने और समाज में सद्भाव कायम रखने की अपील की। कार्यक्रम के दौरान मनोज कुमार सिंह, इंदल साह, अजय ठाकुर, सुधीर सिंह, राहुल कुमार रंजीत चौधरी सहदेव पासवान शंकर पासवान पूर्व मुखिया वैशाली चौधरी सहित कई स्थानीय गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### काकोरी एक्शन के शहीद रामप्रसाद बिस्मिल, अशफाकउल्ला खां और रोशन सिंह की मूर्तियों को क्षतिग्रस्त किए जाने के विरोध में किया प्रदर्शन

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** उत्तर प्रदेश के शाहजहांपुर में काकोरी एक्शन के शहीद रामप्रसाद बिस्मिल, अशफाकउल्ला खां और रोशन सिंह की मूर्तियों को




भाजपा सरकार द्वारा तोड़ने की आपराधिक कृत्य के खिलाफ युवा संगठन ईआईडीवाईओ ने विरोध प्रदर्शन किया। नगर के कंपनीबाग स्थित शहीद खुदीराम बोस स्मारक स्थल पर विरोध प्रदर्शन करते हुए संगठन के सदस्यों ने सभा की। विरोध प्रदर्शन में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए संगठन के अखिल भारतीय कमिटी सदस्य अरविंद कुमार ने कहा कि उत्तर प्रदेश के शाहजहांपुर में स्थापित काकोरी एक्शन के शहीद रामप्रसाद बिस्मिल अशफाकउल्ला खां और रोशन सिंह की मूर्तियों को भाजपा सरकार द्वारा बुलडोजर से तोड़ना मानवता के खिलाफ एक आपराधिक कृत्य है। शहीदों की मूर्तियां को तोड़ने का विरोध करते हुए उन्होंने सरकार से इस कृत्य में शामिल लोगों को तत्काल दंडित करने, शहीदों की मूर्तियों को सम्मान पूर्वक उसी जगह पुनः स्थापित किए जाने की मांग की। सभा को एसयूसीआई (कम्युनिस्ट) के मुजफ्फरपुर शहरी क्षेत्र जिला इंचार्ज अमन कुमार झा, जिला कमेटी सदस्य आशुतोष कुमार तथा ईआईडीवाईओ के जिला सचिव अनिल कुमार ने संबोधित किया। अध्यक्षता संगठन के अध्यक्ष रंजीत कुमार ने किया।विरोध प्रदर्शन में मुख्य रूप से संगठन के जिला कमेटी सदस्य टुनटुन प्रजापति, श्यामदेव कुमार के अलावा कंचन कुमारी, चंचला कुमारी, मिंटू सिंह, मोहम्मद अली अख्तर, दिनेश भगत, परमेश पंडित, अक्षरा, छोटू कुमार आदि उपस्थित थे।

### बाबा केवल महाराज की पूजा के पूर्व निकाली गई कलश शोभायात्रा

**मुजफ्फरपुर(एनएस बी)।** बंदरा प्रखंड के सकरी मन स्थित बाबा अमरसिंह स्थान में बाबा केवल महराज के पूजा को लेकर के रामनवमी के मौके पर शुक्रवार को गाजेबाजे के भव्य कलश शोभायात्रा निकाली गई। इस शोभायात्रा में कुल 151 कन्याओं ने भाग लिया। यह कलश यात्रा यज्ञ स्थल से सकरी मन, भराव होते हुए बागमती नदी के कनौजर घाट पहुंची।जहां पंडित अनिल मिश्रा ने मंत्रोचारण से पूजा अर्चना कराकर विधि पूर्वक झालबोझी कराया। गाजबाजे के साथ जयकारा लगाते हुए लोग पुनः यज्ञ स्थल पहुंचे, जहां कलश स्थापित की गई। पूजा समिति के



सदस्यों ने बताया कि विगत कई वर्षो से यहां रामनवमी के अवसर पर भव्य कलश शोभायात्रा निकाली जाती है जिसके बाद देर शाम वहां नेवतन पूजा किया गया। साथ ही शनिवार की सुबह से बाबा अमरसिंह को दूध और गेरूआ तो मां कमला को खोईंच भरा जाएगा।वहीं, दोपहर को बाबा केवल महराज के पूजा के साथ सैंकड़ों खस्सी व बकरों की बलि चढ़ाई जाएगी। ग्रामीणों की माने तो यहां मन्नते पूरी होने पर बलि चढ़ाने की परम्परा कई दशक पुराना है। कलशयात्रा में मुख्य रूप से गोविंद सहनी, त्रिभुवन सहनी, राजेश कुमार, बलराज कुमार, राजा कुमार, कुंदन कुमार, लालबाबू सहनी, नारायण सहनी, ललन कुमार समेत कई लोग शामिल थे।

### रामनवमी पर्व को लेकर पुलिस की कार्रवाईः कुल 111 डीजे जप्त, शांति व्यवस्था सख्त

**मधुबनी (एनएसबी)।** पुलिस अधीक्षक, मधुबनी योगेंद्र कुमार के निदेर्शानुसार जिला अन्तर्गत रामनवमी पर्व को शांतिपूर्ण, सुरक्षित एवं व्यवस्थित तरीके से संपन्न कराने के लिए पुलिस द्वारा गुरुवार को सभी थाना क्षेत्रों में व्यापक एवं सघन अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान बिना अनुमति एवं नियमों का उल्लंघन कर संचालित किए जा रहे कुल-111 डीजे, साउंड सिस्टम को तत्काल प्रभाव से जब्त किया गया। मधुबनी पुलिस ने स्पष्ट किया है कि उच्च न्यायालय एवं सरकारी निदेर्शों के अनुरूप तेज ध्वनि एवं बिना अनुमति डीजे के उपयोग पर पूर्णतः प्रतिबंध है। नियमों की अनदेखी करने वालों के विरुद्ध कठोर दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी, जिसमें जब्ती के साथ-साथ विधिसम्मत कानूनी कार्रवाई भी शामिल है।

### बिहार राजस्व सेवा संघ एवं बिरसा यूनाइटेड मंच का सामूहिक अवकाश 19 वें दिन भी जारी

**लदनियां (एनएसबी)।** बिहार राजस्व सेवा संघ एवं बिरसा यूनाइटेड संयुक्त मंच के बैनर तले अधिकारीयों ने अपनी मांगों के समर्थन में करीब 19 वें दिन भी सामूहिक हड़ताल पर है । अंचल कार्यालयों में सभी सरकारी कामकाज ठप है।जिससे आम रैयतों में सरकार के खिलाफ भारी आक्रोश है । इस संघर्ष मोर्चा का नेतृत्व महाजूटान का नेतृत्व संयुक्त संघर्ष मोर्चा संघ का महासचिव अगुआई रजनी कांत एवं संयुक्त मोर्चा संघर्ष महामंत्री जीतेन्द्र पाण्डेय के आह्वान पर लदनियां अंचल के अंचलाधिकारी कुमार राजीव रंजन भी सामूहिक अवकाश में शामिल है ।मिली जानकारी के मुताबिक 9 मार्च से सभी सीओ सामूहिक अवकाश पर चले जाने से सीओ चेम्बर में ताला जड़ा है ।इधर करीब एक माह से हल्का राजस्व कर्मचारी अपने मांगों के समर्थन में हड़ताल पर है ।स्थानीय लोगो का सरकार से मांग है कि बिहार राजस्व सेवा संघ बिरसा यूनाइटेड संघर्ष मंच एवं हल्का राजस्व कर्मचारी संघ के साथ सकारात्मक वार्ता कर हड़ताल खत्म करायी जाय ।

# रामनवमी के अवसर पर नगर से लेकर गांव में निकाली गई शोभायात्रा और जुलूस, जय श्रीराम के जयघोष से राममय हुआ सम्पूर्ण बाबा गरीबनाथ नगरी

# नारी शक्ति मे बढ़ाई शोभायात्रा की रौनक, पुष्प वर्षा से सुगन्धित हुआ मुजफ्फरपुर # हिंदुओ और मुसलमानों ने साथ मिलकर शोभायात्रा का जगह जगह किया भव्य स्वागत

**मुजफ्फरपुर( एनएस बी)।** रामनवमी के अवसर पर शुक्रवार को बाबा गरीबनाथ की नगरी मुजफ्फरपुर में विभिन्न स्थानों से विभिन्न संगठनों तथा मठ मंदिरों से रामनवमी शोभायात्रा व जुलूस निकाला गया। इस आयोजन में इसबार भी आस्था और भक्ति का अद्भुत संगम की झलक दिखी। नगर में लगभग एक दर्जन स्थानों से अलग अलग स्वरूप में निकाली गई भव्य रामनवमी शोभायात्रा व जुलूस ने पूरे वातावरण को राममय बना दिया। वहीं जय श्रीराम के जयघोष और रामनाम अखंड संकीर्तन मंत्र से पूरा नगर गुंजायमान होता रहा। महाकाल सेवादल द्वारा निकाली गई भव्य रामनवमी शोभायात्रा में श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा। इस शोभायात्रा में लगभग दो सौ महिलाएं भी शामिल हुई। महिलाएं सिर पर भगवा साफा बांधे 'जय श्री राम' के उद्घोष के साथ अपनी अलग ही छाप छोड़ी, जो श्रद्धालुओं के बीच चर्चा का विषय बना रहा। इस आयोजन से पूरे शहर में धार्मिक ऊर्जा का संचार किया। इस शोभायात्रा में शामिल की गई भक्ति से ओतप्रोत आध्यात्मिक, सांस्कृतिक व देशभक्ति पर केंद्रित आकर्षक झांकियां लोगों के आकर्षण का केंद्र रहीं। भगवान श्रीराम, माता सीता और हनुमान जी से जुड़ी जीवंत झांकियों ने श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। जुलूस में भगवा ध्वज लहराते हुए श्रद्धालु डीजे पर बज रहे भक्ति गीतों पर झूमते नजर आए, जिसमे महिलाएं भी पीछे नहीं रही। उधर, कन्हौली खादी भंडार से निकाली गई रामनवमी जुलूस में युवाओं की भक्ति और उत्साह का अद्भुत नजारा दिखा। घोड़े पर सवार होकर इस जुलूस का नेतृत्व नगर विधायक रंजन कुमार करते नजर आए, वहीं सकरा विधायक आदित्य कुमार भी भक्ति गीतों पर शोभायात्रा में झूमते रहे। नगर के सिकंदरपुर से निकाली गई एक अन्य शोभायात्रा में लगभग दो किलोमीटर तक विभिन्न प्रकार की रामजन्मोत्सव पर केंद्रित झांकियों ने दर्शकों और श्रद्धालुओं को आत्मविभोर कर दिया। कई स्थानों से निकाली गई शोभायात्रा व रामनवमी जुलूस के नगर से गुजरने के दौरान विभिन्न स्थानों पर लोगों और महिलाओं ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। शोभायात्रा में शामिल लोगों के लिए कई स्थानों पर पेय और अल्पाहार की भी व्यवस्था की गई थी। इस आयोजन से पूरे नगर में उत्सव जैसा माहौल बना रहा और लोग अपने-अपने घरों और दुकानों से इस भव्य दृश्य को देखने के लिए उमड़ पड़े थे। नगर के विभिन्न स्थानों से निकाली गई शोभायात्रा व जुलूस के मद्देनजर पुलिस और जिला प्रशासन द्वारा सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। जुलूस के दौरान पुलिस बल की तैनाती के साथ ट्रैफिक नियंत्रण और भीड़ प्रबंधन के विशेष इंतजाम किए गए थे, जिससे आयोजन शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुआ।



जुलूस में उमड़ी लोगों की भीड़।



रामनवमी जुलूस में शामिल विभिन्न संगठनों के लोग।




शोभायात्रा के दौरान भक्ति गीतो पर झूमते श्रद्धालु।

# कोचिंग के लिए निकले दो सगे भाई रहस्यमयी तरीके से गायब, अनहोनी की आशंका से परिवार में मचा हड़कंप

## परिजनों द्वारा मामला दर्ज कराने के बाद सदर थाना पुलिस बच्चों की बरामदगी में जुटी

**मुजफ्फरपुर(एनएस बी)।** कोचिंग जाने के लिए निकले दो किशोर भाई अचानक रहस्यमयी ढंग से लापता हो गए। इस घटना के बाद परिजनों के बीच अनहोनी की आशंका को लेकर हड़कंप मच गया है, वहीं पूरे इलाके में दहशत और चिंता का माहौल है। यह घटना सदर थाना क्षेत्र के भगवानपुर आईजी कॉलनी की बताई गई है। इस मामले में दोनों बच्चों के पिता साहेबगंज थाना क्षेत्र के निवासी श्याम कुमार ने सदर थाना में दोनों बच्चों के रहस्यमय तरीके से लापता हो जाने की प्राथमिकी दर्ज कराई है। वहीं शिकायत दर्ज होने के बाद पुलिस हरकत में आकर मामले की जांच तेज कर दी है। बताया गया है कि लापता हुए दोनों बच्चों के पिता श्याम कुमार भगवानपुर आईजी कॉलनी में अपने परिवार के साथ किराये के मकान में रहते हैं। वे जूरन छपरा में निजी नौकरी कर किसी तरह अपने बच्चों की पढ़ाई-लिखाई और परिवार का पालन-पोषण करते हैं। प्राथमिकी में श्याम कुमार ने बताया है कि उनके दोनों बेटे 13 वर्षीय तेजस्वी कुमार और 9 वर्षीय त्रिशांत कुमार गुरुवार की शाम को घर से कोचिंग जाने के लिए निकले थे। दोनों को नूनफर स्थित कोचिंग सेंटर पहुंचना था, लेकिन हैरानी की बात यह है कि वे वहां पहुंचे ही नहीं। सूत्रों के अनुसार कुछ देर बाद दोनों बच्चे वापस कमरे पर आए थे, लेकिन उस वक्त कमरा बंद मिला। इसके बाद दोनों कहां गए, यह अब तक रहस्य बना हुआ है। काफी देर तक जब बच्चे घर नहीं लौटे, तो परिजनों की बेचैनी बढ़ गई और उन्होंने खुद ही खोजबीन शुरू कर दी। घंटों तलाश के बावजूद जब दोनों का कोई सुराग नहीं मिला, तो परिजन घबराकर सदर थाना पहुंचे और लिखित शिकायत दर्ज कराई।

वहीं पुलिस आसपास के इलाकों में छानबीन, सीसीटीवी फुटेज खंगालने और संभावित जगहों पर दोनों बच्चों की तलाश में जुटी है। वहीं परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है और हर पल किसी अनहोनी की आशंका उन्हें सता रही है। आखिर दोनों मासूम अचानक कहां गायब हो गए। यह सवाल अब पूरे इलाके के लिए पहेली बन गई है। वहीं पुलिस का दावा है कि जल्द ही दोनों बच्चों का सुराग लगाकर मामले का खुलासा किया जाएगा।



कोचिंग जाने के लिए घर से निकले लापता दोनों बच्चों की फोटो।

### भगवान श्रीराम की प्रतिमा के समक्ष कार्यक्रम आयोजित कर सभी धर्म सम्प्रदाय के लोगों ने रामनवमी उत्सव मनाकर दिया एकता और भाईचारे का संदेश

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** नगर में शुक्रवार को रामनवमी के अवसर पर विभिन्न स्थानों से निकली शोभायात्रा के दौरान हिंदू मुस्लिम एकता परिषद छाता बाजार द्वारा एक अनूठा एवं प्रेरणादायक कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस आयोजन ने सामाजिक सौहार्द और भाईचारे



की एक अद्भुत मिसाल पेश की। मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम की मूर्ति के समीप आयोजित इस कार्यक्रम में सभी धर्मों के लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और एक-दूसरे का फूलों से स्वागत किया। कार्यक्रम के दौरान आतिशबाजी, रंग-बिरंगे अबीर और उत्सव के माहौल ने पूरे क्षेत्र को एकता और प्रेम के रंग में सराबोर कर दिया। यह आयोजन इस बात का प्रतीक बना कि धर्म अलग हो सकते हैं, लेकिन दिलों की दूरी नहीं होनी चाहिए। इस अवसर पर संयोजक केपी पप्पू, अध्यक्ष इम्तियाज अहमद, सचिव इरशाद अहमद, अब्दुल रहमान, सरफराज अहमद, जहांगीर भाई, रियाज अहमद, मोहम्मद सुफियान, आदिल, अजीम, इकबाल, परवेज, शाहनवाज अहमद, दिलशाद अहमद, आरिफ उर्फ मन्नू, खुर्शीद आलम, जावेद हसन, खालिद परवेज उर्फ बॉबी भाई, माजिद हुसैन, इश्तियाक अहमद उर्फ गुड्डू भाई, मुतुर्जा भाई, फतेह भाई सहित कई सम्मानित सदस्य उपस्थित थे। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य समाज में प्रेम, शांति और एकता का संदेश फैलाना था, जिससे लोग प्रेरित होकर ऐसे आयोजनों का अनुकरण करें और आपसी भाईचारे को मजबूत बनाएं।

## युवक को अज्ञात वाहन ने कुचला, मौके पर हुई दर्दनाक मौत

**मुजफ्फरपुर(एनएस बी)।** गायघाट थाना क्षेत्र के मैठी चौक पर शुक्रवार अहले सुबह हुई सड़क हादसे में एक युवक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। अज्ञात वाहन ने सड़क पार कर रहे युवक को कुचलते हुए मौके से फरार हो गया। मृतक की पहचान बेरुआ गांव निवासी ललन ठाकुर के 25 वर्षीय पुत्र अविनाश कुमार के रूप में हुई है। घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि अविनाश कुमार शुक्रवार की सुबह मैठी में चैत नवरात्रि के अवसर पर लगे मेले से लौट रहा था। इसी दौरान मुजफ्फरपुर की ओर जा रहे एक तेज रफ्तार अज्ञात ट्रक ने उसे कुचल दिया। हादसे के बाद कई अन्य वाहन भी उसके शव के ऊपर से गुजर गए, जिससे अविनाश का शव क्षत विक्षत हो गया। इस संबंध में परिजनों का कहना है कि अविनाश मानसिक रूप से कमजोर था। वह गांव और चौक-चौराहों पर घूमकर लोगों को चंदन लगाता था और गाड़ियों में फूल-माला बेचकर अपना जीवन यापन करता था। वहीं घटना की सूचना मिलते ही गायघाट थाना पुलिस और एनएचएआई की टीम मौके पर पहुंची।

## ओम स्केटिंग अकादमी में रामनवमी के अवसर पर भव्य रैली का आयोजन

**मुजफ्फरपुर( एनएसबी)।** रामनवमी के अवसर पर ओम स्केटिंग अकादमी द्वारा एक भव्य तिरंगा रैली का आयोजन किया गया। शाम को निकाली गई इस रैली में अकादमी के सभी बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। रैली के दौरान बच्चों ने हाथों में झंडा लेकर भगवान श्री राम के नारों के साथ पूरे क्षेत्र का भ्रमण किया। स्केटिंग करते बच्चों की झलक ने सभी का मन मोह लिया। अकादमी के अरविंद कुमार ने बताया कि इस प्रकार के आयोजन से बच्चों में अनुशासन, और सांस्कृतिक मूल्यों का विकास होता है। रामनवमी के इस पावन अवसर पर यह रैली सभी के लिए प्रेरणादायक रही। कार्यक्रम के अंत में सभी बच्चों को शुभकामनाएं दी गईं और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। मौके पर प्रेरणा सागर सहित अन्य सभी अभिभावक गण मौजूद रहे।

# राम का चरित्र ही शिक्षा का निदर्शन है : डॉ राजेश्वर प्रसाद सिंह

**मुजफ्फरपुर(एनएस बी)।** चैत्र शुक्ल नवमी शुक्रवार को लंगट सिंह कॉलेज के मुख्य प्रशाल में भारतीय शिक्षण मंडल , उत्तर बिहार के तत्त्वावधान में भारतीय शिक्षण मंडल के 57 वें स्थापना दिवस समारोह का आयोजन हुआ। जिसमें "शिक्षा में रामत्व" विषय पर मुख्य वक्ता के रूप में अपने उद्बोधन में धर्म समाज संस्कृत महाविद्यालय के पूर्व हिंदी विभागाध्यक्ष एवं प्रख्यात साहित्यकार डॉ. राजेश्वर प्रसाद सिंह ने कहा कि वस्तुतः राम का चरित्र ही शिक्षा का निदर्शन है। इसमें त्याग है, तप है, बलिदान है, करुणा है, प्रेम और सौहार्द है जो हमारे नैतिक मूल्यों का आधार ही नहीं बनाता, अपितु इसे प्रशस्त भी करता है। भारतीय मनीषा में शिक्षा का अभिप्राय केवल हुनर सीखना और पैसा कमाना नहीं रहा है। शिक्षा का अर्थ जीवन को उत्तमोत्तम बनाने के अर्थ में रहा है। इस क्रम में उन्होंने रामायण में वर्णित अनेक प्रसंगों के साथ कई तरह के गुरुओं का एवं उनके कर्माकर्म का उदाहरण दिया। मुख्य अतिथि के रूप में महेश प्रसाद सिन्हा साइंस काँलेज के पूर्व प्रधानाचार्य एवं संस्कृत के उद्भट विद्वान डॉ अमरेन्द्र ठाकुर ने कहा कि राम का चरित्र भारत का आदर्श चरित्र है। रामायण नर से नारायण बनने की प्रक्रिया है। केवल शिक्षा में नहीं, जन जन में रामत्व की आवश्यकता है। नर से नारायण मनुष्य ही बनता है। राममय होना ही मनुष्य होने का प्रतीक है। विशिष्ट वक्ता के रूप में अपना वक्तव्य देते हुए डॉ अवधेश ठाकुर ने कहा कि राम के बिना भारतीय शिक्षा और संस्कृति की परिकल्पना असंभव है। ज्ञान के साथ चरित्र निर्माण शिक्षा में रामत्व का रूप है। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए श्री अजीत कुमार ने कहा कि राम हमारे समाज के नायक हैं। शिक्षा में संस्कार और संस्कृति को जोड़ना ही रामत्व है। भारतीय शिक्षण मंडल के प्रांत मंत्री डॉ. नवीन तिवारी ने कार्यक्रम का विषय प्रवेश कराते हुए भारतीय शिक्षण मंडल के इतिहास पर प्रकाश डाला और कहा भारतीय शिक्षण मंडल का उद्देश्य शिक्षा में भारतीयता को उपस्थापित करना है। इसी के आलोक में शैक्षिक अध्ययन, अध्यापन, अनुसंधान, प्रबोधन और प्रकाशन होना चाहिए। धन्यवाद ज्ञापन भारतीय शिक्षण मंडल उत्तर बिहार के व्यवस्था प्रमुख श्री विजय कुमार शर्मा ने किया और मंच संचालन डॉ. नवीन तिवारी ने किया। इससे पूर्व कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य वक्ता डॉ. राजेश्वर प्रसाद सिंह, मुख्य अतिथि डॉ. अमरेन्द्र ठाकुर, विशिष्ट अतिथि डॉ. अवधेश ठाकुर एवं भारतीय शिक्षण मंडल उत्तर बिहार के अध्यक्ष अजीत कुमार द्वारा किया गया। इन सब को पुस्तक और शाल देकर सम्मानित किया गया। मौके पर डॉ ललित किशोर, डॉ हरिशंकर भारती, कैप्टन बालेश्वर राय, डॉ गणेश कुमार सिंह, डॉ राकेश रंजन, डॉ अमरेन्द्र झा, डॉ. रवि कुमार, डॉ पवन कुमार, डॉ मनोज कुमार, प्रशांत गौतम, प्रभात मिश्रा, मयंक मिश्रा, अभिनव राज, पुष्कर सिंह, कार्तिक पाण्डेय, अंशुमान, संतोष सिंह, दिव्य लता अभियंता बलराम सिंह, अभियंता सुबोध कुमार, मनोज शुक्ला, रवींद्र प्रसाद सिंह, शिक्षक अनिल कुमार, सरोज कुमार, राकेश कुमार आदि के अलावा अनेक छात्र छात्राओं, शिक्षकगण, शिक्षकेतर कर्मचारीगण मौजूद थे।




कार्यक्रम को संबोधित करते मुख्य वक्ता।

# मातृ एनीमिया नियंत्रण की दिशा में ऐतिहासिक पहल, 22 महिलाओं को एफसीएम इंजेक्शन

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** मातृ स्वास्थ्य को सुदृढ़ करने और गंभीर एनीमिया से ग्रसित गर्भवती महिलाओं को समय पर प्रभावी उपचार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से स्वास्थ्य विभाग, बिहार सरकार द्वारा एक महत्वपूर्ण पहल की गई है।

इस क्रम में फेररिक कार्बक्सीमाल्टोस (एफसीएम) इंजेक्शन की शुरूआत बिहार सरकार के स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय द्वारा पटना स्थित ऊर्जा ऑडिटोरियम में राज्य स्तरीय कार्यक्रम के दौरान की गई।

बिहार में मातृ एनीमिया एक गंभीर स्वास्थ्य चुनौती रही है, जिसके समाधान के लिए पिरामल फाउंडेशन ने स्वास्थ्य विभाग के साथ मिलकर तकनीकी सहयोग, रणनीतिक योजना एवं जमीनी स्तर पर समन्वय स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। पिरामल फाउंडेशन द्वारा राज्य से लेकर जिला स्तर तक लगातार संवाद एवं कार्ययोजना के माध्यम से इस पहल को धरातल पर उतारने में अहम योगदान दिया गया।

इसी पहल के तहत राज्य स्वास्थ्य समिति, बिहार, पटना के निदेर्शानुसार सीतामढ़ी जिले के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, सुरसंड में कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया।

सिविल सर्जन सीतामढ़ी डॉ. अखिलेश कुमार के नेतृत्व में तथा प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. रामकिशोर सिंह के मार्गदर्शन में गंभीर एनीमिया से ग्रसित कुल 22 गर्भवती महिलाओं की पहचान कर उन्हें एफसीएम इंजेक्शन चढ़ाया गया।

इस दौरान प्रशिक्षित जीएनएम मनमोहन व्यास द्वारा सुरक्षित एवं मानक प्रोटोकॉल के अनुसार सभी चयनित



कार्यक्रम में मंचासीन अतिथि, विभागीय अधिकारी व अन्य।

गर्भवती महिलाओं को एफसीएम इंजेक्शन दिया गया, जिससे उपचार की गुणवत्ता एवं सुरक्षा सुनिश्चित हो सकी।

यह दशार्ता है कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा केवल सेवा ही नहीं, बल्कि गुणवत्तापूर्ण एवं प्रशिक्षित मानव संसाधन पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

इस कार्यक्रम की सफलता हेतु योजना निर्माण, क्षमता निर्माण, फील्ड स्तर पर समन्वय एवं मॉनिटरिंग को सदृढ़ करना होगा जिसके माध्यम से यह सुनिश्चित किया जा सके कि प्रत्येक पात्र लाभार्थी तक समय पर सेवा पहुँच सके।

जिला प्रबंधक प्रभाकर कुमार एवं कार्यक्रम लीड दुर्गा प्रसाद और रोहित कुमार के नेतृत्व में टीम ने स्वास्थ्य विभाग के साथ मिलकर इस पहल को प्रभावी रूप से लागू किया।

कार्यक्रम में सिविल सर्जन डॉ. अखिलेश कुमार, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. रामकिशोर सिंह, डीपीएम स्वास्थ्य असित रंजन, बीएचएम मोहम्मद सदरूद्दिन, बीसीएम कृष्णनंदन, पिरामल फाउंडेशन के जिला प्रबंधक प्रभाकर कुमार, कार्यक्रम लीड रोहित कुमार, दुर्गा प्रसाद, प्रशिक्षित जीएनएम मनमोहन व्यास सहित स्वास्थ्य विभाग के अन्य अधिकारी एवं कर्मी उपस्थित रहे।

यह पहल न केवल मातृ एनीमिया की रोकथाम की दिशा में एक मील का पत्थर साबित होगी, बल्कि आने वाले समय में राज्य के अन्य जिलों के लिए भी एक मॉडल के रूप में स्थापित हो सकती है। स्वास्थ्य विभाग एवं पिरामल फाउंडेशन के संयुक्त प्रयास से यह उम्मीद की जा रही है कि बिहार में मातृ मृत्यु दर में कमी लाने एवं सुरक्षित मातृत्व को बढ़ावा देने में उल्लेखनीय प्रगति होगी।

## संक्षिप्त खबरें

### राजस्व कर्मचारी निलंबित, सोशल मीडिया पर प्रसारित वीडियो बना कार्रवाई का आधार

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** समाहरणालय सीतामढ़ी (राजस्व शाखा) द्वारा जारी आदेश के अनुसार अंचल कार्यालय बेलसंड में कार्यरत राजस्व कर्मचारी संजय कुमार को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है।

बताया गया है कि संजय कुमार के विरुद्ध दाखिल-खारिज के एवज में 13,000 रुपये लेने का वीडियो इलेक्ट्रॉनिक एवं सोशल मीडिया पर प्रसारित हुआ था। इस घटना से जिला प्रशासन की छवि धूमिल होने की बात कही गई है।

आदेश में उल्लेख किया गया है कि संबंधित कर्मचारी का यह आचरण सरकारी सेवक आचरण नियमावली 1976 तथा बिहार सरकारी सेवक वर्गीकरण, अपील एवं नियंत्रण नियमावली 2005 के प्रावधानों के विपरीत है।

इसी के आलोक में कार्रवाई करते हुए उन्हें निलंबित किया गया है। निलंबन अवधि के दौरान उनका मुख्यालय अंचल कार्यालय डुमरा निर्धारित किया गया है। साथ ही अंचल अधिकारी बेलसंड को निर्देश दिया गया है कि आरोप पत्र तैयार कर दो दिनों के भीतर सक्षम पदाधिकारी के माध्यम से अधोहस्ताक्षरी को उपलब्ध कराएं, ताकि आगे की विभागीय कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके।

### संगठन सृजन अभियान को सफल बनाने के उद्देश्य से जिला कांग्रेस कमिटी ने प्रखंड पर्यवेक्षकों जारी की सूची

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी के निदेर्शानुसार संगठन सृजन अभियान को सफल बनाने के उद्देश्य से जिला कांग्रेस कमिटी, सीतामढ़ी द्वारा प्रखंड स्तर पर पर्यवेक्षकों की नियुक्ति की गई है। इस संबंध में जिला अध्यक्ष रकटू प्रसाद द्वारा पत्र जारी कर सभी प्रखंडों में कार्यक्रमों के सुचारू संचालन की जिम्मेदारी सौंपी गई है। जारी सूची के अनुसार सीतामढ़ी नगर के लिए डॉ. ठाकुर/शंभू साह, डुमरा के लिए शाइस्ता शाहनवाज, रीगा के लिए डॉ. राजीव कुमार काजू, सुप्पी के लिए प्रो. रंजीत गुप्ता, बैरगनिया के लिए चांदनी कुमारी, मेजरगंज के लिए ई. नवीन कुमार, सोनबरसा के लिए राम बाबू सिंह, बथनाहा के लिए जनेन्द्र कुमार राम, परिहार के लिए अफताब अंजुम, सुरसंड के लिए राम मिश्रा, चोरौत के लिए दिलीप पांडे, पुपरी के लिए अंजारूल हक तोहीद, नानपुर के लिए अमजद खान, बोखड़ा के लिए ताराकांत झा, बाजपट्टी के लिए प्रो. राम प्रवेश कुशवाहा, रून्नीसैदपुर के लिए रितेश रंजन सिंह, बेलसंड के लिए विपिन झा तथा परसौनी के लिए आलोक सिंह को पर्यवेक्षक बनाया गया है।

जिलाध्यक्ष ने निर्देश दिया है कि सभी नियुक्त पर्यवेक्षक अपने-अपने प्रखंडों में संगठन को मजबूत करने, कार्यक्रमों के सफल संचालन एवं कार्यकताओं के समन्वय में सक्रिय भूमिका निभाएं। साथ ही प्रदेश प्रतिनिधियों के साथ समन्वय स्थापित कर अभियान को सफल बनाने पर जोर दिया गया है।

### संत कार्तिक साहेब की पुण्यतिथि पर भावभीनी श्रद्धांजलि

**खगड़िया(एनएसबी)।** सदर प्रखंड क्षेत्र के रहीमपुर मध्य पंचायत के ग्राम नन्हकू मंडल टोला स्थित मेनका-कार्तिकेय सदन का सभाकक्ष शुक्रवार को संत कार्तिक साहेब की तृतीय पुण्यतिथि श्रद्धा और गरिमा के साथ मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता जदयू जिला प्रवक्ता आचार्य राकेश पासवान शास्त्री ने की। कार्यक्रम का शुभारंभ उपस्थित अतिथियों द्वारा संत कार्तिक साहेब के तैलचित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। वातावरण में भक्ति और सम्मान का भाव स्पष्ट झलक रहा था। इस अवसर पर सदर विधायक बबलू कुमार मंडल सहित सभी अतिथियों का अंगवस्त्र, माला और तिलक से पारंपरिक एवं आत्मीय स्वागत कर आयोजन को गरिमामयी बना दिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सदर विधायक बबलू कुमार मंडल ने संत कार्तिक साहेब के जीवन और कृतित्व को समाज के लिए अमूल्य धरोहर बताया। उन्होंने कहा कि यद्यपि आज संत कार्तिक साहेब हमारे बीच शारीरिक रूप से उपस्थित नहीं हैं, किंतु सामाजिक बुराइयों के उन्मूलन हेतु उनके द्वारा किए गए प्रयास और विचार सदैव समाज को दिशा देते रहेंगे। उन्होंने विशेष रूप से मृत्युभोज बहिष्कार जैसी सामाजिक पहल का उल्लेख करते हुए कहा कि इसकी शुरूआत उनके तेरहवीं संस्कार से हुई, जिसे और अधिक सशक्त बनाने की आवश्यकता है। विधायक ने आगे कहा कि संत कार्तिक साहेब ने शिक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी, जिसका सकारात्मक प्रभाव आज समाज में स्पष्ट रूप से देखा जा सकता है। उन्होंने युवाओं में बढ़ती नशे की प्रवृत्ति पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि संत के आदर्शों का अनुसरण ही इस समस्या से मुक्ति का मार्ग प्रशस्त कर सकता है और समतामूलक समाज की स्थापना में सहायक सिद्ध होगा। जदयू जिला अध्यक्ष अनुराधा कुमारी ने अपने वक्तव्य में संत कार्तिक साहेब की महान कृतियों को वर्तमान समाज के लिए पथप्रदर्शक बताते हुए कहा कि ह्लवे भले ही देह त्याग चुके हैं, परंतु उनके विचार और आदर्श उन्हें अमर बनाते हैं। हम उनकी पुण्य आत्मा को ह्रदय से नमन करते हैं। कार्यक्रम में पूर्व मुख्यमंत्री सतीश प्रसाद सिंह के ज्येष्ठ पुत्र एवं जदयू नेता सुनील कुमार सिंह, बेगूसराय विधानसभा प्रभारी उमेश सिंह पटेल, जदयू जिला उपाध्यक्ष निर्मला कुमारी, डॉ. पुरातन गांधी, जिला महासचिव राजीव रंजन, अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष चन्देश्वरी राम, कला संस्कृति एवं खेल प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष एवं वरिष्ठ रंगकर्मी सतीश आनंद, जिला महासचिव जयप्रकाश मौर्य, पूनम जायसवाल, वंदना भारती, अरुण वर्मा, नीरज शर्मा, संतोष कुमार साह, हरिवंश, मनीष, सूर्यवंश सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में साधु-संतों के बीच महाप्रसाद का वितरण किया गया, जिसने पूरे आयोजन को श्रद्धा और समर्पण के भाव के साथ पूर्णता प्रदान की।

### सुअर से किसान परेशान

**महेशखूंट।** थाना क्षेत्र के पकरैल पंचायत गांधीनगर निवासी प्रमोद सिंह ने महेशखूंट थाना में आवेदन देकर सुअर के द्वारा फसल का नुकसान करने का शिकायत किया। पीड़ित किसान ने बताया की गांव के गुदो मलिक, विकास मलिक ने अपने दर्जनों सुअर को खुला छोड़ देता है,जिससे खेत में लगे आलु, मक्का, गेहूं आदि फसलों को सुअर काफी नुकसान कर देता है। सुअर के इस आतंक से किसान परेशान हैं। वहीं जब मलिक समुदाय को कहने जाता है तो गाली गलौज व मारने पर आतुर हो जाता है। डोम समुदाय के लोग एससी होने का गलत फायदा उठा रहा है। पीड़ित किसान ने थानाध्यक्ष से न्याय की गुहार लगाया है।

## सीतामढ़ी के श्री माता वैष्णो देवी मंदिर के 25वें वार्षिकोत्सव पर उमड़ा श्रद्धा का सैलाब

# महाआरती व जागरण से भक्तिमय हुआ माहौल

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** सीतामढ़ी धाम स्थित सिद्ध पीठ श्री माता वैष्णो देवी मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा की 25वीं वर्षगांठ (रजत जयंती) शुक्रवार, 27 मार्च 2026 को अत्यंत हर्षोल्लास और भक्ति भाव के साथ मनाई गई। इस ऐतिहासिक अवसर पर मंदिर परिसर को फूलों और विद्युत सज्जा से भव्य रूप में सजाया गया था।

**महाआरती से हुई संध्या की शुरूआत :** वार्षिकोत्सव के मुख्य कार्यक्रम की शुरूआत शुक्रवार संध्या 7:00 बजे भव्य महाआरती के साथ हुई। शंखध्वनि और मंत्रोच्चार के बीच जब माता की आरती उतारी गई, तो पूरा वातावरण 'जय माता दी' के जयकारों से गुंजायमान हो उठा। मंदिर के सेवादारों और स्थानीय भक्तों ने बड़ी संख्या में उपस्थित होकर माता का आशीर्वाद लिया।

**दिल्ली के कलाकारों ने बांधा समां :** महाआरती के पश्चात भव्य 'भगवती जागरण' का आयोजन किया गया। इस सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक संध्या में विशेष रूप से दिल्ली से पधारे सुप्रसिद्ध भजन गायकों ने अपनी सुरीली


मंदिर परिसर में आयोजित भगवती जागरण में प्रस्तुति देते कलाकार।


देवी भजनों की प्रस्तुति पर भक्ति भाव में लीन श्रद्धालु महिलाएं व अन्य।

आवाज से भक्तों को मंत्रमुग्ध कर दिया। पूरी रात चले इस जगराता में माता के भेंटों और भजनों पर श्रद्धालु झूमते नजर आए।

**प्रसाद वितरण :** मंदिर प्रबंधन द्वारा भव्य भंडारे और प्रसाद वितरण की व्यवस्था की गई थी।

**विशेष सजावट:** मंदिर के गर्भगृह और माता की प्रतिमा को विशेष रूप से मंगाए गए ताजे फूलों से अलंकृत किया गया था।

**सिल्वर जुबली का उत्साह:** 25 साल पूरे होने की खुशी में स्थानीय मोहल्ले और शहर के श्रद्धालुओं में भारी उत्साह देखा गया। देर रात तक चले इस कार्यक्रम ने सीतामढ़ी धाम को पूरी तरह भक्ति के रंग में सराबोर कर दिया। प्रशासन और मंदिर कमेटी के सहयोग से कार्यक्रम शांतिपूर्ण और भव्य तरीके से संपन्न हुआ।

> यह मंदिर के इतिहास में एक मील का पत्थर है। 25 वर्षों की यह यात्रा माता की असीम कृपा और भक्तों के अटूट विश्वास का प्रतीक है।
>
> - आयोजन समिति के सदस्य

## ऑपरेशन मुस्कान से लोगों की लौटी मुस्कान

# पुलिस ने 53 मोबाइल बरामद कर वास्तविक मालिकों को सौंपा


कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक, बरामद मोबाइल के वास्तविक मालिक व अन्य।

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** पुलिस अधीक्षक सीतामढ़ी के निर्देश पर जिला आसूचना इकाई द्वारा चलाए जा रहे ह्लऑपरेशन मुस्कानह्व के तहत बड़ी सफलता मिली है। अभियान के दौरान कुल 53 चोरी/गुम हुए मोबाइल फोन (अनुमानित मूल्य करीब 10 लाख रुपये) बरामद कर उनके वास्तविक मालिकों को सौंप दिया गया।

पुलिस द्वारा बताया गया कि यह अभियान आगे भी जारी रहेगा, ताकि लोगों की गुम या चोरी हुई संपत्ति वापस दिलाई जा सके।

पुलिस ने आमजन से अपील की है कि यदि उनका मोबाइल चोरी या गुम हो जाए तो वे संबंधित थाने में शिकायत दर्ज कराने के साथ-साथ सीइआईआर पोर्टल पर भी जानकारी दर्ज करें, जिससे मोबाइल ट्रैक करने में आसानी हो सके।

इस अभियान में जिला आसूचना इकाई, सीतामढ़ी के एसआई मोसिर अली (प्रभारी), एसआई पंकज यादव, देवव्रत कुमार, आशीष ठाकुर सहित पुलिसकर्मियों -राहुल कुमार, सुबोध कुमार चौधरी, सचिन कुमार, सुमित कुमार सिंह, जावेद, सुमन कुमार सिंह एवं इंद्रजीत कुमार की महत्वपूर्ण भूमिका रही। सीतामढ़ी पुलिस ने कहा है कि अपराध नियंत्रण एवं जन-सुरक्षा के प्रति उनकी प्रतिबद्धता आगे भी इसी तरह जारी रहेगी।

### चैत नवरात्र पर माँ दुर्गा की प्रतिमा स्थापित, श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़

**बैरगनिया/सीतामढ़ी (एनएसबी)।** चैत नवरात्र के पावन अवसर पर शहर के भास्कर सिनेमा रोड स्थित मंदिर प्रांगण में इस वर्ष भी श्रद्धा और भक्ति के साथ माँ दुर्गा समेत अन्य देवी-देवताओं की प्रतिमा स्थापित कर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की जा रही है।

> मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही और भक्तगण माता के दर्शन कर सुख-समृद्धि की कामना कर रहे

नगर परिषद के जवाहर टोला निवासी महेंद्र प्रसाद गुप्ता परिवार द्वारा पिछले वर्ष से ही इस परंपरा की शुरूआत की गई, जिसे इस वर्ष भी पूरे नेम-निष्ठा के साथ जारी रखा गया है। मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है और भक्तगण माता के दर्शन कर सुख-समृद्धि की कामना कर रहे हैं।

पूरे क्षेत्र में भक्ति का माहौल बना हुआ है और नवरात्र के दौरान विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन भी किया जा रहा है, जिससे वातावरण पूरी तरह भक्तिमय हो गया है।


भास्कर सिनेमा रोड स्थित मंदिर प्रांगण में माँ दुर्गा की पूजा-अर्चना करते श्रद्धालु।

# बैरगनिया में नौ दिवसीय मां कामाख्या दिव्य तांत्रिक महायज्ञ संपन्न

**बैरगनिया/सीतामढ़ी(एनएसबी)।** नगर के बाईपास रोड हजारीमिल अवस्थित यज्ञ स्थल पर आयोजित नौ दिवसीय मां कामाख्या दिव्य तांत्रिक महायज्ञ शुक्रवार की रात लाल मिर्च की हवन के साथ पूरे विधि-विधान एवं भक्तिमय वातावरण के बीच शांतिपूर्वक संपन्न हो गया। बैरगनिया एवं आसपास के लोगों के कल्याणार्थ 19 मार्च से आयोजित महायज्ञ पूरे विधि-विधान एवं भक्तिमय वातावरण में नवरात्र शक्ति पूजन, विशेष रूप से मां कामाख्या के लिए विशाल हवन कुंड में कुल 51 क्विंटल लाल मिर्च की आहुति देने का संकल्प पूरा हो गया। भगवती पुत्र तांत्रिक अजय गुरु जी महाराज ने बताया कि प्रति रात को अब तक कुल 51 ही नहीं करीब 60 क्विंटल लाल मिर्च की आहुति हवन कुंड में दी गई है।

वही तांत्रिक अजय गुरुजी महाराज के द्वारा समस्याओं के निवारण हेतु प्रतिदिन 11 बजे दिन से 2 तक मां कामाख्या दिव्य दरबार का आयोजन किया गया। वहीं शाम के 4 से रात्रि 8 बजे तक वृंदावन की कथा वाचिका श्री राधा प्रिया शिवांजलि किशोरी के द्वारा देवी भागवत कथा में बड़ी संख्या में


महायज्ञ के मौके पर पहुंचे नागा, सनातनी व अन्य साधु संत।

श्रद्धालुओं ने भाग लिया। महायज्ञ के मौके पर मेले में चार धाम का दृश्य, ड्रैगन झूला, ब्रेक डांस, नाव झूला, टॉय ट्रेन सहित कई मनोरंजन के साधन लगाए गए थे। रंग-बिरंगी रोशनी और संगीत के बीच झूलों का आनंद लेते बच्चों के चेहरे पर खुशी साफ झलक रही थी। वहीं खाने-पीने और खिलौनों की दुकानों पर भी लोगों की अच्छी-खासी भीड़ देखने को मिली। महायज्ञ के अंतिम दिन शुक्रवार को प्रातःकाल से ही पूजा-अर्चना वैदिक मंत्रोच्चार के बीच प्रसिद्ध आचार्य पंडित पुरुषोत्तम झा के द्वारा पूजा पर बैठे नौ यजमानों सहित अन्य श्रद्धालुओं ने आहुति देकर अपने परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की। महायज्ञ में दूर-दराज से आए लाखों श्रद्धालुओं ने मां कामाख्या के दरबार में माथा टेककर आशीर्वाद लिया। महायज्ञ में पहुंचे दिगंबर हरि गिरि जी महाराज नागा बाबा के नेतृत्व में दर्जनों नागा, सनातनी व अन्य साधु संतों को देखने के लिए भीड़ उमड़ पड़ी थी। भगवती पुत्र तांत्रिक अजय गुरु जी महाराज ने बताया कि इस महायज्ञ में निरंतर तपस्वियों एवं तांत्रिकों के द्वारा वातावरण में दिव्य ऊर्जा का संचार हुआ है और इस क्षेत्र में रहने वाले सभी के तंत्र और ग्रहादिक कष्टों का निवारण हुआ है। आयोजन समिति ने सभी सहयोगियों एवं श्रद्धालुओं का आभार व्यक्त किया और भविष्य में भी इस प्रकार के धार्मिक आयोजन जारी रखने की बात कही। इधर इस यज्ञ में शिवहर सांसद लवली आनन्द, विधायक बैधनाथ प्रसाद, पूर्व विधायक अमित कुमार टुन्ना भी पहुँचकर माथा टेका।

# महायज्ञ का सबसे बड़ा महत्व यह है कि यह व्यक्ति और समाज दोनों के लिए है कल्याणकारी : महामंडलेश्वर

## रामलीला में सीता हरण और जटायु वध का भावुक मंचन, दर्शकों की आंखें हुई नम

**अरेराज(एन एस बी)।** प्रखंड के गुरहां गांव में आयोजित श्री चंडी महायज्ञ पूरे क्षेत्र में आस्था, भक्ति और उत्साह का अद्भुत संगम बन गया है। यह महायज्ञ न केवल धार्मिक ष्टि से महत्वपूर्ण है, बल्कि सामाजिक एकता और सांस्तिक समृद्धि का भी प्रतीक बनकर उभरा है।

सुबह की मंगल आरती से लेकर संध्या के भव्य भजन-कीर्तन तक, पूरा वातावरण मां चंडी के जयकारों से गूंज रहा है। दूर-दूर से श्रद्धालु यहां पहुंचकर यज्ञ में आहुति दे रहे हैं और मां का आशीर्वाद प्राप्त कर रहे हैं। कल आठवें दिन की कथा एवं रामलीला कार्यक्रम का शुभारंभ अरेराज सोमेश्वरनाथ महादेव मंदिर के पीठाधीश्वर सह युवा महामंडलेश्वर स्वामी रविशंकर गिरी व गोविन्ज के पूर्व विधायक राजन तिवारी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया।इस अवसर पर कार्यक्रम में उपस्थित श्रोताओं को संबोधित करते हुए स्वामी रविशंकर गिरी ने कहा कि श्रीचंडी महायज्ञ का मूल आधार दुर्गा सप्तशती है, जो मार्कंडेय पुराण का एक महत्वपूर्ण भाग है। इसमें माँ भगवती के तीन स्वरूपमहाकाली, महालक्ष्मी और महासरस्वती की महिमा का वर्णन है। महायज्ञ का सबसे बड़ा महत्व यह है कि यह व्यक्ति और समाज दोनों के लिए कल्याणकारी है। जब हम माँ दुर्गा की आराधना करते हैं, तो हमें साहस, शक्ति और आत्मविश्वास प्राप्त होता है। यह यज्ञ वातावरण को शुद्ध करता है तथा लोगों में मानसिक तनाव को कम कर सकारात्मक ऊर्जा का संचार करता है।



इस अवसर पर अरेराज नगर अध्यक्ष रन्टु पांडेय, गोविन्ज थाना के थानाध्यक्ष राजू कुमार मिश्रा, रढीया पंचायत के मुखिया रामबाबू मिश्रा, मिश्रौलिया के मुखिया देशबंधु सिंह, प्रो कामेश्वर मिश्रा, अरविंद मिश्रा, मुखिया प्रतिनिधि ऐश्वर्य मिश्रा, यज्ञ समिति के अध्यक्ष रामनिवास पांडेय एवं सरपंच धनंजय चौबे संदिप पाण्डेय भी मौजूद रहे।कल के रामलीला में कलाकारों द्वारा सीता हरण एवं जटायु वध का अत्यंत ही मार्मिक एवं जीवंतमंचन किया गया। इसमें दिखाया गया कि मायावी स्वर्ण मृग के पीछे भगवान राम के जाने के बाद किस प्रकार रावण साधु का वेश धारण कर माता सीता का हरण कर लेता है। इस श्य को देखकर दर्शक भावुक हो उठे। इसके बाद जटायु और रावण के बीच हुए युद्ध का श्य विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। जटायु ने वीरता का परिचय देते हुए रावण से संघर्ष किया, लेकिन अंततः वे गंभीर रूप से घायल होकर धरती पर गिर पड़े। इस प्रसंग ने पूरे वातावरण को भावुक बना दिया और दर्शकों की आंखे नम हो गई।

इस कार्यक्रम में मंच संचालन छोटा सर द्वारा किया गया। साथ ही इस मौके पर यज्ञाचार्य पंडित मदन शास्त्री, संयोजक संजीव कुमार मिश्रा, सहसंयोजक रामकिशोर प्रसाद चौरसिया, चंद्रभूषण पाठक, संजय पांडेय, प्रमोद पांडेय, केशव पांडेय, प्रकाश मिश्रा, नवनीत पांडेय, केपी चौरसिया, सरेया पंचायत के सरपंच सुमेश उपाध्याय, पंडित गणेश मिश्रा, पंडित अखिलानंद शास्त्री, मोहन भगत, सोनू भगत, पलटू ठाकुर, प्रमोद मिश्रा, चंद्र किशोर मिश्रा, सुजीत नाथ तिवारी, जमुना साह, शिक्षक अनिल कुमार, अभिमन्यु पाठक, अंकल मिश्रा, प्रमोद राय, रेणु कुमारी सहित भारी संख्या में श्रद्धालुओं की उपस्थिति रही।

# मोतिहारी में यूथ पार्लियामेंट 2026 के प्रतिभागियों का सम्मान

**मोतिहारी(एन एस बी)।** भाजपा युवा मोर्चा, मोतिहारी द्वारा यूथ पार्लियामेंट 2026 के प्रतिभागियों को आज भाजपा जिला कार्यालय में सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से विधायक प्रमोद कुमार एवं उपमहापौर ड़ लाल बाबू प्रसाद ने प्रतिभागियों को सम्मानित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष बबलू पासवान ने की।

कार्यक्रम में युवा मोर्चा के महामंत्री चंदन सिंह एवं सन्नी सिंह के साथ दिव्यांशु मिश्रा, विशाल पाण्डेय, राजा अंसारी, अमन कुमार सहित कई पदाधिकारी उपस्थित रहे। सम्मानित प्रतिभागियों में दीपक कुमार एवं मुन्नी कुमारी शामिल रहे, जिन्होंने 19 एवं 20 मार्च को पटना विधानसभा में आयोजित विकसित भारत युवा संसद 2026 में अपने विचार एवं अभिव्यक्ति से सभी माननीयों को प्रभावित किया।ज्ञात हो कि पटना विधानसभा में आयोजित इस कार्यक्रम में विधानसभा अध्यक्ष प्रेम कुमार, खेल मंत्री श्रेयसी सिंह, विधायक राणा रणधीर सिंह सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित थे।

कार्यक्रम के दौरान विशेष सहयोग के लिए कैम्ब्रिज इंटरनेशनल स्कूल के शिक्षक संजीव कुमार एवं प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन के संयोजक शिबू कुमार को भी सम्मानित किया गया।बताया गया कि पटना में सफल प्रतिभागी आगे लोकसभा में अपना संबोधन प्रस्तुत करेंगे।



सम्मानित होते प्रतिभागी।

## सीएसपी में छापेमारी कर आईपीएस और एसडीएम ने फर्जी कागजात के साथ दो को किया गिरफ्तार

**रक्सौल(एनएसबी)।** गुप्त सूचना के आधार पर रक्सौल पुलिस और अनुमंडल प्रशासन द्वारा संयुक्त रूप में प्रखंड के सिसवा गांव में संचालित सीएसपी सेंटर में छापेमारी कर फर्जी आधार कार्ड,फर्जी आवासीय प्रमाण पत्र और जन्म प्रमाण पत्र के साथ फर्जी स्टाम्प भी बरामद किया गया।इस आरोप में दो युवकों को गिरफ्तार कर कार्यवाही प्रारंभ कर दी गई है।उक्त सीएसपी सेंटर संचालक पर मोटा रकम लेकर फर्जी आधार कार्ड बनाने का धंधा करने का आरोप है। इसकी जानकारी देते हुए रक्सौल थानाध्यक्ष सह आईपीएस हेमंत सिंह ने बताया कि सिसवा चौक पर संचालित पंजाब नेशनल बैंक के सीएसपी में फर्जी आधार कार्ड सहित कई डक्यूमेंट बनने की शिकायत मिली थी जिसके आधार पर एसडीएम मनीष कुमार के साथ उक्त सीएसपी में छापेमारी कर लगभग एक सौ की संख्या में आधार कार्ड बरामद किया गया। साथ ही जन्म प्रमाण पत्र,आवास प्रमाण पत्र और फर्जी मोहर भी बरामद किया गया।इस आरोप में उक्त सीएसपी में कार्यरत सिसवा गांव निवासी ष्ण कुमार यादव और भेलाही निवासी धर्मनाथ प्रसाद को गिरफ्तार किया गया।उक्त सीएसपी अनील कुमार के नाम पर है और गिरफ्तार ष्ण कुमार यादव अनील का भगिना है।बरामद आधार कार्ड जन्म प्रमाणपत्र आवासीय प्रमाण पत्र की जांच की जा रही है कि किन किन व्यक्तियों का कागजात ओरिजनल है और किसका डुप्लीकेट है।वही मौके से संचालक अनिल फरार है।

## बासंतिक नवरात्र एवं रामनवमी संपन्न

### शिवमंदिर में हवन-पूर्णाहुति के साथ हुई पूजा, शांतिपूर्ण रहा माहौल

**पीपराकोठी।** क्षेत्र में बासंतिक नवरात्र और रामनवमी का पर्व शुक्रवार को श्रद्धा और उल्लास के साथ शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न हो गया। नौ दिनों तक चले इस महापर्व के अंतिम दिन विधिवत पूजा-अर्चना, हवन और पूर्णाहुति के साथ श्रद्धालुओं ने माता को विदाई दी। इस दौरान पूरे इलाके में भक्तिमय माहौल बना रहा। मंदिरों और पूजा पंडालों में माता रानी के जयकारों से वातावरण गुंजायमान रहा, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। स्थानीय शिवमंदिर इस अवसर पर श्रद्धालुओं की आस्था का प्रमुख केंद्र बना रहा। यहां स्थापित मां दुर्गा की स्थायी प्रतिमा अपनी दिव्यता और आकर्षक स्वरूप के लिए जानी जाती है। माता की दस भुजाएं और उनमें धारण किए गए शस्त्र शक्ति, साहस और धर्म की रक्षा का संदेश देते हैं। उनके मुखमंडल पर झलकती करुणा और तेज श्रद्धालुओं को भावविभोर कर देता है। प्रतिमा की सजीवता ऐसी प्रतीत होती है मानो माता स्वयं अपने भक्तों को आशीर्वाद दे रही हों। मंदिर परिसर को रंग-बिरंगी रोशनी और फूल-मालाओं से भव्य रूप से सजाया गया था। सुबह-शाम की आरती में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। अष्टमी और नवमी के दिन कन्या पूजन का आयोजन विशेष श्रद्धा के साथ किया गया। वहीं, सूर्यपुर बघवा टोला हनुमान मंदिर एवं पंडितपुर में भी हवन और पूर्णाहुति के साथ नवरात्र पूजा संपन्न हुई। प्रशासन की सतर्कता के बीच सभी कार्यक्रम शांतिपूर्ण ढंग से आयोजित हुए, जिससे पूरा क्षेत्र भक्ति और सौहार्द के माहौल में सराबोर रहा।

# रूपहरी में चैत नवरात्रि पर माँ दुर्गा पूजा, केदारनाथ धाम की तर्ज पर बना अद्भुत पंडाल बना आकर्षण का केंद्र

मोतिहारी(एन एस बी)। पूर्वी चंपारण जिले के चिरैया प्रखंड अंतर्गत रूपहरी गांव में चौत नवरात्रि के पावन अवसर पर दुर्गाशक्ति जनकल्याण ट्रस्ट द्वारा भव्य माँ दुर्गा पूजा का आयोजन किया गया है। इस वर्ष का आयोजन न सिर्फ धार्मिक आस्था का केंद्र बना है, बल्कि अपनी भव्यता, आकर्षक सजावट और आधुनिक तकनीक के प्रयोग के कारण पूरे क्षेत्र में चर्चा का विषय भी बन गया है।

पूजा पंडाल को इस बार विशेष रूप से उत्तराखंड स्थित प्रसिद्ध केदारनाथ धाम मंदिर की तर्ज पर तैयार किया गया है, जो श्रद्धालुओं के लिए अद्भुत आध्यात्मिक अनुभव प्रदान कर रहा है। पंडाल का डिजाइन इतना आकर्षक और जीवंत है कि दूर-दराज से आने वाले लोग इसे देखकर मंत्रमुग्ध हो जा रहे हैं।

इस भव्य पंडाल के निर्माण के लिए कोलकाता से आए अनुभवी और कुशल कारीगरों की टीम ने कई दिनों तक अथक परिश्रम किया है। बारीक नक्काशी, आकर्षक लाइटिंग और कलात्मक सजावट के कारण पूरा पंडाल एक दिव्य धाम जैसा प्रतीत हो रहा है। रात के समय इसकी रोशनी और भी अधिक मनमोहक श्य प्रस्तुत करती है।

श्रद्धालुओं की बढ़ती भीड़ इस बात का प्रमाण है कि यह पूजा इस क्षेत्र की सबसे खास और चर्चित पूजा बन चुकी है। सुबह से लेकर देर रात तक भक्तों का तांता लगा रहता है। महिलाएं, बच्चे और बुजुर्ग सभी माँ दुर्गा के दर्शन के लिए उत्साह के साथ पहुंच रहे हैं।

पूजा समिति के अध्यक्ष एवं वरिष्ठ पत्रकार चंदन जायसवाल ने बताया कि इस वर्ष पूजा में एक खास आकर्षण के रूप में ष्मूविंग मूर्तिष यानी चलती हुई प्रतिमा का निर्माण किया गया है। यह प्रतिमा अत्याधुनिक तकनीक और पारंपरिक कला का अद्भुत संगम है, जिसमें माँ दुर्गा के विभिन्न भावों को जीवंत रूप में प्रस्तुत किया जा रहा है। यह मूर्ति श्रद्धालुओं को न केवल आकर्षित कर रही है, बल्कि उन्हें आध्यात्मिक रूप से भी जोड़ रही है।

वहीं पूजा सचिव आकाश कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि इस वर्ष की प्रतिमा और पंडाल में देवी दुर्गा और राक्षस महिषासुर के बीच हुए पौराणिक युद्ध को बेहद जीवंत तरीके से दर्शाया गया है। इस प्रस्तुति में उस कथा को साकार किया गया है, जिसमें महिषासुर ने ब्रह्मदेव से वरदान प्राप्त कर अत्याचार शुरू कर दिया था, जिसके बाद देवी दुर्गा ने उसका संहार कर धर्म की स्थापना की थी।पंडाल के अंदर बनाई गई इस युद्ध की झांकी और मूविंग मूर्ति श्रद्धालुओं को ऐसा अनुभव कराती है मानो वे स्वयं उस पौराणिक घटना के साक्षी हों। बच्चों और युवाओं के लिए यह श्य विशेष आकर्षण का केंद्र बना हुआ है।

चौत नवरात्रि के नौ दिनों तक यहां प्रतिदिन विधि-विधान से पूजा-अर्चना, दुर्गा सप्तशती पाठ, भव्य आरती और भजन-कीर्तन का आयोजन किया जा रहा है। हर दिन अलग-अलग सांस्तिक कार्यक्रम भी आयोजित किए जा रहे हैं, जिससे पूरे क्षेत्र में उत्सव जैसा माहौल बना हुआ है।

सुरक्षा और व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए पूजा समिति द्वारा विशेष प्रबंध किए गए हैं। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए प्रवेश और निकास मार्ग अलग-अलग बनाए गए हैं, साथ ही स्वयंसेवकों की टीम लगातार व्यवस्था संभाल रही है।स्थानीय लोगों का कहना है कि इस तरह का भव्य आयोजन रूपहरी में पहली बार देखने को मिल रहा है। यह न केवल धार्मिक आस्था को मजबूत कर रहा है, बल्कि सामाजिक एकता और सांस्तिक विरासत को भी बढ़ावा दे रहा है।कुल मिलाकर, भव्य पंडाल, आकर्षक सजावट, आधुनिक तकनीक से बनी मूविंग मूर्ति और श्रद्धालुओं की भारी भीड़ इस वर्ष की दुर्गा पूजा को ऐतिहासिक और याार बना रही है। आसपास के जिलों से भी लोग इस अद्भुत श्य को देखने के लिए रूपहरी पहुंच रहे हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### वाल्मीकि आश्रम में मेला का आयोजन

**अरेराज।** रामनवमी के अवसर पर वाल्मीकि आश्रम दीघा मठ पर हर साल की भांति इस वर्ष भी मेला का आयोजन किया गया। सदियों से इस मेले का आयोजन होता रहा है। इस मेले में हजारों की संख्या में बुजुर्ग, युवा, बच्चे, महिलाएं आते हैं। सुदूरवर्ति ग्रामीण क्षेत्र से लोग आकर इस मेले में मिट्टी के बर्तन, बच्चों के खिलौने, बेल, मिठाइयां इत्यादि की खरीदारी करते हैं। अहले सुबह में ही महिलाएं ब्रह्मा जी के मंदिर के सामने अवस्थित बड़े से तालाब में ान कर ब्रह्मा जी की पूजा अर्चना करती हैं। उल्लेखनीय है कि यह स्थान वाल्मीकि आश्रम से सुविख्यात है। माता सीता की सरन स्थली के रूप मे यह स्थान चिन्हित है। माता सीता यही अपने पुत्र लव कुश के साथ निवास की थी। इसी स्थान पर लव कुश का मुंडन संस्कार हुआ था तब से इस गांव का नाम मुंडा पड़ गया। सदियों से इस स्थान पर मेले का आयोजन होता आ रहा है। इस मेले में शाम को चौता गीत गया जाता था। तथा भेड की भी लड़ाई कराई जाती थी।

### मोतिहारी के वरीय अधिवक्ता साधु शरण सिंह का निधन, शोक की लहर

**मोतिहारी।** बर्डर न्यूज मिरर अखबार के प्रधान संपादक सागर सूरज के पिता एवं सिविल कोर्ट के वरीय अधिवक्ता साधु शरण सिंह का शुक्रवार दोपहर करीब डेढ़ बजे निधन हो गया। वे लगभग 90 वर्ष के थे और पिछले कई महीनों से अस्वस्थ चल रहे थे। उनका निधन मोतिहारी के राजा बाजार स्थित सरोतर निवास पर हुआ। उनके निधन की खबर से अधिवक्ता समुदाय और पत्रकारों के बीच शोक की लहर दौड़ गई है। परिजनों के अनुसार, उनका अंतिम संस्कार शुक्रवार को ही डुमरियाघाट पर किया जाएगा। उनके आवास पर समाजसेवी, जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य लोगों का पहुंचना जारी है, जहां सभी शोकाकुल परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त कर रहे हैं।वरीय कांग्रेसी नेता अनवर आलम अंसारी, रंजीत गिरि, राम सियावर सिंह, सेवानिवृत्त एसडीओ राधामोहन सिंह, मंदाकर सिंह, राकेश यादव और मधुसूदन प्रसाद सिंह सहित कई लोगों ने गहरा शोक व्यक्त करते हुए परिजनों को ढांढस बंधाया है।स्व साधु शरण सिंह को उनके सामाजिक योगदान और विधि क्षेत्र में लंबे अनुभव के लिए हमेशा याद किया जाएगा।

### रामनवमी पर्व पर तुरकौलिया में निकाली गई भव्य शोभायात्रा प्रशासन दिखी सक्रिय

**तुरकौलिया।** रामनवमी पर्व के अवसर पर विश्व हिंदू परिषद और बजरंगदल के तत्वावधान में राम जानकी मठ ब्रहटोला से भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। शोभा यात्रा तुरकौलिया बाजार- चौक, कवलपुर, बैरिया बाजार होते हुए बोरिंग चौक, निमुईया के बाद गांधीघाट तक घुमाया गया। इसके बाद गांधी घाट पर जुलूस का समापन हो गया। इस दौरान हजारों हजार की संख्या में श्रद्धालु रैली में शामिल थे। सबसे बढ़िया श्य राम सीता जी की झाखी देखने को मिली। जिनका रथ हनुमानजी चला रहे थे। जेसीबी से भगवान राम और माता सीता के उपर फूलों से वर्षा हो रही थी। इस दौरान करीब एक दर्जन घोड़े शोभा यात्रा की शान बढ़ा रहे थे। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष पवन राज, पूर्व विधायक राजन तिवारी, ई0 कुंदन पासवान, मुखिया सुनील कुमार, विनय कुमार, सरपंच विजय सिंह, अनील गुप्ता, ओमप्रकाश गुप्ता, रवि गुप्ता, विक्की कुमार, संजय साह, बदरी पासवान, पूर्व मुखिया कमरुज्जमा, आबिद अंसारी, उपसरपंच अजमल कमाल उर्फ लाल, असलम अंसारी, आसिफ अंसारी, फारुक अंसारी, युनूस मियां आदि 'भीड़ को नियंत्रित करते देखे गए।' इंस्पेक्टर डीके भारती, तुरकौलिया थानाध्यक्ष उमाशंकर मांझी, रघुनाथपुर थानाध्यक्ष अलका कुमारी, एसआई संतोषी कुमारी सशस्त्र पुलिस बल के साथ मुस्तैद दिखे। 'शोभायात्रा गुजरने वाले रास्ते पर कवलपुर मस्जिद के पास विशेष पुलिस बल की व्यवस्था की गई थी।' जुलूस के साथ-साथ पुलिस भी चल रही थी। संयमित ढंग से भव्य जुलूस का समापन हो गया। बुद्धिजीवी व गणमान्य लोगों ने शांतिपूर्ण माहौल में पर्व संपन्न कराने को लेकर 'पुलिस प्रशासन को बधाई दिया है।

## संक्षिप्त खबरें

### नेपाली पुलिस ने नेपाल के तरफ नो मेन्स लैण्ड से अतिक्रमण हटवाया

**रक्सौल(एनएसबी)।** भारत के बाद अब नेपाल सरकार भी अपने सीमा क्षेत्र को अतिक्रमण मुक्त कराने का कवायद प्रारंभ कर दिया है।इसी क्रम में रक्सौल के प्रेम नगर मुहल्ला से सटे नेपाली सीमा क्षेत्र में बने अवैध संरचना को नेपाल पुलिस प्रसाशन और एसएसबी 47 वीं बटालियन के अधिकारी व जवानों की उपस्थिति में ध्वस्त कर नो मेन्स लैण्ड को अतिक्रमण मुक्त कराया गया। इसके पूर्व सीमा पर वर्षो से बने अवैध निर्माण को हटाने के लिए नापी कर निर्मित संरचनाओं को चिन्हित किया गया था तथा निर्माण कराने वालों को नोटिस जारी की गई थी। नोटिस में 15 दिनों के भीतर उक्त अवैध संरचना को स्वयं हटाने का निर्देश दिया गया था। इसके बावजूद घर-दुकान नहीं हटाने पर परसा जिला प्रशासन ने उक्त कदम उठाया है।इस बाबत पर्सा जिला के डीएम भोला दहाल ने बताया कि भारत-नेपाल सीमा अर्थात नो मेंस लैंड भारत, नेपाल की ओर से छोड़े गए चिन्हित खाली जमीन होता है। दोनों देशों के नागरिकों को इस नो मेंस लैंड पर किसी भी प्रकार की संरचना का निर्माण करने की अनुमति नहीं है। क्योंकि नो मेंस लैंड पर निर्माण होने से दोनों देशों के बीच सीमा की पहचान के चिन्ह, निर्धारित सीमा चि मिटने की आशंका रहती है। साथ ही भारत विरोधी गतिविधियां संचालित होने तथा असुरक्षा का खतरा बढ़ जाता है। इसी कारण नो मेंस लैंड को अतिक्रमण मुक्त कराया जा रहा है, ताकि सीमा तक पेट्रोलिंग आसानी से की जा सके। बताया गया कि नो मेंस लैंड पर भारत और नेपाल के नागरिकों द्वारा फूस की झोपड़ी बनाकर उसमें रहने, गुमटी रखकर दुकान खोलने, मवेशियों के लिए भूसा-दाना रखने तथा उन्हें बांधने के लिए फूस की झोपड़ी का निर्माण करने, नाद-खूंटा रखकर मवेशी रखने, छोटे-बड़े वाहनों का पंचर बनाने, पार्ट-पुर्जा की दुकान, गैरेज आदि बनाकर वर्षो से संचालन किया जा रहा था। इन अवैध संरचनाओं को हटाने के लिए निर्माण करने वाले लोगों को पहले ही नोटिस दी गई थी। बावजूद इसके बार-बार नोटिस देने और निर्देशों का उल्लंघन करने पर एसएसबी द्वारा स्थानीय पुलिस के सहयोग से सभी अवैध संरचनाओं को हटाया जा रहा है। बता दें कि पिछले दिनों एसएसबी 47वीं बटालियन चिकनी रक्सौल कैंप म भारत नेपाल के अधिकारियों की बैठक में उक्त सहमति हुई थी। जिसमें अतिक्रमण हटाने के दौरान एक दुसरे देश के अधिकारियों द्वारा सहयोग करने की भी सहमति बनी ।उक्त बैठक में पूर्वी चंपारण मोतिहारी के डीएम सौरभ जोरवाल, एसपी, एसएसबी 47वीं बटालियन के कमांडेंट संजय पाण्डेय, नेपाल के पर्सा बारा,सर्लाही सहित सभी सीमावर्ती क्षेत्र के अधिकारी शामिल थे।

### पूर्वी चंपारण में एलपीजी गैस आपूर्ति पूरी तरह सामान्य, प्रशासन ने जारी की प्रेस विज्ञप्ति

**मोतिहारी(एनएसबी)।** पूर्वी चंपारण जिले में एलपीजी गैस की उपलब्धता एवं वितरण व्यवस्था पूरी तरह सामान्य और सुचारू बनी हुई है। जिला प्रशासन द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार 26 मार्च 2026 तक के अद्यतन आंकड़ों में यह स्पष्ट किया गया है कि इंडियन अयल, हिंदुस्तान पेट्रोलियम और भारत पेट्रोलियम कंपनियों के माध्यम से गैस की पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही हैस जिले में वर्तमान में कुल 115 गैस एजेंसियां सक्रिय रूप से कार्यरत हैं, जो उपभोक्ताओं तक नियमित रूप से गैस पहुंचा रही हैं। 1 मार्च से 26 मार्च 2026 के बीच कुल 4,70,852 गैस बुकिंग दर्ज की गई, जिनमें से 3,99,796 सिलेंडर की सफलतापूर्वक डिलीवरी की जा चुकी है। प्रशासन के अनुसार बुकिंग के अनुरूप तेजी से गैस की आपूर्ति की जा रही है।सिर्फ 26 मार्च 2026 की बात करें तो एक ही दिन में 16,204 बुकिंग प्राप्त हुई, जबकि 14,818 सिलेंडर का वितरण किया गया। इसी दिन तेल कंपनियों से 18,465 सिलेंडर प्राप्त हुए। वर्तमान में जिले में 31,312 सिलेंडर का स्टक उपलब्ध है, जबकि 73,568 सिलेंडर की मांग लंबित है।होम डिलीवरी व्यवस्था को भी मजबूत बनाए रखा गया है। जिले के सभी 115 वितरक उपभोक्ताओं तक घर-घर गैस पहुंचा रहे हैं। हालांकि, होम डिलीवरी नहीं करने वाली 3 गैस एजेंसियों से प्रशासन ने स्पष्टीकरण मांगा है।जिला प्रशासन ने उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे अनावश्यक रूप से गैस बुकिंग न करें और केवल घरेलू उपयोग के लिए ही गैस का इस्तेमाल करें। साथ ही, कालाबाजारी या जमाखोरी की किसी भी सूचना को तुरंत जिला नियंत्रण कक्ष के दूरभाष नंबर 06252-242418 पर दें। प्रशासन ने यह भी स्पष्ट किया है कि स्थिति पर लगातार निगरानी रखी जा रही है और किसी भी प्रकार की अनियमितता पाए जाने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। आपदा नहीं है भारी, यदि पूरी है तैयारी के संदेश के साथ प्रशासन ने लोगों से सजग और सतर्क रहने की अपील की हैस उक्त जानकारी जिला सूचना एवं जनसम्पर्क पदाधिकारी ज्ञानेश्वर प्रकाश ने दी।

### कड़ी सुरक्षा में निकली रामनवमी शोभायात्रा


#### बेतिया सांसद व विधायक सहित कई लोग हुए शामिल

**रक्सौल(एनएसबी)।** शहर में रामनवमी के पावन अवसर पर निकलने वाली शोभायात्रा को लेकर प्रशासन पूरी तरह सतर्क नजर आ रहा है। शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण माहौल बनाए रखने के लिए शहर के विभिन्न इलाकों में सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए हैं।किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए अतिरिक्तपुलिस बल की तैनाती की गई है। साथ ही सभी पुलिसकर्मियों की छुट्टियां रद्द कर दी गई हैं, ताकि सुरक्षा व्यवस्था में किसी तरह की कमी न रहे। प्रशासन द्वारा संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष निगरानी रखी जा रही है।प्रशिक्षु आईपीएस हेमंत कुमार ने सुरक्षा तैयारियों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए हैं कि शरारती और असामाजिक तत्वों पर लगातार नजर रखी जाए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि अफवाह फैलाने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।शहर में जगह-जगह सीसीटीवी कैमरों से निगरानी की जा रही है, वहीं सादे लिबास में पुरुष एवं महिला पुलिसकर्मियों को भी तैनात किया गया है। प्रशासन ने आम लोगों से भी अपील की है कि वे किसी भी अफवाह पर ध्यान न दें और त्योहार को शांति व भाईचारे के साथ मनाएं।प्रशासन का साफ संदेश है कि शोभायात्रा में बाधा डालने वाले तत्वों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। रामनवमी की शोभा यात्रा में बेतिया सांसद ड संजय जायसवाल,स्थानीय विधायक प्रमोद कुमार सिन्हा, भाजपा नेता सुरेश यादव,पूर्व प्रमुख सुबोध कुमार कुशवाहा,भाजपा युवा नेता कमलेश कुमार, प्रशांत कुमार सहित हजारों श्रद्धालु शामिल थे।


शोभायात्रा में शामिल लोग।

### पीपराकोठी में विशेष अभियान, आठ गिरफ्तार

**पीपराकोठी।** थाना क्षेत्र में चलाए गए एक विशेष अभियान के तहत पुलिस ने विभिन्न मामलों में कुल आठ अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। इन सभी गिरफ्तार व्यक्तियों को आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद माननीय न्यायालय में पेश किया गया। गिरफ्तार किए गए अभियुक्तों में एक लाल वारंटी, एक एनबीडब्ल्यू (छठॅ) वारंटी और शराब सेवन के आरोप में छह लोग शामिल हैं। इनमें वाटगंज निवासी राहुल कुमार और प्रदीप कुमार, बेला निवासी सुनील राम, ढेकहां चौनपुर निवासी मुन्ना कुमार, हथियाही निवासी मंजय सहनी और तेजनारायण चौधरी, तथा नंदपुर ढेकहां निवासी विकास कुमार और दसई कुमार शामिल हैं। पुलिस द्वारा चलाए गए इस विशेष अभियान का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र में कानून-व्यवस्था को मजबूत करना और अपराध पर नियंत्रण स्थापित करना है। थाना पुलिस लगातार वारंटियों की गिरफ्तारी और अवैध गतिविधियों के खिलाफ कार्रवाई कर रही है, ताकि इलाके में शांति और सुरक्षा का माहौल बना रहे। इस कार्रवाई की पुष्टि करते हुए ब्रजेश कुमार सिंह ने बताया कि अपराध और असामाजिक गतिविधियों के खिलाफ यह अभियान आगे भी जारी रहेगा। उन्होंने आम जनता से कानून-व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस का सहयोग करने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को देने की अपील की।



गिरफ्तार लोग व पुलिस अधिकारी।

## संक्षिप्त खबरें

### 01 को जिला स्थापना दिवस का होगा आयोजन, लोक गीत आधारित नृत्य की प्रस्तुति की जाएगीः जिलाधिकारी दीपेश कुमार

**सहरसा (एनएसबी)।** शुक्रवार को जिलाधिकारी दीपेश कुमार की अध्यक्षता में जिला स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों के रूपरेखा के संबंध में समीक्षा की गई। विचारोपरांत निर्णय लिया गया की 01 अप्रैल सहरसा जिला स्थापना दिवस का आयोजन उत्साहपूर्ण वातावरण में किया जाएगा। जिला शिक्षा कार्यालय के सौजन्य से पूर्वाह्नः 7 बजे छात्र-छात्राओं के नेतृत्व में प्रभात फेरी का आयोजन किया जाएगा। बैठक में लिए गए निर्णय के अनुसार स्थानीय प्रेक्षा गृह स्थापना दिवस के अवसर पर ह्लसायं छह बजेह्ल से सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। जिसमें स्थानीय प्रतिभाशाली कलाकारों, आमंत्रित कलाकारों द्वारा गायन, लोक गीत आधारित नृत्य की प्रस्तुति की जाएगी। समाहरणालय को सुसज्जित किया जाएगा। पारंपरिक कार्यक्रम में सभी पदाधिकारियों की सहभागिता होगी। बैठक में उप विकास आयुक्त गौरव कुमार, अपर समाहर्ता निशांत, वरीय उप समाहर्ता राजू कुमार, जिला आपूर्ति पदाधिकारी प्रमोद कुमार, जिला जन संपर्क पदाधिकारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी हेमचंद्र, जिला कला एवं संस्कृति पदाधिकारी स्नेहा कुमारी सहित अन्य सम्बंधित उपस्थित थे।



### मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के जन्मोत्सव के रुप में मनाया जाता है रामनवमी, चैत्र नवरात्र का भी हुआ समापन ब्रतियों ने तोड़ा उपवास

**सोनवषार्राज (सहरसा) (एनएसबी)।** क्षेत्र के सभी महावीर व श्रीराम मंदिरों में रविवार को पूरे विधि विधान एवं धूमधाम से रामनवमी पर्व मनाया गया। इस पर्व का विशेष महत्व है कहा जाता है कि रामनवमी चैत्र मास के शुक्ल पक्ष की नवमी को मनाया जाने वाला एक प्रमुख हिंदू त्यौहार है, जो मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम के जन्मोत्सव के रूप में हर साल काफी धुमधाम से मनाया जाता है। यह पर्व सत्य, धर्म और आदर्श जीवन का प्रतीक है, जो बुराई पर अच्छाई की जीत को दशार्ता है । चैत्र नवरात्र होने की वजह से कुवारी कन्याओं को भोजन कराने के साथ ही व्रतियों ने अपना उपवास तोड़ा और चैत्र नवरात्र का समापन किया। इससे पहले महावीर मंदिरों में दो दिनों के अनुष्ठान के तहत अखंड श्रीरामचरित मानस पाठ एवं रामधूनी के समापन के बाद रविवार अपराह्न भजन किर्तन सहित वैदिक मंत्रोचारण के साथ हवन कराया गया। तत्पश्चात वैदिक मंत्रोचारण के सामुहिक रूप से ध्वजारोहण कर ब्रह्मण भोजन कराते हुए बाबा बजरंगवली को विभिन्न मिठाई, फल व पकवानों का भोग लगाते हुए प्रसाद वितरण किया गया। इस दौरान क्षेत्र के सोहा, सोनवर्षा,देहद,बेहट पदमपुर,अरसी सहसौल, अतलखा, खजुराहा, बिराटपुर, मंगवार , सहित विभिन्न क्षेत्रों में रामधुनी से गुंजायमान रहा। इस दौरान बाबा बजरंगवली की जय हो तथा जयश्रीराम के उद्घोष से समूचा क्षेत्र गुंजायमान है।



### रामनवमी के अवसर पर काशनगर में 251 कन्याओं ने निकाली भव्य कलश यात्रा।



**सहरसा नगर (एनएसबी)।** जिले के सभी प्रखंडों सहित सोनवर्षा राज रामनवमी पर्व प्रखंड क्षेत्र में शुक्रवार को रामनवमी हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। विभिन्न महावीर मंदिरों सहित सभी मंदिरों में पूरे विधि-विधान के साथ ध्वजारोहण किया गया। साथ ही, बजरंगबली मंदिरों में 24-48 घंटे का अखंड रामधुनी का आयोजन भी चल रहा है।इस पावन अवसर पर काशनगर मुख्य बाजार स्थित बजरंगी मंदिर परिसर से 251 कन्याओं व महिलाओं ने भव्य कलश व शोभायात्रा निकाली। मंदिर प्रांगण से शुरू हुई कलश यात्रा मैना घाट स्थित सुरसर नदी पहुंची, जहां वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच सभी ने अपने कलशों में जल भरा। इसके बाद यात्रा मैना, माली, फतेहपुर, पडरिया होते हुए काशनगर बाजार का भ्रमण कर यज्ञ स्थल पर समाप्त हुई।ढोल-नगाड़ों, गाजे-बाजों और राम नाम के उद्घोष से पूरा माहौल भक्तिमय हो गया। कलश यात्रा में शामिल 251 कन्या व महिलाएं लाल, पीले व भगवा रंग के वस्त्रों में सजी हुई। आयोजकों ने बताया कि 48 घंटे के अखंड रामधुनी के साथ अखंड अष्टयाम का भी आयोजन किया जा रहा है, जिससे पूरे क्षेत्र में भक्ति और आस्था का संदेश फैल रहा है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से धीरज कुमार पंकज, डीलर संघ के सचिव नीरज त्यागी, शंकर चौरसिया, सुबोध कुमार रंजन, सत्य संजय भगत, मनोज भगत, दिलीप पौद्दार, राज सिंह, सोनू भगत, ललन साह, मोती साह, रंजीत कुमार, रौशन कुमार यादव सहित सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित रहे।

### सीनेट चुनाव को लेकर प्रो गोपी कृष्ण ने समर्थकों संग मतदाताओं से साधा संपर्क, मतदान आज।

**सहरसा शहर (एनएसबी)।** भूपेंद्र नारायण मंडल विश्वविद्यालय में इन दिनों सीनेट सदस्य चुनाव को लेकर प्रचार-प्रसार तेज हो गया है। विभिन्न कोटियों के प्रत्याशी अपने-अपने पक्ष में मतदाताओं को रिझाने के लिए सक्रिय हैं। इसी क्रम में संबद्ध महाविद्यालय के लक्ष्मीनाथ महाविद्यालय बनगांव के ग्रुप सी से सामान्य कोटि के उम्मीदवार प्रो गोपी कृष्ण मिश्र का प्रचार अभियान काफी तेज हो चला है। अपने समर्थकों के साथ जहां महाविद्यालय में बैठक की।वहीं मधेपुरा एवं सुपौल जिले के विभिन्न कॉलेजों का दौरा कर मतदाताओं से संपर्क साधा।इसके लिए मतदान शनिवार को सभी महाविद्यालयों में संचालित होगा।इसको लेकर विश्वविद्यालय प्रशासन ने तैयारी पूरी कर ली है।प्रो गोपी कृष्ण के साथ प्रचार अभियान में प्रो रविंद्र कुमार झा फूल बाबू, प्रो प्रमोद कुमार झा, प्रो अनिल कुमार ठाकुर, प्रो मनीष पाठक, प्रो प्रकाश मिश्रा सहित अन्य लगातार जनसंपर्क कर रहे हैं।वहीं समर्थकों ने उन्हें एक योग्य एवं अनुभवी उम्मीदवार बताते कहा कि उनके सीनेट सदस्य बनने से संबद्ध महाविद्यालय की विभिन्न समस्याओं को सदन के माध्यम से मजबूती से उठाया जाएगा एवं समाधान की दिशा में ईमानदार प्रयास किया जाएगा।इस दौरान प्रो गोपी कृष्ण मिश्र ने व्यक्तिगत रूप से मतदाताओं से मुलाकात कर समर्थन मांगा।कई मतदाताओं ने उन्हें जीत का भरोसा भी दिलाया।



### न्यायालय गेट स्थित हनुमान मंदिर में चैबीस घंटा अष्टजाम

**सहरसा षहर (एनएसबी)।** शहर के न्यायालय गेट स्थित हनुमान मंदिर में हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी पूरे श्रद्धा व भक्तिभाव से अखंड अष्टजाम का आयोजन किया गया।मंदिर के संस्थापक नवीन सिंह उर्फ बजरंगवली ने बताया कि रामनवमी के अवसर पर हनुमान ध्वजारोहण, भजन-कीर्तन, रामधुन पर आधारित 24 घंटा अखंड अष्टयाम एवं रामायण पाठ का आयोजन किया जा रहा है।इस अष्टजाम में स्वर संगम संगीत कीर्तन मंडली के कलाकारों द्वारा बेहतरीन नृत्य प्रस्तुति के साथ साथ रामधुन का गायन कर रहे है। स्वर संगम संगीत कीर्तन मंडली के संस्थापक सह गायक सुनील कुमार यादव ने बताया कि ढोलक पर बालो मुसाफिर, तबला पर रोहित कुमार, पैड पर चंद्रभूषण कुमार ने अपने वादन से दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया। वहीं नर्तक के रूप में शैलेंद्र यादव, विकास कुमार, नीरज कुमार, अमर कुमार, पंकज कुमार, गणेश यादव, एवं पंकज यादव ने शानदार प्रस्तुति दी। मंदिर के पुजारी जनार्दन यादव ने बताया कि रामनवमी के अवसर पर हनुमान जी का ध्वजारोहण पूरे विधि विधान से किया गया। उन्होंने कहा कि इस मंदिर में आने वाले भक्तों की सभी मनोकामना पूर्ण होती है। वही न्यायालय स्थल गेट पर स्थापित होने के कारण हनुमान जी की कृपा से किसी केस मुकदमे में सफलता प्राप्त होती है जिसके कारण इस स्थल पर प्रतिदिन भक्तों की भीड़ लगी रहती है।



# रामनवमी मेला समिति पंचवटी द्वारा विशाल व भव्य शोभायात्रा का आयोजन, राम सदृश जीवन के हर क्षेत्र में मर्यादित व्यवहार ही सनातन संस्कृति का मूलमंत्रः स्नेहा झा





मंचासीन अतिथि। रेस में शामिल घोड़सवार।

**सहरसा शहर (एनएसबी)।** श्री रामनवमी मेला समिति पंचवटी चैक पर विगत 45 वर्षो से भव्य मेला का आयोजन किया जाता है। इस अवसर पर विशाल एवं भव्य शोभा यात्रा का आयोजन कर नगर भ्रमण किया जा रहा है। इस दौरान रथ पर श्रीराम,लक्ष्मण, सीता, हनुमान एवं भगवान भोलेनाथ की दिव्य झांकी का भी आयोजन किया गया।स्थानीय पंचवटी सहरसा में सन 1981ई० से विराट श्री रामनवमी मेला का आयोजन होता रहा है, गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी विराट श्री रामनवमी मेला का आयोजन किया गया है, इसके संस्थापक श्री रमेश चंद्र यादव हैं। मेला में अपराह्न 4:00 बजे भव्य शोभा यात्रा संयोजक कुन्दन वर्मा के नेतृत्व में निकाला गया शशि सरोजनी रंगमंच सेवा संस्थान के नाट्य निर्देशक सह सदस्य श्री रामनवमी मेला समिति पंचवटी सहरसा के अभिनेता सह नाट्य निर्देशक कुन्दन वर्मा ने बताया कि मेला का उद्घाटन कला संस्कृति पदाधिकारी स्नेहा झा के द्वारा रिबन काट कर किया गया उसके उपरांत कुन्दन वर्मा के संयोजन में शोभा यात्रा निकाली गई। जिसमें विशेष आकर्षण झांकी रही। राम की भूमिका में प्रेम कुमार, सीता की भूमिका में प्राश्री सिंह, लक्ष्मण की भूमिका में जयंत कुमार, विश्वामित्र की भूमिका में लक्ष्य वर्मा, वशिष्ठ ऋषि अंश कुमार, हनुमान की भूमिका में मयंक कुमार थे। शोभा यात्रा पंचवटी चैक, इस्लामिया चैक, पॉलिटेक्निक, तिवारी टोला, हटिया गाछी, पूरब बाजार, शंकर चैक, कपड़ा पट्टी, महावीर चैक, कचहरी ढाला, बंफर चैक होते हुए पंचवटी चैक पर समाप्त हुई। शोभा यात्रा में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भाग लिया। झांकी देखने के लिये लोग सडक किनारे खडे हो भगवान श्रीराम के जयकारे लगाकर पुष्प की वर्षा करते रहें। संस्थापक रमेश यादव के नेतृत्व में अन्य वर्षो की भांति पंचवटी चैक पर मेले का भी आयोजन किया गया। रामनवमी मेला समिति पंचवटी के संस्थापक अध्यक्ष रमेश चंद्र यादव के अध्यक्षता में उद्घाटन जिला कला संस्कृति पदाधिकारी श्रीमती स्नेहा झा ने फीता काटकर किया गया।तत्पश्चात अध्यक्ष चंद्रशेखर सिंह चमन की अध्यक्षता में सभा आयोजित की गई। सिंडिकेट सदस्य मेजर डॉ गौतम कुमार के संचालन में आयोजित इस कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए संस्थापक अध्यक्ष रमेश चंद्र यादव ने कहा कि पंचवटी मेला समिति द्वारा वर्ष 1981 ई से रामनवमी मेला का आयोजन किया जा रहा है। हम सभी भगवान राम के अनुयायी हैं। उनके जन्म उत्सव पर भगवान राम के जीवन आदर्श और मयार्दा को अपने आचरण में उतारकर सशक्त समृद्ध समाज निर्माण का संकल्प ले। सनातन धर्म के उत्थान हेतु भगवान राम ने सीमा पर आतंकवाद को समाप्त कर जड़ से समूल नष्ट करने का काम किया। उन्होंने लंका पर विजय प्राप्त कर धर्म की स्थापना किया। मयार्दा पुरुषोत्तम के रूप में मयार्दा स्थापित की। हम अपने अंतःकरण मे कलुषित विचार को आने ना दें।सभी समाज के लोगों को साथ लेकर अनुशासन के साथ राष्ट्र निर्माण में सहयोग करें। जिला कला संस्कृति पदाधिकारी स्नेहा झा ने कहा कि भगवान राम का जन्म चैत्र शुक्ल नवमी को हुआ था जिसके कारण रामनवमी का त्योहार धूमधाम से भक्ति में वातावरण में मनाया जा रहा है। भगवान राम का जीवन एक आदर्श शिष्य,आदर्श बेटा, आदर्श पति, आदर्श राजा एवं मयार्दा पुरुषोत्तम के रूप में आज भी अनुकरणीय है। हम अपने जीवन में जीवन के हर क्षेत्र में मर्यादित व्यवहार करनी चाहिए। हमारी सभ्यता संस्कृति हमें सामाजिक समरसता के लिए प्रेरित करती है।राम सदृश जीवन के हर क्षेत्र में मर्यादित व्यवहार ही सनातन संस्कृति का मूलमंत्र है। भगवान राम की कृपा हम सब पर बनी रहे यही शुभकामना है। इस मौके पर उपाध्याक्ष राम प्रकाश सिंह, संयुक्त सचिव जितेंद्र कुमार सिंह, संयुक्त सचिव सचिव मुरारी प्रसाद यादव, डॉ रमेश कुमार सिंह, सुरेश चंद्र नंदलाल पासवान, श्यामाचरण झा, ज्योतिष कुमार झा, कुंदन कुमार वर्मा, राजीव भगत, मोनू झा, बम शंकर सिंह, भगवान झा, बजरंग झा, रमेश कुमार पासवान, सुभाष यादव, मनोज कुमार, गौरव कुमार, नवीन कुमार, राजेंद्र कुमार, सुशील सिंह, चंदन वर्मा सहित अन्य मौजूद थे।

# हिन्दी साहित्याकाश में महिषी से एक नव हस्ताक्षर ऋतिका रश्मि हुई उपस्थित



सम्मेलन में महिला कवि।

**सहरसा शहर (एनएसबी)।** मीमांसक मंडन मिश्र व उनकी धर्मपत्नी विदुषी भारती और हिंदी, मैथिली व बंगला के चर्चित लेखक राजकमल चैधरी की जन्मभूमि महिषी से एक नव हस्ताक्षर हिन्दी साहित्य पर दस्तक दी है ऋतिका रश्मि के नाम से।पिछले दिनों शहर के स्थानीय सभागार में शशि सरोजिनी रंगमंचह्ल के तत्वावधान में भव्य कोसी साहित्योत्सव तथा ह्लसाहित्यकार हरिशंकर श्रीवास्तव ह्लशलभह्ल 2026ह्ल एवं ह्लपूनमलता सिन्हा स्मृति सम्मान समारोहह्ल अनुष्ठित हुआ। साथ ही भव्य कवि सम्मेलन और सांस्कृतिक आयोजन भी सम्पन्न हुआ जिसमें समकालीन समय के देश व प्रदेश के हिंदी कवियों ने शिरकत की।इस साहित्यिक समागम में पर भूतपूर्व आईपीएस अधिकारी और वरिष्ठ साहित्यकार आदरणीय धुव्र गुप्त सहित दर्जन से भी अधिक कवियों ने सहभागिता की थी। कर्नाटक में प्रवास करने वाली महिषी में जन्मी और सहरसा से शिक्षित ऋतिका रश्मि की कविता ने अलग छाप छोड़ी।कवयित्री ऋतिका पिछले एक दशक से गंभीर रचना कर रही है। अपनी स्वरचित कविताओं के संख्या सौ से पार कर चुकी ऋतिका रश्मि की दो कविता संग्रह बहुत ही जल्द ही आम पाठकों के मध्य प्रतिष्ठित प्रकाशन से आने वाली है। ऋतिका की कविता विभिन्न साहित्यिक प्रतिकाओं में निरंतर कई वर्षों से प्रकाशित होती आ रहीं हैं।महिषी के अपने समय सबसे चर्चित और प्रतिष्ठित स्व सदाशिव चैधरी, आसपास गांव में बाबूसाहेब चैधरी के नाम जानने वाले की सबसे ज्येष्ठ सुपुत्री ऋतिका रश्मि हिंदी साहित्य का अध्ययन किया है और दरभंगा में विवाहोपरांत देश के विभिन्न शहरों में प्रवास किया है। अपने दोनों पुत्री और पुत्र को उच्च शिक्षा प्राप्त करवाने के बाद अब पूर्णतया साहित्य सृजन में रत हैं। इनके एकमात्र अग्रज भ्राता दीपक के चैधरी अंग्रेजी भाषा व साहित्य के सुविख्यात लेखक और संपादक हैं। दिल्ली प्रवास करने वाले दीपक के चैधरी अंग्रेजी साहित्य में जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय से उच्च शिक्षित हैं और उनकी कविता के तीन संग्रह प्रकाशित हो चुकी है । ऋतिका रश्मि से आने वाले समय में साहित्य और समाज को बहुत सारी अपेक्षाएं हैं।

### सिलेंडर व 25 हजार नगदी लूटे जाने के मामले में गैस एजेंसी के चालक के द्वारा मामला दर्ज

**बीते देर शाम हथियार के बल पर हुई थी लूट दो गिरफ्तार, बदमाष के निषानदेही पर मक्का खेत से छः गैस सिलेंडर बरामद।**

**सोनवषार्राज (सहरसा) (एनएसबी)।** बसनही थाना क्षेत्र अन्तर्गत रघुनाथपुर धर्म कांटा के समीप गुरुवार की शाम आनंद एचपी गैस ऐजेंसी अतलखा के पिकअप वैन चालक को हथियार के बल पर नकाबपोश अज्ञात बदमाशों के द्वारा मारपीट कर 25 हजार नगदी सहित करीब 20 गैस सिलेंडर लूटने का एक मामला सामने आया है। घटना के बाद पीडित गैस ऐजेंसी के वाहन चालक ने बसनही थाना में आवेदन देकर अज्ञात बदमाशों के खिलाफ नगदी सहित गैस सिलेंडर लूट करने का मामला दर्ज कराया है। थाने में दिए गए आवेदन के अनुसार आनंद एचपी गैस ऐजेंसी अतलखा के द्वारा अपने वाहन से रघुनाथपुर महुआ बाजार के उपभोक्ताओं को गैस सिलेंडर कि आपूर्ति करने के लिए भेजा गया था। जिसे रघुनाथपुर धर्म कांटा के समीप करीब आधे दर्जन बदमाशों ने गाडी को रोककर चालक अतलखा गांव निवासी वीर सिंह कुमार के साथ मारपीट करते हुए 25 हजार नगदी सहित 20 गैस सिलेंडर लूट कर फरार हो गया।घटना की सूचना मिलते ही बसनही थानाध्यक्ष विकास कुमार ने त्वरित कारवाई करते हुए रघुनाथपुर गांव से करण कुमार व छोटू कुमार को पूछताछ के लिए थाना लाते हुए उसके निशान देही पर उक्त गांव स्थित मक्का खेत से छः गैस सिलेंडर बरामद किया गया।उक्त बाबत बसनही थानाध्यक्ष विकास कुमार ने बताया कि पूछताछ के लिए हिरासत में लिए गए दोनों से पूछताछ करते हुए उसी के निशान देही पर बांकी गैस सिलेंडर बरामदगी करने सहित घटना में शामिल बदमाशों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

### अजब रंगीला गजब रंगीला खाटू महोत्सव की तैयारी जोरों पर

**सहरसा शहर (एनएसबी)।** श्री खाटू श्याम भक्त मंडल द्वारा 29-30 मार्च को श्री बड़ी दुर्गा मंदिर प्रांगण में दो दिवसीय अजब रंगीला गजब रंगीला खाटू महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इस महोत्सव का उद्देश्य श्री खाटू श्याम बाबा की भक्ति और सेवा में समर्पित होना है।इस दो दिवसीय महोत्सव में भजन कीर्तन, भंडारा, निशान यात्रा, बाहर से आए हुए कलाकारों द्वारा भजनों की अमृत गंगा, और 31 घंटे का अखंड ज्योत का आयोजन किया जाएगा।साथ ही निशान यात्रा 29 मार्च को सुबह 6:30 बजे निकलेगी। भजनों की अमृत गंगा 29 मार्च को 2 बजे से शुरू होगी।श्री खाटू श्याम भक्त मंडल के सचिव आदित्य मित्तल ने बताया कि इस महोत्सव का उद्देश्य श्री खाटू श्याम बाबा की भक्ति और सेवा में समर्पित होना है और समाज के लोगों को एक सुखद अनुभव प्रदान करना है।

# फिर एक बार अज्ञात अपराधियों ने दिनदहाड़े लुट की घटना को दिया अंजाम, पहले भी 17 व 23 मार्च को हो चुकी दिनदहारे लूट

**सहरसा सदर (एनएसबी)।** सोनबरसा कचहरी थाना क्षेत्र मे परमिनिया के समीप एक पुलिया पर अज्ञात अपराधियों ने गुरुवार दिनदहाड़े हथियार के बल पर एक शिक्षक से 34 हजार नगदी लुट कर फरार हो गया। घटना के बाद पिड़ित शिक्षक संजीव कुमार ने सोनबरसा कचहरी थाना में शिकायत कर अज्ञात अपराधियों की पहचान कर कार्रवाई की मांग की है। इस संबंध मे पिड़ित शिक्षक संजीव कुमार ने बताया कि गुरुवार को वह एक बैंक से 34 हजार रुपए निकाल सहरसा से अमरपुर महंत मिट्ठू दास उच्च विद्यालय अपने स्कूल जा रहा था। परमिनिया से थोड़ा आगे मुख्य सड़क पर बने एक पुलिया पर पिछे से आ रहे पल्सर बाइक पर दो अज्ञात नकाबपोश अपराधियो ने आगे से रास्ता रोक हथियार दिखा जान मारने की धमकी देते पास रखे लगभग 34 हजार छिन कर फरार हो गया। सोनबरसा कचहरी थाना क्षेत्र मे ही पिछले 17 मार्च को बिसनपुर के समीप एक बकड़ी व्यवसायी से बाइक सवार अज्ञात अपराधियों द्वारा दिनदहाड़े 12 हजार की लुट होने की घटना, 23 मार्च को भरौली के समीप दिन दहाड़े एक एएनएम सीमा कुमारी के सोने की कानबाली लुट और 27 मार्च को दिनदहाड़े एक शिक्षक से 34 हजार की नगदी लुट की घटना ने पुलिस के सामने अपराधियों ने चुनौती दे डाली है। इस संबंध मे सोनबरसा कचहरी थाना प्रभारी आशुतोष त्रिपाठी ने बताया कि पुलिस द्वारा मुस्तैदी से अपराधियों की पहचान कर जल्द गिरफ्तारी हेतु प्रक्रिया मे लगी से जिससे सभी लुट की घटना मे शामिल अपराधियों को गिरफ्तार किया जा सके।

### केस रिव्यू को लेकर एसडीपीओ का थाना दौरा

**बनमा ईटहरी (सहरसा) (एनएसबी)।** थाना में सिमरी बख्तियारपुर के एसडीपीओ मुकेश कुमार ठाकुर केस रिव्यू को लेकर पहुंचे। इस दौरान उन्होंने थाना में दर्ज विभिन्न मामलों की समीक्षा की तथा लंबित कांडों के शीघ्र निष्पादन का निर्देश दिया। निरीक्षण के क्रम में एसडीपीओ ने पुलिस पदाधिकारियों के साथ बैठक कर कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने, अपराध नियंत्रण तथा आम जनता की समस्याओं के त्वरित समाधान पर जोर दिया। उन्होंने अधिकारियों को सतर्कता एवं जिम्मेदारी के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने की हिदायत दी। इस मौके पर थानाध्यक्ष कुंदन कुमार सहनी, एसआई रवि कुमार, साकेत कुमार, रितेश कुमार, भोलानाथ गोंद, हरेंद्र कुमार समेत अन्य पुलिसकर्मी उपस्थित रहे।



### बिजली बकाया पर सख्ती, दर्जनों उपभोक्ताओं का कनेक्शन काटा गया



**बनमा ईटहरी (सहरसा) (एनएसबी)।** प्रखंड के कुशमी एवं महारस गांव में बिजली विभाग ने बकाया राशि नहीं जमा करने वाले उपभोक्ताओं के खिलाफ कार्रवाई करते हुए दर्जनों घरों का बिजली कनेक्शन काट दिया। विभाग की इस कार्रवाई से बकायेदार उपभोक्ताओं में हड़कंप मच गया। इस अभियान में विद्युत विभाग की टीम के साथ मानव बल भी मौजूद रहे। मौके पर नवीन कुमार, शाहिल कुमार सहित अन्य कर्मी उपस्थित थे। विधुत कनीय अभियंता नंदकिशोर कुमार ने बताया कि बार-बार सूचना देने के बावजूद कई उपभोक्ताओं द्वारा बकाया राशि जमा नहीं की जा रही थी, जिसके कारण यह कार्रवाई करनी पड़ी। उन्होंने स्पष्ट कहा कि आगे भी जिन उपभोक्ताओं पर अधिक बकाया रहेगा, उनका कनेक्शन इसी तरह काटा जाएगा। उन्होंने सभी उपभोक्ताओं से समय पर बिजली बिल जमा करने की अपील की, ताकि किसी भी प्रकार की असुविधा से बचा जा सके।

### जमीनी विवाद में महिला ने दिया आवेदन।

**बनमा ईटहरी (सहरसा) (एनएसबी)।** थाना क्षेत्र के प्रियनगर गांव में कबाला जमीन को लेकर विवाद का मामला सामने आया है। इस संबंध में गांव निवासी दीपेश पासवान की पत्नी आरती कुमारी ने थाना में लिखित आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई है। आवेदन में आरती कुमारी ने बताया कि गुरुवार की शाम करीब 5 बजे विपक्षी जबरन उनकी रोक लगाई गई जमीन पर चदरा चढ़ाकर निर्माण कार्य करने लगा। जब उनके परिवार के लोगों ने इसका विरोध किया तो आरोपितों ने गाली-गलौज शुरू कर दी। स्थिति बिगड़ने पर उन्होंने 112 डायल कर पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों पक्षों को समझा-बुझाकर अगले दिन थाना आने की बात कहकर लौट गई। पीड़िता का आरोप है कि पुलिस के जाने के बाद विपक्षी फिर से गाली-गलौज करने लगा और उनकी सास को डायन कहकर मारपीट की। साथ ही जमीन विवाद को लेकर जान से मारने की धमकी भी दी गई। इस मामले में उमेश पासवान, तेतरी देवी, अमित, मुन्ना समेत अन्य को आरोपित बनाया गया है।

### चिंटू के खोज में दर-दर भटक रहे है परिजन

**सहरसा (एनएसबी)।** जिले के सत्तरकटैया प्रखंड व बिहरा थाना क्षेत्र के बारा पंचायत के लालगंज गांव के वार्ड नं 13 निवासी चिंटू मिश्रा ऊर्फ अंकुर मिश्रा पिता स्वर्गीय राजीव मिश्रा जो मानसिक रूप से विक्षिप्त है। गुरुवार को शाम में 3 बजे घर से टहलने निकले जो लापता हैं। परिजनों के द्वारा काफी खोजबीन किया गया लेकिन कोई जानकारी नहीं मिली। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। अगर किन्ही को इनके बारे में कोई जानकारी मिले तो 7870103643 नम्बर पर सम्पर्क करें।

### वेंडर से जबरदस्ती सिलिंडर लेने पर उसके विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई करेंः दीपेश कुमार।

**सहरसा कार्यालय (एनएसबी)।** एलपीजी गैस सिलिंडर वितरण की वर्तमान क्रियान्वयन स्थिति, परिलक्षित अनियमितता के विरुद्ध की जा रही कारवाई को लेकर शुक्रवार को जिला सूचना जनसंपर्क कार्यालय में जिला आपूर्ति पदाधिकारी प्रमोद कुमार एवं डीपीआरओ आलोक कुमार ने विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन यह स्पष्ट करता है की घरेलू गैस के व्यावसायिक उपयोग या अवैध भंडारण संज्ञान में आने पर कठोरतम कारवाई सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन के संज्ञान में यह बात आया है कि जिले के विभिन्न गैस एजेंसियों के माध्यम से की जा रही घरेलू गैस सिलिंडरों की होम डिलीवरी के दौरान कुछ असामाजिक तत्वों एवं व्यक्तियों द्वारा रास्ते में ही वेंडरों से जबरदस्ती सिलिंडर ले लिए जा रहे हैं। विशेष रूप से मेसर्स अरूणित गैस एजेंसी एवं अन्य वितरकों द्वारा यह सूचना दी गई है कि गुरुवार को होम डिलीवरी के समय उनके वेंडरों के साथ जोर-जबरदस्ती की गई एवं सिलिंडरों को गंतव्य तक पहुंचने से पहले ही छीन लिया गया। इस संबंध में जिला प्रशासन ने जिले की जनता को अवगत कराया कि जिले में वर्तमान में गैस का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है। विभिन्न एजेंसियों के आंकड़ों के अनुसार एचपी एवं भारत गैस के कुल 7124 सिलिंडर स्टॉक में हैं एवं आपूर्ति निरंतर जारी है। सभी उपभोक्ता धैर्य बनाए रखें। रास्ते में डिलीवरी वेंडरों को रोकना या उनसे जबरदस्ती सिलिंडर लेना गैर-कानूनी है।इससे वितरण प्रणाली बाधित होती है एवं जरूरतमंद उपभोक्ताओं तक गैस समय पर नहीं पहुंच पाती है।

## बच्चो को लेकर परिभ्रमण पर गए शिक्षक शराब के नशे में धुत्त

# इंडो-नेपाल बॉर्डर पर मध निषेध टीम ने की कार्रवाई, पांच गिरफ्तार



एसएसबी के गिरफ्त में शराबी शिक्षक।

**वीरपुर (सुपौल) (एनएसबी)** । इंडो-नेपाल बॉर्डर पर स्थित भीमनगर चेकपोस्ट पर मध निषेध विभाग की टीम ने नियमित जांच अभियान के दौरान बड़ी कार्रवाई करते हुए शराब के नशे में पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए व्यक्ति सरकारी विद्यालयों में कार्यरत शिक्षक बताए जा रहे हैं, जिससे शिक्षा जगत में भी इस घटना को लेकर चर्चा तेज हो गई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि जिन शिक्षकों पर बच्चों के भविष्य को संवारने की जिम्मेदारी है, उन्हीं के द्वारा इस तरह की लापरवाही बेहद चिंताजनक है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, मध निषेध टीम द्वारा बॉर्डर पर आने-जाने वाले लोगों की सघन जांच की जा रही थी। इसी दौरान नेपाल की ओर से लौट रहे पांच संदिग्ध व्यक्तियों को रोककर जांच की गई। जांच के दौरान उनके व्यवहार में असामान्यता देखी गई, जिसके बाद ब्रेथ एनालाइजर से जांच की गई। जांच में सभी पांचों व्यक्तियों के शराब के नशे में होने की पुष्टि हुई। जिसकी पहचान मधेपुरा जिले के सिंघेश्वर थाना क्षेत्र के मनाहरा निवासी सिवंश कुमार उर्फ शक्ति शामन, बेलारी थाना क्षेत्र के परिहारी निवासी दीपनारायण राम, धैलाढ़ थाना क्षेत्र के रतनपुरा निवासी इंग्लिश कुमार, गम्हरिया थाना क्षेत्र के दुलार निवासी मिठू कुमार एवं खगड़िया जिले बेलदौर थाना क्षेत्र के बहुअरवा निवासी धीरेन्द्र कुमार के रूप में हुई है। बता दें कि उक्त शिक्षक मधेपुरा जिले के कुमारखंड प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय परिहारी

**एसएसबी के गिरफ्त में शराबी शिक्षक**

के के बताए जा रहे है। वही दीपनारायण राम कुमारखंड प्रखंड के टेंगराहा परिहारी पंचायत के मुखिया सुनीता देवी के पति है। सूत्रों के हवाले से मिली जानकारी के अनुसार, गिरफ्तार किए गए सभी लोग एक सरकारी विद्यालय में पदस्थापित शिक्षक हैं और वे छात्रों को शैक्षणिक परिभ्रमण के लिए नेपाल के ऐतिहासिक स्थलों का भ्रमण कराने ले गए थे। आरोप है कि इसी दौरान उन्होंने शराब का सेवन किया और वापस लौटते समय चेकपोस्ट पर पकड़े गए। ऐसे में शिक्षकों जैसे जिम्मेदार पद पर कार्यरत व्यक्तियों द्वारा इस तरह का कृत्य न केवल कानून का उल्लंघन है, बल्कि समाज के लिए भी कलंक है। मध निषेध विभाग के इंस्पेक्टर संजय प्रियदर्शी ने बताया कि बिहार में पूर्ण शराबबंदी लागू है, जिसके तहत शराब का सेवन, खरीद-बिक्री और परिवहन पूरी तरह प्रतिबंधित है। जाँच के दौरान 5 लोगों को शराब के नशे में गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार सभी आरोपियों को आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। वहीं, इस मामले की सूचना संबंधित शिक्षा विभाग को भी दे दी गई है, ताकि विभागीय स्तर पर भी कार्रवाई की जा सके। सुपौल जिलाधिकारी सावन कुमार ने बताया कि उक्त गिरफ्तार शिक्षकों के विरुद्ध कार्यवाई हेतु पत्र संबंधित जिला को भेज दी जाएगी।

## हिन्दू जागरण मंच ने रामनवमी को लेकर निकाला भव्य शोभायात्रा



शोभा यात्रा में शामिल मंच के सदस्य

**त्रिवेणीगंज (सुपौल) (एनएसबी)** । गुरुवार को हिन्दू जागरण मंच के सौजन्य से भव्य शोभायात्रा निकाला गया गाजे बाजे एवं जयश्री राम के जयकारों के बीच अजगैबी काली दुर्गा मंदिर से भव्य शोभायात्रा निकलकर मुख्यालय क्षेत्र के सभी मुख्य मार्गों का भ्रमण करते पुनः अजगैबी काली दुर्गा मंदिर में पहुंच सम्पन्न हुआ गाजे बाजे एवं घुड़सवारों समेत महिला एवं पुरुष सैकड़ों की संख्या में शोभायात्रा में शामिल श्रद्धालु रंगबिरंगे परिधानों में माथे पर जय श्री राम लिखे टोपी एवं जयश्री राम लिखे दुपट्टे गले में डाले अपने अपने हाथों में जय श्री राम लिखे पताके लेकर एवं जय श्री राम का जयघोष करते चल रहे थे वहीं शोभा यात्रा में शामिल रथ पर सवार राम ,सीता एवं लक्ष्मण बने बाल कलाकार आकर्षण का केन्द्र बना रहा शोभायात्रा के दौरान जय श्री राम के जयकारों एवं आतिशबाजियों से पूरा शहर गुंजायमान होता रहा शोभायात्रा के दौरान थानाध्यक्ष राकेश कुमार ,पु अ नि बी डी सिंह समेत अन्य पुलिस पदाधिकारी एवं पुलिस बल विधि व्यवस्था को लेकर मुस्तैद दिखे शोभायात्रा में वार्ड पार्षद राम सिंह ,विवेक कुमार ,तरुण सिंह राठौर समेत सैकड़ों की संख्या में महिला पुरुष श्रद्धालु शामिल थे ।

## संक्षिप्त खबरें

### पिपरा के निर्मली में गोली चलने की बात महज अफवाह, थानाध्यक्ष

**पिपरा (सुपौल)(एनएसबी)।** थाना क्षेत्र के निर्मली वार्ड 7 निवासी संजय मेहता की पत्नी के दुकान पर बुधवार की रात राजनिवास गुटखा मांगने पर हुई हो हल्ला गाली गलौज कर फायरिंग करने की बात को लेकर आवेदिका प्रमीला देवी ने दो नामजद और एक अज्ञात के विरुद्ध थाना में आवेदन दिया है। आवेदन मिलने पर प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। मामले को लेकर थानाध्यक्ष राजेश कुमार झा ने बताया निर्मली निवासी प्रमीला देवी के लिखित आवेदन पर प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है जांच में गोली चलने की पुष्टि नहीं हुई है। महिला के पति गांव से बाहर रहता है उनके बेटे सोनू कुमार और आरोपी के बीच विवाद सहित अन्य बिंदु को लेकर गहन जांच चल रही है जल्द ही मामले का खुलासा होगा और आरोपी को गिरफ्तार किया जाएगा। इधर आरोपी पक्षों का कहना है कि प्रेम प्रसंग के मामले को तुल पकराने के लिए सोची समझी साजिश के तहत बच्चों को फंसाया गया है पुलिस गहनता से जांच कर रही है प्रशासन पर पूरा भरोसा है। आरोपी पक्ष के लोगों ने पुलिस से गुहार लगाई है कि दोनों आरोपी और आवेदिका के बेटे का मोबाइल जब्त कर कॉल डिटेल निकलवाई जाए तो मामले का खुलासा हो जाएगा।

### मुख्यमंत्री बिहार दर्शन योजना के तहत परिभ्रमण पर गए स्कूली बच्चे

**पिपरा (सुपौल) (एनएसबी)।** प्रखंड क्षेत्र के मध्य विद्यालय पथरा के प्रधानाध्यापक द्वारा शुक्रवार को मुख्यमंत्री बिहार दर्शन योजना के अन्तर्गत छात्र-छात्राओं को शैक्षणिक परिभ्रमण पर भेजा गया। योजना के तहत विद्यालय के




परिभ्रमण पर जाते स्कूली बच्चे ।

70 छात्र-छात्राओं का दल विभिन्न दर्शनीय एवं ऐतिहासिक स्थलों के भ्रमण के लिए रवाना हुआ। परिभ्रमण दल की बस को विद्यालय शिक्षा समिति के अध्यक्ष सचिव एवं प्रधानाध्यापक अंजनी कुमार ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। हेडमास्टर अंजनी कुमार ने बताया कि इस शैक्षणिक भ्रमण से बच्चों का सर्वांगीण विकास होता है और बच्चों में सभ्यता एवं संस्कृति से परिचित होने का अवसर के साथ साथ ऐतिहासिक स्थलों का दर्शन करने का मौका मिलता है। छात्र छात्राओं को कोशी पुल और मिथिला हाट ले जाया गया। मौके पर सहायक शिक्षक दुलारचंद पासवान, पुष्पक पाठक, निखत नाजमीन, सुनीता कुमारी, रामरतन पासवान सहित अन्य मौजूद थे ।

### एसएसबी पिपराही ने 135 लीटर नेपाली शराब एवं एक चारपहिया वाहन सहित दो तस्कर को किया गिरफ्तार

**सुपौल (एनएसबी)** । सशस्त्र सीमा बल बीरपुर के अंतर्गत सीमा चौकी पिपराही द्वारा भारतझ्रनेपाल अंतरराष्ट्रीय सीमा क्षेत्र में सतर्कता एवं प्रभावी कार्रवाई करते हुए 135 लीटर नेपाली शराब एवं एक चारपहिया वाहन सहित दो तस्करों को गिरफ्तार किया गया है । इस संबंध में श्री गौरव सिंह कमांडेंट




एसएसबी के गिरफ्त में शराब तस्कर ।

45 वीं वाहिनी बीरपुर ने बताया कि विश्वसनीय सूत्रों से सूचना प्राप्त हुई थी कि सीमा चौकी पिपराही क्षेत्र में मादक पदार्थ की तस्करी होने की संभावना है। प्राप्त सूचना के आधार पर सीमा चौकी पिपराही से एक विशेष नाका पार्टी का गठन कर चिन्हित स्थान पर भेजा गया। स्पर संख्या 1170 पर पहुँचने पर जवानों ने देखा कि दो व्यक्ति संदिग्ध चारपहिया वाहन पर नदी की ओर से बोरी लाकर लाद रहे है । सुरक्षा बल द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए दोनों व्यक्तियों को वाहन सहित हिरासत में लिया गया। पूछताछ के दौरान व्यक्तियों ने अपना नाम योगेंद्र कुमार, ग्राम कोदली, जिला सुपौल तथा अनर्जित कुमार, ग्राम छतौनी, जिला सुपौल निवासी बताया। वाहन की तलाशी लेने पर उसमें से 5 प्लास्टिक बोरी बरामद हुई। बोरी को खोलकर देखने पर कुल 135 लीटर नेपाली शराब बरामद की गई। अभियुक्तों ने पूछताछ के दौरान बताया कि उक्त शराब ग्राम दहगामा निवासी भोला यादव द्वारा लाकर दी गई थी, जिसे ग्राम लौकहा निवासी अरविंद को देने के लिए ले जाया जा रहा था। दोनों गिरफ्तार व्यक्तियों, बरामद शराब एवं जब्त वाहन को आवश्यक कानूनी कार्रवाई के उपरांत मध्य निषेध विभाग, सिमराही को सुपुर्द कर दिया गया। इस कार्रवाई के दौरान सहायक उप निरीक्षक चंदन सिंह एवं अन्य जवानों ने सक्रिय भूमिका निभाई।

## लौकहा में 29 मार्च से शुभारंभ होगा भगैत सम्मेलन, 1400 मंडली को किया गया है आमंत्रित : डॉ. अमन



सम्मेलन की तैयारी का जायजा लेते डॉ. अमन ।

**सुपौल (सुपौल) (एनएसबी)।** सदर प्रखंड अन्तर्गत लौकहा पंचायत में 29 मार्च 2026 से 31 मार्च 2026 तक आयोजित राज्य स्तरीय भगैत महासम्मेलन सह 62 वां वार्षिक महाधिवेशन की जोर शोर से तैयारी चल रही है, 1400 से अधिक भगैत मंडली को आमंत्रित किया गया है सम्मेलन की विस्तारपूर्वक जानकारी साझा करते हुए अखिल भारतीय लोकगाथा भगैत महासभा के संयोजक सह प्रवक्ता डॉ. अमन कुमार ने कहा कि राज्य स्तरीय सम्मेलन में बिहार के विभिन्न जिला से लोकगाथा भगैत से जुड़े पंजियार, मुलगैन, मासिक सभापति, वार्षिक सभापति, महासभा सदस्य एवं बाबा धर्मराज भक्त भाग लेंगे। पड़ोसी राष्ट्र नेपाल से भी 8 भगैत मंडली सिरकत करेंगे, 29 मार्च को सुबह में 108 बालिकाओं की कलश यात्रा लौकहा वार्ड 11 सम्मेलन स्थल से निकलकर विभिन्न मार्गों से गुजरते हुए कजहा, अमहा होकर पुनः कार्यक्रम स्थल पर पहुँचेगी। तत्पश्चात दीप प्रज्वलित कर सम्मेलन का शुभारंभ किया जाएगा। कहा कि लोकगाथा भगैत भारतीय संस्कृति व सभ्यता का सबसे बड़ा दर्शन एवं सर्वोत्तम प्रहरी है। लोकगाथा भगैत समाज के किसी वर्ग, धर्म, जाति या व्यक्ति विशेष से संबंधित नहीं है बल्कि सम्पूर्ण समाज का धरोहर है। लोकगाथा भगैत के सबसे बड़े महानायक बाबा धर्मराज हैं। लोकगाथा भगैत से जुड़े बाबा धर्मराज, ज्योति पंजियार, मीरा साहेब, खेदन महाराज, संत कारू खिरहरी सहित तमाम पात्रों का मूर्ति निर्माण किया गया है। सम्मेलन में लोकगाथा भगैत के प्रसिद्ध गायक रूदल पंजियार, दिपेन पंजियार, रामदेव पंजियार, श्याम पंजियार, रंजीत पंजियार, दाहु पंजियार, सुभाष पंजियार, सुरेश पंजियार, चन्द्र किशोर पंजियार, शंकर पंजियार, लालू पंजियार, रामप्रवेश पंजियार, राज कुमार पंजियार, लाल पंजियार, अमित पंजियार, पंकज पंजियार, संगीता भारती, खुशबू भारती, रीता भारती, रीना भारती आदि अपने कला का प्रदर्शन कर बाबा धर्मराज की महिमा का बखान करेंगे। इस अवसर पर विशाल भंडारा का भी आयोजन किया गया है।

## रामनवमी को लेकर पिपरा में निकली भव्य शोभायात्रा, भगवा रंग से पटा बाजार

**पिपरा (सुपौल)(एनएसबी)।** रामनवमी पर्व को लेकर शुक्रवार को पिपरा बाजार में रामनवमी पूजा समिति, युवा क्लब के द्वारा पूरे बाजार को भगवा रंगों से पाट दिया गया। भक्ति के भाव में डूबा पिपरा भक्तिमय माहौल का केंद्र बन गया। महावीर चौक स्थित बजरंगी मंदिर को फूलों से सजाया गया जहां पूजा अर्चना करने वाले श्रद्धालुओं की लम्बी कतार लगी रही। बाजार के सभी मार्गों पर लहराता हुआ पाताखा के बीच हजारों की संख्या में शामिल सनातनियों ने नंदी की सवारी, रथ सहित ट्रेक्टर ट्राली की लम्बी कतार महावीर चोक से बिनोवा भावे मैदान तक दिखी ।

शोभायात्रा को आकर्षक बनाने के लिए भगवान राम, भाई लक्ष्मण, माता सीता और बजरंगी सहित अन्य देवी देवता भालू , बंदर, भूत प्रेत के अदभुत झांकी इस शोभायात्रा को चार-चांद लगा दिया। भगवा रंगों से सजे संवरे विभिन्न परिधानों में हजारों की संख्या में शामिल रामभक्तो ने राम नाम के जयघोष से माहौल को भक्तिमय बना दिया। बिनोवा भावे मैदान से निकली शोभायात्रा पिपरा बाजार स्थित गांधी चौक सुपौल रोड सिंहेश्वर रोड़ बाबा बुलंदी स्थान त्रिवेणीगंज रोड़ होते हुए पुनः बिनोवा भावे मैदान पहुंचे। इस दौरान विभिन्न जगहों पर स्थानीय समाजसेवियों द्वारा यात्रा में शामिल लोगों को सरबत, फल, जल, सहित, मिल्क सेक पिलाए गए । सुरक्षा का रहा कड़ा इंतजाम, थाना अध्यक्ष खुद स्थिति पर रखे हुए थे नजर रामनवमी को लेकर निकली दिव्य एवं



शोभा यात्रा में शामिल श्रद्धालु ।




सुरक्षा को लेकर मौजूद पुलिस बल।

भव्य शोभायात्रा में एक तरफ जहां घोरा घोरसार वाहनों की लंबी कतारों के साथ साथ हजारों की संख्या में रामभक्तो का जत्था चल रहा था वहीं दूसरी ओर शान्ति व्यवस्था को लेकर स्थानीय प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद रहकर स्वयं थानाध्यक्ष राजेश कुमार झा दर्जनों पुलिस बल के साथ शोभायात्रा में विधि व्यवस्था संधारित किये हुए थे । जगह जगह पर पुलिस बलों की तैनाती की गई थी। यात्रा शान्ति व सोहार्द पूर्वक सम्पन्न हुआ जिसमें रामनवमी पूजा समिति युवा क्लब पिपरा के तमाम युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका रही ।

## चैती दुर्गा पूजा में महानवमी के दिन चकला निर्मली स्थित दुर्गा मंदिर में महिलाओं की जुटी भारी भीड़





संतोष चौहान

**सुपौल।** जिले में विभिन्न स्थानों पर वासंतीय चैत्र नवरात्रि भक्तिमय वातावरण में धूमधाम से मनाया जा रहा हैं, इसी कड़ी में सुपौल नगर परिषद क्षेत्र के वार्ड 07 स्थित चकला निर्मली चैती दुर्गा मंदिर में हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी चैत्र नवरात्रि के मौके पर कलश स्थापना कर मां दुर्गा की आराधना शुरू हो गई, जिस पूजा को लेकर भव्य तैयारी की गई है। चकला निर्मली स्थित चैती मां दुर्गा मंदिर को भव्य तरीके से सजाया गया है। बताया जाता हैं कि सुपौल नगर परिषद वार्ड 07 चकला निर्मली स्थित दुर्गा मंदिर में करीब 72 वर्षो से हर वर्ष चैत्र नवरात्रि धूमधाम से मनाया जाता है। यहां हर वर्ष इस अवसर पर भव्य पूजा की जाती है। जिसमें हजारों की संख्यां में लोग जुटते हैं। खास कर यहां अष्टमी और नवमी को महाआरती का आयोजन किया जाता है। वही आज महानवमी के दिन महिलाओं द्वारा पूजा अर्चना के साथ खोयछा भराई भी की जाती है, जिसके लिए महिलाओं की भारी भीड़ रहती हैं, यहां महाष्टमी एवं महानवमी की संध्या में महाआरती होती है, जो इलाके में काफी प्रसिद्ध है, जो

**72 वर्षो से कलश स्थापना कर पूजा पाठ का किया जाता रहा है भव्य आयोजन**

भव्य और अलौकिक रहता है। जिसमें हजारों की संख्यां में श्रद्धालु पहुंचते हैं।

मान्यता है कि साल भर में चार नवरात्रि मनाई जाती है। जिनमें दो गुप्त और दो प्रत्यक्ष नवरात्रि होती है। इनमें से एक चैत्र नवरात्रि भी है। कहते हैं वासंतीय चैत्र नवरात्रि में मां जगत जननी के नौ रूपों की आराधना की जाती है। यही कारण है कि यहां हर दिन श्रद्धालुओं की भिड़ लगती है। इसी चैत्र नवरात्रि से हिंदू नव वर्ष की भी शुरूआत होती है। लिहाजा इसकी बड़ी महत्ता है। वही मंदिर के पुरोहित ने बताया कि देवी दुर्गा की विधिपूर्वक पूजन हवन करने से व्यक्ति के जीवन में आने वाली तमाम समस्याएं दूर हो जाती है और दुखों से मुक्ति मिलती है। जो भी श्रद्धालु विधि विधान और श्रद्धा भाव से मां दुर्गा की पूजा करते हैं उसके घर में सुख- शांति, समृद्धि और खुशहाली बनी रहती है ।

## जंगली हाथियों ने गेहूं की फसल किया बर्बाद, किसान बदहाल

**कौआकोल /नवादा( चौथी वाणी ):** प्रखण्ड के जंगली और पहाड़ी क्षेत्रों से सटे गांवों में जंगली हाथियों का उत्पात थमने का नाम नहीं ले रहा है। ताजा मामला बुधवार की रात्रि नावाडीह गांव से सामने आया है,जहां दो दर्जन से अधिक हाथियों के एक विशाल झुंड ने जमकर उत्पात मचाया। हाथियों ने किसानों की मेहनत पर पानी फेरते हुए हजारों रुपये मूल्य की गेहूं की लहलहाती फसल को पूरी तरह रौंद कर नष्ट कर दिया है। प्रभावित किसान सुरेश चंद्रा, कारू यादव, लूटन यादव, जयप्रकाश यादव, राजकुमार यादव, उर्मिला देवी और विशेशर यादव,आदि ने बताया कि बुधवार की रात अचानक हाथियों के झुंड ने खेतों में धावा बोल दिया। लगभग पांच बीघा से अधिक क्षेत्रफल में लगी गेहूं की फसल को हाथियों ने पैरों तले कुचल दिया। किसानों का कहना है कि उनकी साल भर की मेहनत और जमा पूंजी इस फसल में लगी थी,जो अब मिट्टी में मिल चुकी है। इस घटना से किसानों को भारी आर्थिक क्षति पहुंची है। हाथियों के लगातार हो रहे मूवमेंट से नावाडीह और आसपास के गांवों के ग्रामीण गहरे डर और दहशत के साये में जीने को मजबूर हैं। शाम ढलते ही लोग घरों में दुबक जाते हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि वन विभाग की ओर से हाथियों को खदेड़ने या सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम नहीं किए जा रहे हैं,जिससे उनकी जान-माल का खतरा बना रहता है। घटना की सूचना मिलते ही पंचायत समिति सदस्य नोमिंता कुमारी ने प्रभावित किसानों के प्रति सहानुभूति प्रकट की। उन्होंने जिला प्रशासन और वन विभाग के वरीय अधिकारियों से मांग की है कि अविलंब स्थल निरीक्षण कर फसल क्षति का सही आकलन किया जाए।

## जोरावरडीह विद्यालय में हर्षोल्लास के साथ मनाई गई सम्राट अशोक की जयंती

**कौआकोल / नवादा( चौथी वाणी ):** प्रखण्ड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय जोरावरडीह के प्रांगण में गुरुवार को महान मौर्य सम्राट अशोक की जयंती धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक अरिसूदन कुमार ने की। समारोह की शुरूआत सम्राट अशोक के तैल चित्र पर माल्यार्पण और पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। इस दौरान विद्यालय के शिक्षकों और बच्चों ने महान शासक के प्रति अपनी कृतज्ञता व्यक्त की।

## संक्षिप्त खबरें

### एबीवीपी की प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक कल से शुरू

**खगड़िया।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) की प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक



28 से 30 मार्च तक राज कौशल रिजर्ट में होगी। इस बैठक में पूरे बिहार से लगभग 400 छात्र-छात्राएं और शिक्षक प्रतिभागी भाग लेंगे। व्यवस्था प्रमुख अजय पटेल ने बताया कि परिषद के कार्यकर्ता जोर-शोर से तैयारियों में जुटे हुए हैं। स्वागत प्रमुख नलिन सिंह ने बताया कि बिहार के कोने-कोने से आने वाले छात्र प्रतिनिधियों के लिए पूरे खगड़िया को सजाया जा रहा है। जिला संयोजक नीतीश पासवान ने बताया कि तीन दिवसीय इस बैठक में संगठन से जुड़े कई अहम मुद्दों पर चर्चा होगी। लक्की सिंह ने बताया कि छात्र हितों से संबंधित विषयों पर विचार-विमर्श किया जाएगा और आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तय की जाएगी। परिषद के वरिष्ठ पदाधिकारी और शिक्षाविद इस बैठक में शामिल होकर संगठनात्मक मजबूती और भविष्य की दिशा पर मार्गदर्शन देंगे। बैठक में नीतीश पासवान, नलिन सिंह, कृष्णकांत पोद्दार, दिग्विजय कुमार, लकी सिंह, दिलखुश कुमार, अंशु पाठक, सौरभ पाठक, सोनू पाठक सहित कई प्रमुख कार्यकर्ता और शिक्षाविद उपस्थित रहे। बताते चलें कि प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक का मुख्य उद्देश्य संगठन को और अधिक सशक्त बनाना, छात्र-छात्राओं की समस्याओं पर ठोस रणनीति तैयार करना और आगामी कार्यक्रमों की दिशा तय करना है। खगड़िया में होने वाली यह बैठक परिषद के लिए महत्वपूर्ण पड़ाव साबित होगी, जहां विचार-विमर्श के साथ-साथ संगठनात्मक एकजुटता भी प्रदर्शित होगी।

### दो पक्षों में विवाद में मारपीट, चार घायल

**बेलदौर।** दो पक्षों में मामूली विवाद को लेकर जमकर मारपीट हुई। मारपीट के दौरान दोनों पक्षों से चार व्यक्ति घायल हो गये। उक्त मामला पनसलवा गांव का बताया जा रहा है। पनसलवा गांव निवासी मनोरंजन सिंह की पत्नी अनुराधा कुमारी ने बताया कि मामूली विवाद में चचेरा ससुर उपेंद्र सिंह के पुत्र ने गाली गलौच करते हुए मेरे घर के समीप पहुंचकर मारपीट की। मारपीट के दौरान जेवर छीन लेने का आरोप लगाया जा रहा है। वहीं दूसरे पक्ष के उपेंद्र सिंह की पत्नी 55 वर्षीय सुभद्रा देवी ने बताया कि राम विनय सिंह, बम बम सिंह, वीरेंद्र सिंह समेत आधे दर्जन से अधिक व्यक्तियों ने लाठी डंडे से लैस होकर जानलेवा हमला कर दिया। मारपीट के दौरान मेरी पुत्री सोनी कुमारी का सोने का जेवर छीन लिया। दोनों परिजन सगे भाई बताए जा रहे हैं। इस कारण मामूली विवाद को लेकर मारपीट की घटना घटती रहती है। थाना अध्यक्ष अजीत कुमार ने बताया कि आवेदन मिला है, मामले की छानबीन की जा रही है।

### आयुष्मान कार्ड से किया गया घुटने का निःशुल्क ऑपरेशन

**खगड़िया।** श्यामलाल चंद्रशेखर मेडिकल कॉलेज सह प्रभु नारायण मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल एनएच 31 परमानंदपुर के हड्डी विभाग ने घुटने का सफल प्रत्यारोपण कर नया कीर्तिमान स्थापित किया है। मेडिकल कॉलेज के निदेशक डॉ. स्वामी विवेकानंद ने कहा कि मरीज बच्चन मंडल मानसी ठाठा निवासी हैं। वे दस साल से चल नहीं सकते थे। शहीद प्रभुनारायण मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल में उनका घुटने का प्रत्यारोपण सफलतापूर्वक किया गया। उन्होंने कहा कि खगड़िया जिले का यह पहला बड़ा ऑपरेशन है। इस कार्य को हड्डी विभाग के डॉ. प्रीतम, डॉ. अमर सत्यम, एनेस्थीसिया के डॉ. दीपक, ओटी असिस्टेंट सरोज पंकज और अखिलेश की टीम ने किया। उन्होंने कहा कि खगड़िया जिले की जनता ने जो सपना 2006 में देखा था वह आज धीरे-धीरे पूरा हो रहा है। मेडिकल क्षेत्र में खगड़िया जिला अपने पैरों पर खड़ा होने की कोशिश कर रहा है। इनका ऑपरेशन आयुष्मान कार्ड द्वारा निःशुल्क किया गया। वे कहते हैं कि मरीज यदि प्राइवेट अस्पताल में अपरेशन करवाते तो 5 से 10 लाख रुपए लगता। डॉक्टरों की टीम को कॉलेज के अध्यक्ष डॉ. स्वामी विवेकानंद एवं डॉ. रीना कुमारी रुबी ने शुभकामनाएं एवं बधाई दी है।

### रामधुनी यज्ञ को लेकर निकाली गयी कलश शोभायात्रा

**बेलदौर।** नगर पंचायत के भगवती स्थान के समीप रामनवमी पर्व को लेकर तीन दिवसीय रामधुनी यज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। यज्ञ को लेकर 1001 कुमारी कन्याओं ने बाबा फुलेश्वर नाथ मंदिर पहुंचकर कलश शोभा यात्रा निकाली। पंडितों के मंत्रोच्चारण के बीच कलश में जल भरकर शिव मंदिर का परिभ्रमण करते हुए पिरनगरा पथ होकर बेलदौर बस्ती से गुजरती हुई कलश शोभायात्रा पूरे बेलदौर बाजार का भ्रमण करती हुई भगवती स्थान होकर यज्ञ स्थल पर पहुंची। कलश शोभा यात्रा में जय श्री राम का नारा गूंजायमान हो रहा था। कलश शोभा यात्रा में हजारों भक्तों एवं मोटरसाइकिल के अलावे कुमारी कन्याओं के लिए हर चौक चौराहे पर ठंडा पानी एवं ठंडा शरबत की व्यवस्था की गई थी। रामधुनी यज्ञ में ग्रामीण मंडली समेत पांच मंडली भाग लिया है। उद्घाटन बेलदौर नगर पंचायत के चेयरमैन ममता कुमारी के द्वारा किया गया।

# सुविधाओं की कमी भी बच्चों के हौसलों को नहीं डगमगा पा रही

**पसराहा (एनएसबी)।** कोलवारा पंचायत के भोरकाठ वार्ड नंबर 2 से शिक्षा के प्रति अटूट जुनून और अभावों के बीच संघर्ष की तस्वीर सामने आई है। यहां सुविधाओं की कमी भी बच्चों के हौसलों को डगमगा नहीं पा रही है। गांव के बच्चे देर रात सड़क किनारे लगे बिजली के पोल की मद्धम रोशनी में जमीन पर बैठकर अपनी पढ़ाई पूरी कर रहे हैं। इस दृश्य ने आधुनिक भारत में ग्रामीण विकास के दावों के बीच कड़वा सच उजागर कर दिया है। जब इन नन्हे छात्रों से इस तरह



**घर में पंखा नहीं होने से प्राकृतिक हवा और स्ट्रीट लाइट की रोशनी ही इनका है एकमात्र सहारा**

बाहर पढ़ने का कारण पूछा गया, तो एक छात्रा का जवाब व्यवस्था की पोल खोलने वाला था। उसने बताया कि घर के भीतर पंखा नहीं होने के कारण काफी गर्मी रहती है, जिसके चलते वहां बैठना भी दूभर है। ऐसे में प्राकृतिक हवा और स्ट्रीट लाइट की रोशनी ही उनके लिए एकमात्र सहारा है। सड़कों पर आवारा पशुओं की मौजूदी और असुरक्षा के बावजूद ये बच्चे अपनी किताबों में डूबे हुए हैं। यह दृश्य न केवल बच्चों की शिक्षा के प्रति गंभीरता को दर्शाता है, बल्कि यह भी बताता है कि बुनियादी सुविधाओं के अभाव में आज भी ग्रामीण इलाकों का बचपन किस कदर संघर्षशील है। यह तस्वीर प्रशासन और समाज के लिए गंभीर सवाल छोड़ती है कि क्या इन मेहनती हाथों को भविष्य संवारने के लिए बेहतर वातावरण मिल पायेगा।

# बेलदौर में युवक की पीट कर हत्या

नव संदेश ब्यूरो

**युवक की दिमागी हालत ठीक नहीं थी**



घटनास्थल पर पड़ा युवक का शव और पास में खड़े परिजन, पुलिस के जवान व अन्य।

**बेलदौर।** थाना क्षेत्र के बेला नवाद गांव निवासी कुशो शर्मा के 31 वर्षीय पुत्र कृष्ण कुमार उर्फ कारे शर्मा को बीते रात्रि दबंगों ने चोरी का आरोप लगाकर गांव से करीब दो सौ मीटर दूर गोदाम के समीप हाथ पैर बांधकर बुरी तरह से मारपीट की। इस दौरान जब उसकी मौत हो गई तो गांव के ही भीमराव अंबेडकर चौक के समीप शव को फेंक दिया। शुक्रवार की सुबह जब ग्रामीणों ने शव को देखा तो उनकी जानकारी मृतक के परिजनों को दी। इसके बाद परिजनों ने टोल फ्री नंबर 112 के पदाधिकारी को सूचना दी।

सूचना पर उक्त पदाधिकारी घटनास्थल पर पहुंचकर बेलदौर थाना अध्यक्ष को जानकारी दी। हलांकि मामले को रफा-दफा करने का भी प्रयास किया गया। लेकिन परिजनों ने घटना में शामिल आरोपियों पर कार्रवाई करने को लेकर अड़ गये तब इसकी सूचना जनप्रतिनिधियों ने थाना अध्यक्ष को दी। थाना अध्यक्ष अजीत कुमार ने आनन-फानन में थाना के एसआई शक्कल साह को पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर भेज दिया। पुलिस शव को पोस्टमॉर्टम के लिये सदर अस्पताल भेजने की प्रक्रिया में जुट गयी है। मृतक के परिवार में पत्नी एक पुत्री एवं माता-पिता के साथ भाई-बहन को छोड़कर चल बसे। इस संबंध में थाना अध्यक्ष अजीत कुमार ने बताया कि घटना की जानकारी मिली है। शव को पोस्टमॉर्टम के लिये भेजा गया है। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद सच्चाई का पता चल सकता है। उन्होंने कहा कि उक्त युवक का दिमागी हालत खराब था जो चोरी चपाटी किया करता था। इधर घटना की जानकारी मिलने के बाद गोगरी एसडीपीओ साक्षी कुमारी ने घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की जांच की। इस दौरान साक्षी कुमारी ने जनप्रतिनिधि एवं परिजनों से घटना की जानकारी हासिल की।

**ग्रामीणों ने चोरी का आरोप लगाकर मार डाला**

**गोगरी एसडीपीओ साक्षी ने किया घटनास्थल का दौरा**

पूछताछ के दौरान मृतक के पिता कुसो शर्मा ने बताया कि मेरे पुत्र की हत्या पीट-पीट कर कर दी गयी, जबकि मेरे पुत्र की दिमागी हालत खराब चल रही थी। एफएसएल की टीम घटनास्थल से घंटे भर गहन जांच कर महत्वपूर्ण सबूत इकट्ठा करने में जुट गई है। मृतक कृष्ण कुमार के शरीर पर कई जगह जख्म के निशान होने की बात कही जा रही है। मौके पर थाना अध्यक्ष अजीत कुमार, एस आई राहुल कुमार, सक्कल साह समेत पुलिस बल मौजूद थे।

# लोकसभा में गूंजी किसानों की पीड़ा

**खगड़िया (एनएसबी)।** सांसद राजेश वर्मा ने लोकसभा में क्षेत्र के किसानों की समस्याओं को उठाया। सांसद ने विगत 20 मार्च को आंधी तूफान बारिश और ओलावृष्टि के कारण मक्का और गेहूं की फसलों के नुकसान को लेकर प्रभावित किसानों को उचित मुआवजा देने की मांग सरकार से की है।

उन्होंने सदन में कहा कि विगत 20 मार्च को आए आंधी-तूफान और बारिश के कारण खगड़िया क्षेत्र में किसानों की फसलों को भारी नुकसान हुआ है। इससे अन्नदाताओं के सामने संकट की स्थिति उत्पन्न हो गई है। सांसद ने कहा कि सरकार का ध्यान खगड़िया लोकसभा की तरफ आकृष्ट करना चाहते हैं कि खगड़िया लोकसभा की बड़ी आबादी किसानों की है। विगत 20 मार्च को जिस तरह से आंधी बारिश और ओलावृष्टि के कारण किसानों के फसलों को व्यापक रूप से नुकसान हुआ है इससे न केवल किसान चिंतित हैं बल्कि



**सांसद ने जोरदार ढंग से उठाया फसल नुकसान का मुद्दा**

सरकार की तरफ अपनी निगाह लगाये बैठे हैं। उन्होने कहा कि कृषि मंत्री और सरकार का ध्यान आकृष्ट करते हुए कहना है कि मेरी लोकसभा में खगड़िया, अलौली, परबत्ता, बेलदौर, सिमरी बख्तियारपुर और हसनपुर विधानसभा के किसानों को सरकार के द्वारा फसल बीमा योजना के तहत एवं एनडीआरफ (नेशनल डिजास्टर रिलीफ फंड) के तहत मुआवजा मिले।

बता दें कि खगड़िया के किसान मुख्य रूप से कृषि पर ही निर्भर हैं। यहां के किसान काफी मात्रा में मक्का और गेहूं का उत्पादन करते हैं। उनकी आजीविका इन पर ही टिकी हुई है। ऐसे में भारी बारिश और आंधी तूफान के कारण हुए व्यापक रूप से नुकसान के बाद किसानों की कमर टूट गई है। हर साल यहां के लाखों किसान कोसी गंगा कमला समेत सहायक नदियों में आने वाली बाढ़ से प्रभावित रहते हैं। सांसद के निजी सचिव विकास कुमार ने कहा कि सांसद राजेश वर्मा ने एक बार फिर किसानों की मांगों को मजबूती से लोकसभा की पटल पर रखा है। उन्होंने सरकार से प्रभावित किसानों के लिए उचित मुआवजे की मांग की है।

# खगड़िया में ऐतिहासिक होगा कांग्रेस बचाओ सम्मेलन : छत्रपति यादव

**महेशखूंट (एनएसबी)।** कांग्रेस बचाओ सम्मेलन 21 अप्रैल को जिला मुख्यालय में एतिहासिक होगा। इस सम्मेलन को लेकर कांग्रेस के सभी कार्यकर्ताओं से सम्पर्क करना अभी से ही शुरू कर दिया गया है। सम्मेलन में अधिक से अधिक समर्पित कांग्रेस कार्यकर्ताओं के भाग लेने को लेकर जन सम्पर्क तेज कर दिया गया है। उक्त बातें पूर्व विधायक छत्रपति यादव ने महेशखूंट में पूर्व सेवादल के जिलाध्यक्ष प्रकाश कुमार मिश्रा उर्फ पप्पू मिश्रा के आवास पर सम्पर्क यात्रा के दौरान कहीं।



उन्होंने कहा कि सम्पर्क यात्रा की शुरुआत चौथम प्रखंड से की गयी है। जिले के विभिन्न प्रखंडों तथा पंचायतों में जाकर समर्पित कांग्रेसी कार्यकर्ताओं से सम्पर्क कर उनसे बिहार बचाओ सम्मेलन में भाग लेने की अपील की जाएगी। कांग्रेस के पूर्व प्रदेश युवाध्यक्ष नागेन्द्र पासवान बिकल ने बताया की 28 मार्च को परबत्ता तथा 29 मार्च को गोगरी प्रखंड में जन सम्पर्क अभियान किया जाएगा। पटना में 17 मार्च को आयोजित कांग्रेस महासम्मेलन में हुए निर्णय के तहत जिलावार सम्मलेन किया जाएगा। कांग्रेस के वरीय नेता कुन्दन कुमार सिन्हा ने कहा कि कार्यकर्ता किसी भी संगठन व पार्टी की रीढ़ होते हैं। संघ संगठन व पार्टी को बनाये रखने में कार्यकर्ताओं की अहम भूमिका होती है।

# चकप्रयाग के महावीर मंदिर में 850 ध्वज चढ़े, माहौल हुआ भक्तिमय

**परबत्ता (एनएसबी)।** प्रखंड अंतर्गत लगार पंचायत के चकप्रयाग गांव स्थित अतिप्राचीन महावीर मंदिर में रामनवमी के अवसर पर गुरुवार की देर रात श्रद्धा और भक्ति के साथ भव्य ध्वजारोहण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान सैकड़ों

**देर रात तक मंदिर परिसर में बना रहा मेले जैसा माहौल**

श्रद्धालुओं ने मंदिर पहुंचकर ध्वज चढ़ाए और पूजा-अर्चना की।

पूरे कार्यक्रम का संचालन पंडित गिरीश मिश्र ने विधिवत मंत्रोच्चारण के साथ किया, जहां श्रद्धालुओं ने बारी-बारी से ध्वजारोहण किया। देर रात तक मंदिर परिसर में मेले जैसा माहौल बना रहा और जय सियाराम व जय बजरंगबली के जयघोष से वातावरण गुंजायमान होता रहा। ध्वजारोहण संपन्न होने के बाद मंदिर में 24 घंटे के लिए अखंड रामधुनी का शुभारंभ







किया गया, जिससे पूरा क्षेत्र भक्तिमय माहौल में डूब गया। स्थानीय ग्रामीण श्रीनिवास चौधरी उर्फ कारे ने बताया कि इस अवसर पर करीब 850 ध्वज श्रद्धा-भक्ति के साथ चढ़ाए गए। कार्यक्रम में न केवल चकप्रयाग बल्कि आसपास के गांवों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। रामनवमी को लेकर गांव-गांव और घर-घर में उत्साह देखने को मिला। लोगों ने अपने घरों में भी ध्वजारोहण कर भगवान के प्रति अपनी आस्था प्रकट की। मंदिर परिसर में दिनभर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी रही।

# रामनवमी को लेकर क्षेत्र में उल्लास का माहौल

**चौथम (एनएसबी)।** प्रखंड क्षेत्र में रामनवमी पर्व को लेकर उल्लास का माहौल बना रहा। लोग सुबह से ही बासों की कटाई और रंगाई करने में जुटे रहे। कारण क्षेत्र में पंडित पुरान के द्वारा बताया गया की तिथि के हिसाब से रामनवमी का प्रवेश 26 मार्च दिन के 12 बजे के बाद तथा 27 मार्च को 10:45 पर इसका योग समाप्त हो जाएगा, जिसको लेकर तिथि को मानने वाले लोगों में ज्यादा बेचैनी देखी गई। और ऐसे लोगों के द्वारा धर्म का ध्वजारोहण 10:00 बजे से पूर्व ही कर लिया गया। जबकि सामान्य तौर पर क्षेत्र में लोग संध्या तक धर्म ध्वजारोहण करते देखे गए।

वही रामनवमी पर्व को लेकर लोगों को मानना है कि रामनवमी चैत्र मास के शुक्ल पक्ष की नवमी को भगवान विष्णु के सातवें अवतार रूप में देखा जाता है, तथा तब से मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम के जन्मोत्सव के रूप में मनाई जाती रही है। परंपराओं का यह सिलसिला सदियों से चला आ रहा है। जबकि लोग इस पर्व को अधर्म पर धर्म, असत्य पर सत्य और बुराई पर अच्छाई के विजय का प्रतीक माना जाता है। इस दिन लोग अपने-अपने घरों में धर्म ध्वजारोहण करते हैं, तथा इस अवसर पर भक्ति में पूजा पाठ रामायण पाठ भजन कीर्तन कर सत्य

**चैत्र नवरात्रि के अंतिम दिन मनायी जाती है रामनवमी**

**इस दिन लोग अपने घरों में करते हैं धर्म ध्वजारोहण**

त्याग करुणा जय श्री रामायण चरित्र से अपने आप को जोड़ने का संकल्प भी लेते हैं। यह रामनवमी का पर्व चैत्र नवरात्रि के अंतिम दिन लोगों के द्वारा मनाई जाती है। वही यह रामनवमी का पर्व क्षेत्र के अधिकांश घरों में होती है, तथा क्षेत्र के अधिकांश सभी सार्वजनिक पूजा स्थल मंदिर ठाकुरबारी और शिवाला सभी मठो में विशेष रूप से पूजा पाठ की जाती है।

यह पर्व विधि विधान पूर्वक वेद मंत्र के साथ-साथ नावेद धूप दीप अगरबत्ती आदि जलकर अपने मन भावना को पवित्र करने की कोशिश की जाती है। वही क्षेत्र के चौथम मुख्यालय में खास करके लालपुर ठाकुरबारी, लालपुर सार्वजनिक बजरंगबली स्थान, चौथम बाजार स्थित सार्वजनिक हनुमान मंदिर आदि में विशेष पूजा अर्चना की व्यवस्था की गयी थी। बताया जाता है कि यह रामनवमी का पर्व खास कर करके नवादा सार्वजनिक हनुमान मंदिर में देखने लायक होता है, जहां पूरे गांव के लोगों द्वारा ध्वजारोहण किए जाते हैं,तथा यहां 100 से ऊपर ध्वजारोहण एक साथ किए जाते हैं जो यहां की विशेषता को दर्शाती भी है। साथ-साथ यहां के समाज के एकजुटता भी दिखती है तथा यहां का ध्वजारोहण देखने के लायक होती है।

# मोजाहिदपुर में चैती दुर्गा पूजा पर किया गया सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन

**परबत्ता (एनएसबी)।** नगर पंचायत परबत्ता क्षेत्र अंतर्गत मोजाहिदपुर में चैती दुर्गा पूजा के अवसर पर आयोजित सांस्तिक कार्यक्रम एवं नाटक मंचन कार्यक्रम का भव्य उद्घाटन परबत्ता विधायक बाबूलाल शौर्य, सांसद प्रतिनिधि पवन जायसवाल एवं नगर पंचायत परबत्ता के चेयरमैन प्रतिनिधि रंजीत कुमार साह ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों की उपस्थिति रही, जिससे पूरे क्षेत्र में उत्सव का माहौल देखने को मिला। सांस्तिक प्रस्तुतियों और नाटक मंचन ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया तथा कार्यक्रम ने श्रद्धा, भक्ति और सांस्तिक एकता का सुंदर संदेश दिया।मंच को संबोधित करते हुए परबत्ता विधायक बाबूलाल शौर्य ने अपने संबोधन में कहा कि ऐसे धार्मिक एवं सांस्तिक आयोजन समाज को जोड़ने का कार्य करते हैं और हमारी परंपराओं को जीवंत बनाए रखते हैं। उन्होंने आयोजकों को सफल आयोजन के लिए बधाई दी। वहीं सांसद प्रतिनिधि पवन जायसवाल ने कहा कि चौती दुर्गा पूजा आस्था और विश्वास का प्रतीक है, ऐसे कार्यक्रमों से समाज में भाईचारा और आपसी सौहार्द बढ़ता

**परबत्ता विधायक बाबूलाल शौर्य, सांसद प्रतिनिधि पवन जायसवाल और नगर पंचायत परबत्ता के चेयरमैन प्रतिनिधि रंजीत कुमार साह ने किया उद्घाटन**

है। चेयरमैन प्रतिनिधि रंजीत कुमार साह ने कहा कि नगर पंचायत क्षेत्र में इस प्रकार के आयोजनों से सांस्तिक विरासत को मजबूती मिलती है और नई पीढ़ी को अपनी संस्ति से जुड़ने का अवसर प्राप्त होता है। यह मंच हमेशा सांस्तिक कार्यक्रमों के लिए अग्रणी भूमिका निभाता है और स्थानीय कलाकारों को कला प्रदर्शन का एक मंच भी प्रदान करता है। इस अवसर पर लोजपा के जिलाध्यक्ष मनीष कुमार उर्फ नाटा, जिला उपाध्यक्ष छोटू पोद्दार, पूर्व सरपंच योगेंद्र साह, जदयू प्रखंड अध्यक्ष सुबोध साह, पूर्व मुखिया दयानंद दास, विनोद पंडित, कामदेव साह, मनोज शास्त्री, रूपेश कुमार, सोनू कुमार, सौरव कुमार सहित क्षेत्र के कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# कल्पना पटवारी जैसे नामी कलाकार देंगे अपनी प्रस्तुति

**महदीपुर चैती दुर्गा मेला**

**जिलाधिकारी और एसपी ने मेला स्थल का किया निरीक्षण**

**पसराहा (एनएसबी)।** परबत्ता प्रखंड के महदीपुर चैती दुर्गा मेला की भव्यता और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए जिला प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद नजर आ रहा है। इसी सिलसिले में जिलाधिकारी नवीन कुमार और पुलिस अधीक्षक राकेश कुमार ने संयुक्त रूप से मेला प्रांगण का दौरा कर तैयारियों का सघन जायजा लिया। अधिकारियों ने मेला समिति के अध्यक्ष रोहिन कुमार सिंह एवं अन्य वरिष्ठ सदस्यों के साथ संवाद किया और 28 मार्च को आयोजित होने वाले विशाल देवी जागरण कार्यक्रम के लिए प्रस्तावित स्थल का बारीकी से निरीक्षण किया।

सुरक्षा और बुनियादी सुविधाओं पर जोर देते हुए जिलाधिकारी ने मेला परिसर में स्थित महदीपुर पोखर के जीर्णोद्धार कार्य का अवलोकन किया। उन्होंने सिंचाई विभाग के कार्यपालक अभियंता रोशन कुमार को निर्देश दिए कि पोखर से अविलंब पानी की निकासी कर सीढ़ी निर्माण का कार्य युद्ध स्तर पर शुरू किया जाए, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। प्रशासन का मुख्य उद्देश्य मेले में आने वाले हजारों लोगों के लिए सुगम और सुरक्षित वातावरण तैयार करना है।

इस वर्ष मेले का मुख्य आकर्षण मुंबई की प्रख्यात लोक गायिका कल्पना पटवारी व अन्य कलाकारों का देवी जागरण कार्यक्रम है, जिसे लेकर स्थानीय लोगों और श्रद्धालुओं में भारी उत्साह देखा जा रहा है। चौती नवरात्रि के इस पावन अवसर पर राज्य के विभिन्न कोनों से जुटने वाली भारी भीड़ को देखते हुए पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए हैं। निरीक्षण के दौरान गोगरी एसडीओ संजय कुमार, डीएसपी साक्षी कुमारी, बीडीओ संतोष कुमार सहित कई प्रशासनिक अधिकारी और मेला समिति के गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे, जिन्होंने व्यवस्थाओं को अंतिम रूप देने में अपनी सहभागिता सुनिश्चित की।

# जय श्री राम के नारे से गूंज उठा लोहनगरी

## रामनवमी शोभा यात्रा में दिखा युवाओं का उत्साह





चौकस पुलिस प्रशासन।



शोभायात्रा में शामिल राम भक्त।

**जमालपुर (मुंगेर)** । श्री रामनवमी शोभा यात्रा समिति जमालपुर के संपूर्ण सनातन समाज की ओर से रामनवमी शोभा यात्रा का भव्य आयोजन रेलवे पानी टंकी मैदान से हुआ।

पुलिस प्रशासन के कड़ी चौकसी के बीच निकाली गई शोभायात्रा शहर के विभिन्न चौक चौराहे का भ्रमण करते हुए जय श्री राम के नारे को गुंजमान किया। शोभायात्रा में जहां सैकड़ो की संख्या में युवा अपने हाथों में ध्वज को लहराते हुए जय श्री राम, जय हनुमान, भारत मां के जयकारे भी लगाए।

इधर शोभा यात्रा को भव्य बनाने के लिए शहर में सनातन धर्म प्रेमियों के द्वारा जगह-जगह सेवा शिविर लगाकर शोभा यात्रा में शामिल धर्म प्रेमियों को पानी सरवत जूस पिलाकर उत्साह को बढ़ाया। वहीं शहर वासियों ने पुष्प की बारिश कर शोभा यात्रा का अभिनंदन किया। शोभायात्रा को सफल बनाने को लेकर थानाध्यक्ष पंकज कुमार पासवान अपने टीम के साथ काफी चौकस दिखे।इधर शोभा यात्रा को भव्य बनाने को लेकर बैंड बाजा, घोड़ा, नगाड़ा, रथ पर सवार प्रभु श्री राम माता सीता हनुमान लक्ष्मण का मनमोहक झांकी आकर्षण का केंद्र रहा।शोभा यात्रा में विधान पार्षद सदस्य लालमोहन गुप्ता, सामाजिक कार्यकर्ता मनीष मंडल,राजीव नायक,भवेश चौधरी, संतोष कुमार,काली,अमित, सुदेश मंडल,पंकु पासवान, मनोज झा, शंकर सिंह, मुकेश शर्मा, रोहित, विक्की आनंद,सुभाष मंडल, नरेंद्र ताती, छोटू,संजय,अभिषेक, सिंटू, परशुराम, अमित कश्यप, लक्ष्मी, कुंदन, धीरज, अमन सरकार सहित कई पुलिस पदाधिकारी मौजूद थे।

# मंदिर के जीर्णोद्धार के मौके पर निकल गई कलश शोभा यात्रा

## शोभा यात्रा में 201 महिलाओं ने सर पर उठाए कलश

**जमालपुर (मुंगेर)।** मानस कुंज मंदिर नयागांव टेढ़ीगली के जीर्णोद्धारा के मौके पर मंदिर समिति एवं धर्म प्रेमियों की ओर से भव्य कलश शोभा यात्रा निकल गई। 201 महिला कन्याओं ने अपने सर पर कलश लेकर पूरे ईस्ट कलोनी क्षेत्र का भ्रमण कर सनातन धर्म का प्रचार करते हुए झूमते देखे गए।

शोभायात्रा के बारे में पूर्व पार्षद नीतू देवी सामाजिक कार्यकर्ता कैलाश उर्फ काली ने बताया मानस कुंज मंदिर ईस्ट कलोनी क्षेत्र में आकर्षण एवं चर्चित मंदिर है जहां धर्म प्रेमियों का आस्था इस मंदिर के प्रति देखा जाता है।



कलश शोभा यात्रा में शामिल महिलाएं।

मंदिर में हर साल इस तरह का भव्य आयोजन होता है जिसमें ईस्ट कलोनी क्षेत्र के हर घर से महिला बुजुर्ग युवा बच्चे शामिल होकर धार्मिक आयोजन को सफल बनाते हैं जिसमें स्थानीय पुलिस प्रशासन का भी भरपूर सहयोग मिलता है।

कलश यात्रा में प्रीति कुमारी, सीमा कुमारी, दीनानाथ, रानी गुप्ता, आकांक्षा कुमारी, मुस्कान कुमारी, पूजा ,ज्योति, मालती देवी, शिवांशी श्री, राजन,दीपक गुप्ता, संजय, अमित, रंजीत, कारू, रंजीत, राजीव रंजन, श्री लाल वेद, रामचंद्र साह, नंदकिशोर सहित सैकड़ो श्रद्धालु शामिल थे।

# नक्सलवाद जैसी जटिल समस्या से देश हो रहा है मुक्त : आईजी

## आरपीएफ पोस्ट जमालपुर के बेहतर व्यवस्था को देख कर खुश हुए आईजी, इंस्पेक्टर राजीव नयन के टीम को आईजी ने अवार्ड देने की घोषणा की

**जमालपुर (मुंगेर)** । आरपीएफ के आईजी अमिय नंदन सिन्हा अपने दो दिवसीय दौरा को संपन्न कर शुक्रवार को हेड र्टर के लिए रेल मार्ग से प्रस्थान किया। प्रस्थान होने से पूर्व उन्होंने बताया देश के लिए बड़ी समस्या नक्सलवाद हुआ करता था जो अब मोदी सरकार के समय में पूरी तरह देश से मुक्त होने वाला है। नक्सलवाद मुक्त होने से विशेष कर रेल को बड़ा फायदा होगा और हमारी चुनौतियां एवं ऊर्जा नक्सलवाद की ओर होता था वह काम होगा। सारा फोकस रेल एवं यात्रियों के सुरक्षा पर दिया जाएगा। आईजी ने कहा मुंगेर जिले में बेहतर बेहतर कार्य नक्सलवाद को समाप्त करने में पुलिस ने दिखाई है जो काफी प्रशंसनीय है। उन्होंने आगे कहा जमालपुर पोस्ट के इंस्पेक्टर राजीव नयन के नेतृत्व में अच्छा कार्य हो रहा है।निरीक्षण के दौरान जो कार्य कुशलता साफ सफाई के साथ पोस्ट में फाइलों का रखरखाव व्यवस्थित तरह से देखा गया इसके लिए इनको टीम को अवार्ड दिया जाएगा। इधर दो दिनों तक जमालपुर में आईजी



हेड र्टर के लिए रवाना होते आईजी।

कार्यक्रम के दौरान पूरे रेल क्षेत्र में विधि व्यवस्था पूरी तरह हाईलाइट देखा गया। मौके पर सीआईबी इंस्पेक्टर एसके सुधा, एसआई के दास, जेआर मीणा, एक रजक, मनोहर मिहिर, जमीर कुमार, मोतीलाल, ए एन विनायक, अनुराग कुमार, अरुण कुमार, विकेश कुमार, जिमी कुमारी, बीप्रा कुमारी राय सहित कई मौजूद थे।

# कलिंग्स इंटरनेशनल स्कूल की ओर से लगाया गया दो दिवसीय शिविर

## राम नवमी सेवा शिविर का सफल आयोजन संपन्न

**जमालपुर (मुंगेर)** । शहर के कलिंग्स इंटरनेशनल स्कूल की ओर से रामनवमी शोभा यात्रा के दौरान सेवा शिविर लगाकर धर्म प्रेमियों का स्वागत अभिनंदन करते हुए सरवत पानी एवं जूस पिलाया। सेवा शिविर का उद्घाटन विधान पार्षद सदस्य लालमोहन गुप्ता एवं स्कूल के संस्थापक उमेश सिंह एवं डायरेक्टर पंकज कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से किया।

विधान परिषद सदस्य ने कहा विद्यालय परिवार द्वारा समाज सेवा के विभिन्न कार्य जैसे जरूरतमंदों की सहायता, फ्रूटी, स्वच्छ पेयजल एवं शरबत का वितरण का आयोजन पर्व त्यौहार एवं धार्मिक आयोजन के साथ आपदा के घड़ी में कर मानवता के मूल्य सिद्धांतों को बढ़ावा देने का काम करते आ रहे। इसी परिपेक्ष में रामनवमी जुलूस में शामिल धर्म प्रेमियों की सेवा जूस पानी सरवत पिलाकर किया। वहीं प्राचार्य राकेश कुमार सिंह ने कहां की यह शिविर दो दिनों तक जारी रहेगा।उन्होंने यह भी कहा कि इस प्रकार के आयोजन बच्चों में संस्कार, सामाजिक जिम्मेदारी एवं सांस्तिक मूल्यों के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते




शिविर में श्रद्धालुओं को जूस पिलाते प्राचार्य।

हैं।कार्यक्रम पर सभी ने एक-दूसरे को राम नवमी की शुभकामनाएं दीं और भविष्य में ऐसे आयोजनों को और भव्य रूप से आयोजित करने का संकल्प लिया।

## संक्षिप्त खबरें

### रामनवमी पर पंचम धाम ट्रस्ट की बड़ी घोषणा

### श्रृंगी ऋषि धाम में बनेगा भव्य श्रीराम मंदिर, विकास योजनाओं का खाका तैयार

**लखीसराय (एनएसबी)।** रामनवमी के पावन अवसर पर पंचम धाम की बिहार इकाई द्वारा लखीसराय स्थित ऐतिहासिक श्रंगी ऋषि धाम में भगवान श्री राम के जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में विधिवत पूजा-अर्चना और अनुष्ठान का आयोजन किया गया। इस धार्मिक आयोजन के साथ ही संगठन ने इस दिव्य पौराणिक स्थल के कायाकल्प और भविष्य की विकास योजनाओं की विस्तृत जानकारी साझा की है।गौरतलब है कि पंचम धाम ट्रस्ट दक्षिण-पूर्वी देशों में सनातन धर्म के प्रचार-प्रसार के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सक्रिय है और कंबोडिया में भव्य श्शिव सर्किटश् के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। अब इसी कड़ी में संस्था ने बिहार के श्रंगी ऋषि धाम को वैश्विक पटल पर लाने का संकल्प लिया है। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार, श्रंगी ऋषि स्थल का विशेष महत्व है। धर्म ग्रंथों में उल्लेख है कि अयोध्या के राजा दशरथ ने पुत्र प्राप्ति के लिए श्पुत्रयेष्टि यज्ञश इसी ऋषि के सानिध्य में संपन्न कराया था। इसके अतिरिक्त भगवान श्री राम सहित चारों भाइयों का मुंडन संस्कार भी इसी पवित्र भूमि पर हुआ था। पंचम धाम ट्रस्ट इस स्थल को श्श्री राम सर्किटश् से जोड़ने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। संस्था की ओर से सीतामढ़ी से मुंगेर तक प्रस्तावित फोर-लेन सड़क को कजरा से श्रंगी ऋषि धाम तक जोड़ने का ठोस प्रस्ताव दिया गया है। इस कनेक्टिविटी के विकसित होने से देश-विदेश के श्रद्धालुओं को यहाँ पहुँचने में सुगमता होगी और पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। महामंत्री शैलेश वत्स ने स्वयं स्थल का दौरा कर कार्यो की समीक्षा की। उन्होंने घोषणा की कि इस पावन भूमि पर भगवान श्री राम का एक भव्य और अद्वितीय मंदिर निर्माण कराया जाएगा, जो इस क्षेत्र की धार्मिक पहचान को नई ऊँचाइयां प्रदान करेगा।

### रनिंग स्टाफ के मांगों को लेकर पूरे देश में हो रहा धरना प्रदर्शन




धरना प्रदर्शन करते लोगों रनिंग स्टाफ।

**जमालपुर (मुंगेर)।** अल इंडिया लोको रनिंग स्टाफ एसोसिएशन जमालपुर की ओर से 8 सूत्री मांगों को लेकर हल्ला बोल प्रदर्शन जमालपुर स्टेशन के संयुक्त क्रू लबी कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन किया। प्रदर्शकारियों का नेतृत्व एसोसिएशन के सचिव प्रेम प्रकाश ने की।अध्यक्षता एसोसिएशन के कार्यकारी अध्यक्ष राजीव कुमार ने किया। अध्यक्ष ने कहा मांगों को लेकर पूरे देशभर में धरना प्रदर्शन शांतिपूर्ण तरीके से किया जा रहा हैं। ड्यूटी के दौरान अपनी मांगों के लिए एकजुट होकर प्रदर्शन कर रहे है, ताकि इस दौरान ट्रेन व मालगाड़ियों का परिचालन कोई व्यवधान न उत्पन्न हो सके। और हमारी मांगें रेलवे के वरीय अधिकारियों व रेलमंत्रालय सहित सरकार के कान तक पहुंच सके और न्याय मिल सके। सचिव ने कहा कि अगर हमारी मांगे अनदेखी की गई तो केंद्रीय एआईएलआर के निर्देश के बाद आंदोलन और तेज किया जाएगा। मौके पर अभिषेक, पंकज, डीके रौशन, एमके निराला, कौशल, रणवीर, गौतम, कुणाल, ऐ आनंद,मुकेश, आरके रंजन, हिमांशु, राज वर्मा, उत्तम, अमितेश, बिके, राजेश, विवेकानंद संदीप, अरुण, वरुण, विजय, दीपक, रंजन, एमके सिंह, एसएन प्रसाद, एबी तिवारी, एसके दास, एमए कुमार सहित अन्य मौजूद थे।

### लखीसराय में मद्य निषेध विभाग की बड़ी कार्रवाई

**लखीसराय (एनएसबी)।** जिले में पूर्ण शराबबंदी को प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए मद्य निषेध थाना, लखीसराय द्वारा विशेष छापेमारी अभियान चलाया गया। जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में की गई इस कार्रवाई में पुलिस ने कुल 17 लोगों को हिरासत में लिया है और भारी मात्रा में अवैध विदेशी व चुलाई शराब जब्त की है। छापेमारी के दौरान किऊल स्टेशन के पास से अज्ञात स्थिति में 16350 लीटर अवैध विदेशी शराब बरामद की गई। वहीं, रजौना चौकी मुसहरी में की गई कार्रवाई में खेदनी देवी (पति- गब्बर मांझी) को 04200 लीटर अवैध चुलाई शराब बेचते हुए पकड़ा गया। इसी स्थान से अजय राम



गिरफ्तार धंधेबाज महिला एवं पीने वाले।

(पिता- अनिक राम) को शराब पीने के आरोप में गिरफ्तार किया गया। अभियान के तहत किऊल बस्ती से चार लोगों को गिरफ्तार किया गया, जिनमें संजय वर्मा (पिता- स्व. राम उदित वर्मा) दूसरी बार शराब पीने के आरोप में पकड़े गए। इनके साथ रामप्रवेश मांझी, विपीन कुमार और नीरज कुमार को भी शराब के नशे में गिरफ्तार किया गया। इसके अलावा किऊल क्षेत्र से ही मुंगेर जिले के रहने वाले विरेन्द्र किस्कु को भी पकड़ा गया है। जलप्पा स्थान के पास से पुलिस ने मुरारी वर्मा, छोटू कुमार और बलकु मंडल को शराब पीने के आरोप में गिरफ्तार किया। किऊल थाना क्षेत्र के ही वृंदावन गाँव से राज आर्यन मल्होत्रा और शिवन कुमार को नशे की हालत में हिरासत में लिया गया। वहीं बड़हिया थाना क्षेत्र के अंतर्गत हुई कार्रवाई में अनिल महतो, मोगल महतो, कारू महतो और पारस पासवान को शराब पीने के आरोप में गिरफ्तार किया गया। मद्य निषेध विभाग की इस सघन छापेमारी से शराब कारोबारियों और सेवन करने वालों में हड़कंप मचा हुआ है। विभाग ने स्पष्ट किया है कि जिले में अवैध शराब के विरुद्ध यह अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेगा।

# रामनवमी पर निकली शोभायात्रा, श्रीराम के जयघोष से गूंजा शहर


श्रद्धालुओं के साथ शिवनाथ जी महराज।


मंत्री संजय सिंह टाईगर, मेयर इन्दु देवी व अन्य।


पूर्व सांसद मीना सिंह, श्री टाईगर, राधाचरण साह, राहुल सिंह व अन्य।


पूर्व सांसद सुशील सिंह, सरोज सिंह व अन्य।

**आरा (एसएनबी)।** रामनवमी का त्योहार शुक्रवार को शहर सहित पूरे भोजपुर में धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान जगह-जगह भगवान श्री राम की शोभायात्रा निकाली गई। शुक्रवार को शहर के विभिन्न मोहल्लों से झांकी रामगढ़िया पहुंची। उसके बाद दोपहर 12 बजे के बाद रामगढ़िया से भव्य शोभायात्रा शुरू हुई। शोभा

### मंत्री, विधायक, पूर्व सांसद सहित कई नेता और संत शोभा यात्रा में हुए शामिल

यात्रा के दौरान भगवान श्रीराम के रथ को भक्त अपने हाथो से खींच रहे थे।

शोभा यात्रा का नेतृत्व देवराहा शिवनाथ जी महाराज कर रहे थे। उनके पीछे वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति सह ब्रह्मपुर पीठ के पीठाधीश्वर आचार्य धर्मेंद्र तिवारी एवं अखंडानंद जी महाराज रथ पर सवार थे। शोभायात्रा के दौरान भक्त हाथो में परम्परागत हथियार लेकर जय श्रीराम के जयकारे लगा रहे थे। शोभा यात्रा के दौरान आगे-आगे बाइक सवार युवाओं की टीम चल रही थी। शहर के करमन टोला, मीरगंज पड़ाव, बिचली रोड, तरी मुहल्ला, महादेवा, एमपी बाग, अहिरपुरवा, गोढना रोड, धनुपरा, सिगंही, बेगमपुर, मीराचक, नवादा, मीरगंज, अनाईठ समेत अन्य मुहल्ले से झांकी निकाली गई। झांकी में छोटे छोटे बच्चे रामायण, लंका दहन, श्री कृष्ण लीला, शिव पुराण के दृश्य को जीवंत रूप देते देखे गये। शोभा यात्रा शहर के रामगढ़िया, अबरपुल, पड़ाव मोड़, चैक आर्य पथ, शीशमहल चैक, गोपाली चैक, जेल रोड, शिवगंज मोड़, सदर अस्पताल रोड, मठिया मोड़, महादेवा रोड, धर्मन चैक पहुंची। उसके बाद चित्रटोली रोड, डींस टैंक गोलंबर, रमना रोड, महावीर टोला रोड, करमन टोला, नवादा थाना मोड, कतीरा, पकड़ी, जज कोठी गोलंबर होते हुए रमना मैदान में समाप्त हुई। शोभायात्रा में श्रम मंत्री संजय सिंह टाइगर, संदेश विधायक राधा चरण साह, आरा के पूर्व विधायक अमरेंद्र प्रताप सिंह, औरंगाबाद के पूर्व सांसद सुशील कुमार सिंह और डुमरांव विधायक राहुल सिंह, महापौर इंदू देवी, गुड्डू सिंह बबुआन समेत कई नेता गण शामिल हुई।


पूर्व मंत्री अमरेन्द्र प्रताप सिंह, मंत्री संजय सिंह टाईगर व अन्य।


रामनवमी पर निकली भव्य शोभयात्रा में शामिल लोग।

### शोभा यात्रा देखने के लिए रोड के दोनों ओर उमड़ी रही भीड़

**आरा।** रामनवमी शोभा यात्रा को लेकर लोगो का उत्साह चरम पर था। पूरा शहर भगवामय हो गया था। इसके अलावे शहर के विभिन्न इलाकों के भवनों पर भी भगवा झंडा लगाया गया था। शोभा यात्रा को देखने के लिए सड़क के दोनों ओर हजारो की संख्या में महिला पुरुषों की भीड़ लगी रही।

### कई जगह मजिस्ट्रेट व पुलिस अफसरों की रही प्रतिनियुक्ति

**आरा।** रामनवमी को लेकर पुलिस-प्रशासन काफी चैकस दिखा। इसको लेकर जिलाधिकारी तनय सुल्तानिया एवं पुलिस अधीक्षक राज द्वारा संयुक्त आदेश जारी किया गया था। इसके तहत जिले के 269 जगहों पर दंडाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी के साथ सशस्त्र व लाठीधारी जवानों की प्रतिनियुक्ति की गई है।

**शोभा यात्रा के दौरान चैकस दिखा पुलिस-प्रशासन :** रामनवमी के शोभा यात्रा के को लेकर शुक्रवार को पुलिस प्रशासन की टीम काफी मुस्तैद रही पुलिस एवं प्रशासन के वरीय पदाधिकारी इलाके में घूम-घूम कर मॉनिटरिंग करते रहे सदर एसडीओ एवं एसडीपीओ-वन ने कई लाखों में घूम कर जायजा लिया। रहा।

**शोभा यात्रा की ड्रोन कैमरे से हुई निगरानी :** शोभा यात्रा में पुलिस-प्रशासन चैकस रहा। इस दौरान पुलिस ने डोन कैमरे की मदद से संपूर्ण शोभा यात्रा की निगरानी की गई। ताकि कहीं से कोई चूक नही हो।

## संक्षिप्त खबरें

### अयोध्या में श्रीराम जन्मोत्सव का भव्य आयोजन

**आरा (एसएनबी)।** श्री जियर स्वामी जी महाराज की सान्निध्य में राजघाट अयोध्या में हो रहे श्री लक्ष्मी नारायण महा यज्ञ में आज श्री जीयर स्वामी जी महाराज द्वारा श्रीराम जन्म उत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। स्वामी स्वामी जी के सान्निध्य में हजारों की संख्या में आए भक्तों ने प्रभु श्री राम का श्रृंगार किया आरती किया पूजन किया। उसके पश्चात स्वामी जी महाराज ने श्रीराम जन्मोत्सव के बारे में बताया कि श्रीराम जन्मोत्सव में हिस्सा लेने से पूरे परिवार पर लक्ष्मी नारायण भगवान की कृपा बनी रहती है। जिनका सौभाग्य होता है, वह ऐसे कार्यक्रम में हिस्सा लेते हैं। स्वामी जी महाराज ने कहा कि रामनवमी के दिन धरती के सभी तीर्थ और देवता अयोध्या में वास करते हैं। इस दिन जो अयोध्या में प्रवेश भी कर लेता है तो उसका जीवन धन्य हो जाता है। मीडिया प्रभारी अखिलेश बाबा ने बताया कि 28 मार्च को यज्ञ की पूणार्हुति हो जाएगी। उसके बाद अंतरराष्ट्रीय धर्म सम्मेलन का कार्यक्रम होगा और रात्रि में भजन संध्या का कार्यक्रम होगा। जिसमें बिहार झारखंड उत्तर प्रदेश सहित कई राज्यों के कलाकार हिस्सा लेंगे। धर्म सम्मेलन में श्री गादी जी महाराज सहित सैकड़ो की संख्या में संत महात्मा आ चुके हैं। ये बताएंगे कि जीवन में धर्म का क्या महत्व है। धर्म सम्मेलन को लेकर उत्तर प्रदेश के परिवहन मंत्री तथा यज्ञ समिति के अध्यक्ष दयाशंकर सिंह और कमलेश सिंह दिन-रात लगे हुए हैं। अयोध्या नाथ स्वामी पूरी व्यवस्था का देखरेख कर रहे हैं।


श्री जीयर स्वामी, विनोद दूबे, राजू सिंह व अन्य।

### 108 कन्याओं का पूजन के साथ प्रसाद ग्रहण

**आरा (एसएनबी)।** एसएनएम एवं एसएनएमआई स्कूल की निदेशक तथा पीएससीडब्ल्यूए की अध्यक्षा डॉ. स्मिता सिंह एवं जनमेजय सिंह के मार्गदर्शन में चैत्र नवरात्रि का नौ दिवसीय पावन व्रत अत्यंत श्रद्धा, भक्ति और विधि-विधान के साथ संपन्न हुआ। पूरे नौ दिनों तक धार्मिक रीति-रिवाजों का पालन करते हुए माता रानी की आराधना की गई, जिससे विद्यालय परिसर में आध्यात्मिक ऊर्जा और सकारात्मक वातावरण का संचार हुआ। मां के स्वरूप मानी जाने वाली 108 कन्याओं को आदरपूर्वक आमंत्रित किया गया। कन्याओं को भोजन, दान-दक्षिणा के साथ-साथ आधुनिक शिक्षा को बढ़ावा देने हेतु पेंसिल बॉक्स एवं रंग (कलर) गिफ्ट भी प्रदान किए गए।


कन्याओं को प्रसाद ग्रहण कराती डॉ स्मिता सिंह।

**नगर रामलीला समिति ट्रस्ट द्वारा भक्तों के बीच बांटा गया मिष्ठान और शीतल पेय**

## ट्रस्ट की अध्यक्ष ने की भगवान श्रीराम की आरती

**आरा (एसएनबी)।** शहर के डीटी रोड स्थित बाल हिन्दी पुस्तकालय के समीप शुक्रवार को नगर रामलीला समिति ट्रस्ट द्वारा रामनवमी शोभा यात्रा में शामिल भक्तों के स्वागत में स्टॉल लगाया गया। जहां राम भक्तों को पेठा, गुड व बुंदिया से निर्मित लड्डू, गुल्कोन-डी तथा शुद्ध जल का वितरण किया गया।

इस मौके पर नगर रामलीला समिति ट्रस्ट की अध्यक्ष डॉ. अर्चना सिंह ने रथ पर सवार प्रभु श्रीराम की आरती की। उन्होंने कहा कि प्रत्येक वर्ष भगवान श्री राम के जन्मोत्सव के मौके पर रामनवमी शोभा यात्रा निकाली जाती है। इस शोभायात्रा में भारी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए, यह हमारे शहर आरा के लिए गौरव की बात है, उन्होंने कहा कि राम भक्त संयमित तरीके से अपनी-अपनी झांकी को लेकर निकले। आज नगर रामलीला समिति ट्रस्ट द्वारा राम भक्तों के बीच पेठा, गुड़ व बुंदिया से निर्मित लड्डू तथा शुद्ध पानी का बोतल वितरित किया गया।

उन्होंने कहा कि नगर रामलीला समिति ट्रस्ट आगे भी कई तरह के धार्मिक व सामाजिक कार्य में अपनी सहभागिता निभाएगा। मौके पर नगर रामलीला समिति ट्रस्ट के सचिव विष्णु शंकर, कोषाध्यक्ष कर्नल राणा प्रताप सिंह, ट्रस्टी राम कुमार सिंह, डॉ. कृष्ण कुमार, अखिलेश्वर प्रसाद, हरखेन कुमार सिंह, देवदत सिंह, संजीव सिन्हा, पप्पू सिंह, अविनाश प्रसाद, (रि.डीएसपी), सुजीत कुमार सिंह, राकेश कुमार धन्नू, अमित कुमार भोलू आदि थे।


श्रद्धालुओं के साथ डॉ. अर्चना सिंह व अन्य।

### रामभक्तो की सेवा में भाजपा नेता ऋषभ ने लगाया स्टॉल

**आरा (एसएनबी)।** रामनवमी शोभायात्रा के अवसर पर कई संस्थाओं, संगठनों, प्रतिष्ठानों और समाजसेवियों द्वारा राम भक्तों की सेवा में स्टॉल लगाया गया था। इस क्रम में आरा के शिवगंज मोड़ स्थित दुर्गा मंदिर के पास भाजपा नेता ऋषभ राज सिंह के द्वारा भी राम भक्तों के लिए शरबत, पानी और जलपान का स्टॉल लगाया गया। मौके पर भाजपा नेत्री और पूर्व विधायक आशा देवी, कुँवर सेना के अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह के नेतृत्व में हुए इस आयोजन में युवा नेता ऋषभ राज सिंह ने प्रभु श्री रामलला की आरती उतारी, साथ ही राम भक्तों पर पुष्प वर्षा भी कराई। मौके पर रिंकू सिंह, विष्णु मिश्रा, अंकित तिवारी, अजीत सिंह, अंकित कुमार, छोटू सिंह, अवधेश सिंह, शशि सिंह, मनीष कुमार, नीरज सिंह, बलराम चैबे आदि थे।

## रामनवमी के लिए दुरूस्त रहीं प्रशासन की तैयारियां


डीएम-एसपी लेते रहे जायजा।

**आरा (एसएनबी)।** रामनवमी के पावन अवसर पर विधि-व्यवस्था के सफल संधारण एवं शांतिपूर्ण आयोजन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिला पदाधिकारी भोजपुर तनय सुल्तानिया एवं पुलिस अधीक्षक राज ने रामगढ़िया में निकले जुलूस का संयुक्त रूप से निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने जुलूस मार्ग, सुरक्षा व्यवस्था, भीड़ प्रबंधन तथा यातायात संचालन का जायजा लिया और प्रतिनियुक्त दंडाधिकारियों एवं पुलिस पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने सुनिश्चित करने को कहा कि सभी व्यवस्थाएं सुव्यवस्थित रहें और आमजन को किसी प्रकार की असुविधा न हो। जिला प्रशासन द्वारा पूरे क्षेत्र में दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी की प्रतिनियुक्ति की गई।

### आरण्य देवी के दर्शन के लिए उमड़ी रही भीड़

**आरा (एसएनबी)।** चैत नवरात्र के नौंवे दिन शुक्रवार को मां दुर्गा का पूजन करने के लिए मंदिरों में भारी भीड़ उमड़ी रही। आरा की अधिष्ठात्री मां आरण्य देवी के मंदिर में श्रद्धालु-भक्तो ने पूरे भक्तिभाव से पूजा-अर्चना की। रामनवमी को लेकर अहले सुबह करीब दो बजे मां की मंगला आरती की गई। इसके बाद देवी दर्शन और पूजा-अर्चना के लिए महिला-पुरुष श्रद्धालु-भक्तों का जनसैलाब उमड़ पडा। लोगों को देवी दर्शन के लिए घंटों कतार में खड़ा रहना पड़ा। रामनवमी को लेकर मां आरण्य देवी की मूर्ति को आकर्षक ढ़ंग से फूलों से श्रृंगार किया गया था। सुबह में महिला-पुरुष भक्तो की लाइन आरण्य देवी से व्यापार मंडल तक पहुंच गई। यह सिलसिला दोपहर करीब 12 बजे तक चला। माता के मंदिर में सूबे के श्रम मंत्री संजय सिंह टाइगर, संदेश विधायक सह मां आरण्य देवी मंदिर विकास ट्रस्ट के अध्यक्ष राधाचरण साह, पूर्व विधायक अमरेन्द्र प्रताप सिंह सहित अन्य गणमान्य लोगो ने मत्था टेका।

## विधि व्यवस्था को लेकर प्रशासन जिले भर में रहा पूरी तरह अलर्ट

**आरा/जगदीशपुर (एसएनबी)।** जिला पदाधिकारी तनय सुल्तानिया एवं पुलिस अधीक्षक श्री राज के निदेर्शानुसार रामनवमी पर्व के अवसर पर विधि-व्यवस्था के शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण संचालन हेतु जिले के विभिन्न स्थानों पर दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गई है।

रामनवमी पर्व को लेकर प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। संवेदनशील स्थलों पर विशेष निगरानी रखी जा रही है तथा पर्याप्त संख्या में पुलिस बल की तैनाती सुनिश्चित की गई है। अधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि वे अपने-अपने प्रतिनियुक्ति स्थल पर मुस्तैदी से ड्यूटी का निर्वहन करें तथा किसी भी स्थिति से तत्परता से निपटें। साथ ही, भीड़ प्रबंधन एवं यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने पर विशेष ध्यान देने को कहा गया है। जिला प्रशासन सभी आमजन से अपील करता है कि वे आपसी भाईचारा एवं सौहार्द बनाए रखते हुए पर्व मनाएं तथा प्रशासन का सहयोग करें, ताकि रामनवमी पर्व का आयोजन शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न हो सके।


निरीक्षण करते जगदीशपुर एसडीएम संजीव कुमार।

## रामनवमी शोभायात्रा में श्रीराम के जयघोष पर झूमे श्रद्धालु

**कोईलवर (एसएनबी)।** रामनवमी के पावन अवसर पर भोजपुर जिले के कोईलवर नगर पंचायत में भव्य शोभा यात्रा निकाली गई, जिसमें श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा। यह शोभा यात्रा देवी मंदिर कोईलवर से प्रारंभ होकर नगर के विभिन्न वार्डों से होते हुए स्टेशन रोड, कपिल देव चैक, थाना चैक, रैपिड एक्शन फोर्स जाने वाली सड़क तथा बिहार राज मानसिक स्वास्थ्य संबद्ध संस्थान के मार्ग से गुजरते हुए पुनः देवी मंदिर के समीप आकर संपन्न हुई।

पूरे नगर में उत्सव और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला। जगह-जगह लोगों ने शोभा यात्रा का स्वागत किया और श्रद्धालुओं के लिए पानी, शरबत एवं प्रसाद की व्यवस्था की। जय श्रीराम के गगनभेदी नारों से पूरा कोईलवर नगर गुंजायमान हो उठा और वातावरण पूरी तरह राममय हो गया। शोभा यात्रा में भगवान श्रीराम, माता सीता, लक्ष्मण और हनुमान जी की आकर्षक झांकियों से सजे रथ लोगों के आकर्षण का केंद्र बने रहे। इसके साथ ही ऊंटों की सवारी, भगवान शंकर-पार्वती की झांकी तथा ढोल-नगाड़ों की धुन पर नृत्य करते युवाओं ने पूरे आयोजन को और भी जीवंत बना दिया। श्रद्धालुओं को पीने के लिए रास्ते के बीच-बीच में सामाजिक कार्यकताओं ने शरबत व मिष्ठान के साथ जल की व्यवस्था कर रखी थी। रामनवमी शोभा यात्रा समिति के सदस्य मिथिलेश कुमार राय ने बताया कि यह यात्रा हर वर्ष की तरह इस बार भी बड़े ही उत्साह और उल्लास के साथ निकाली गई, जिसमें नगरवासियों की अभूतपूर्व भागीदारी देखने को मिली। वहीं सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क रहा। थाना अध्यक्ष नरोत्तम चंद्र के नेतृत्व में तथा अपर थाना अध्यक्ष सुभाष कुमार मंडल के निर्देशन में पुलिस बल ने पूरे मार्ग पर सुरक्षा की कमान संभाले रखी। जगह-जगह पुलिस बल की तैनाती की गई थी, जिससे शोभा यात्रा शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो सकी।


कोइलवर में रामनवमी पर लाठी से करतब दिखाते लोग।

## रामजी की निकली सवारी, रामजी की लीला है न्यारी...

**कोईलवर (एसएनबी)।** रामजी की निकली सवारी, रामजी की लीला है न्यारी... जैसे भक्तिपूर्ण गीतों, भजनों व जयश्री राम के गगनभेदी उदघोषों के बीच रामनवमी के मौके पर पीरो अनुमंडल मुख्यालय में भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया गया। इस दौरान भगवा ध्वज से पटा पूरा शहर राममय दिख रहा था। रामनवमी शोभायात्रा आयोजन समिति के बैनर तले आयोजित शोभायात्रा स्थानीय पडाव मैदान से शुरू हुई। शोभायात्रा में हाथी, घोडा, ऊंट, बैंड बाजा, डीजे के साथ हजारों की संख्या में रामभक्त शामिल हुए। इसके लिए पीरो नगर के विभिन्न मुहल्लों के अलावे लहराबाद, बरौली, ओझवलिया, पर्वतपुर, स्नेही टोला, नायक टोला, गंगा टोला, हीराटोला, संभलटोला, सुखरौली, पचरूखिया, तीलाठ, मोहन टोला, बचरी, गोविंदडीह, चिलबिलिया, इटिम्हा गणेश, बरांव, कछुई, धानपोखर सहित आसपास के गांवों से बड़ी तादाद में लोग झंडा पताका के साथ पहुंचे थे। शोभायात्रा पडाव मैदान से शुरू होकर लोहिया चैक, थाना परिसर, गांधी चैक, तिलाठ मोड, पुराना स्टेशन रोड, ज्वाला मार्केट, न्यू बस स्टैंड, इब्राहिमपुर मोड, होते, बिहियां रोड, दुसाधीबधार, ओझवलिया मोड से वापस पडाव पहुंची। इस दौरान विधि व्यवस्था को लेकर अनुमंडल पदाधिकारी कृष्ण कुमार उपाध्याय, डीएसपी कृष्ण कुमार सिंह, ग्रामीण विकास पदाधिकारी मोहसीन खान, कार्यपालक पदाधिकारी मेधा, बीसीओ ओम प्रकाश कुमार के अलावे अन्य प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी व पुलिस अधिकारी मुस्तैद दिखे।


कोइलवर में निकली शोभायात्रा।

# नेपाल के इतिहास में पहली बार मधेसी मूल का कोई नागरिक बना प्रधानमंत्री

**राजेश कुमार शर्मा**





**जोगबनी (अररिया)।** रैपर, इंजीनियर व काठमांडू महानगरपालिका के पूर्व मेयर मदेशी मूल के बालेन्द्र (बालेन) शाह नेपाल के निर्वाचित सबसे युवा प्रधानमंत्री बनने में सफल रहे हैं। 36 वर्ष की आयु में वे नेपाल के सबसे युवा मधेसी मूल के पहले प्रधानमंत्री बने। वर्षों से ब्राह्मण तथा क्षत्रिय द्वारा शासन सत्ता का नेतृत्व किए जाने के बीच, मधेसी मूल से पहले प्रधानमंत्री बनने का इतिहास भी बालेन ने ही रचा है।

1991 में काठमांडू के नरदेवी में जन्मे बालेन शाह शुरूआती दिनों मे वह एक सांगितकार के रूप मे जाने जाते थे वे हाल ही में संपन्न हुए प्रतिनिधि सभा चुनाव में कोसी प्रदेश के झापा जिले के क्षेत्र संख्या 5 से निर्वाचित हुए। उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री तथा नेकपा एमाले के अध्यक्ष केपी ओली को 49 हजार 614 मतों के बड़े अंतर से पराजित कर प्रधानमंत्री बनने की श्रेष्ठता हासिल की।

बालेन 68 हजार 348 मत लाकर निर्वाचित हुए, जबकि उनके निकटतम प्रतिद्वंद्वी ओली को मात्र 18 हजार 734 मत प्राप्त हुए थे। बालेन इससे पहले काठमांडू महानगरपालिका के नगर प्रमुख थे। उन्होंने 18 फरवरी को काठमांडू महानगरपालिका के प्रमुख पद से इस्तीफा देकर राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी (रास्वपा) में प्रवेश किया था। रास्वपा ने उन्हें भावी प्रधानमंत्री के रूप में आगे बढ़ाकर चुनाव प्रचार किया था।

पिता डॉ. रामनारायण शाह और माता ध्रुवदेवी शाह के छोटे बेटे बालेन का निवास काठमांडू के सिनामंगल स्थित गैरीगाँव में है। उन्होंने व्हाइट हाउस इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी से सिविल इंजीनियरिंग में स्नातक और भारत के कर्नाटक स्थित विश्वेश्वरैया प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय से स्ट्रक्चरल इंजीनियरिंग में स्नातकोत्तर किया है।

2016 साल के महाभूकंप के बाद उन्होंने बचाव और राहत के काम में सक्रिय होकर समाजसेवी के रूप में कार्य किया था। बालेन ने 8 वर्ष पहले सबिना काफ्ले से विवाह किया था। सबिना पेशे से जनस्वास्थ्यकर्मी हैं।

बचपन से ही बालेन की रुचि संगीत और कविता में थी। कक्षा 9 में अध्ययन करते समय उन्होंने अपना पहला गीत सडक बालक 2013 में गाया था। रैप और इंजीनियरिंग के साथ-साथ उन्होंने नेपाल की राजनीति में भी रुचि रखी थी।

2018 के स्थानीय निकाय चुनाव में वे विवेकशील नेपाली की ओर से उम्मीदवार बनने की तैयारी में थे। लेकिन तैयारी पूरी न होने का हवाला देते हुए उन्होंने चुनाव में किसी को भी वोट न देने की घोषणा सोशल मीडिया के माध्यम से की थी। बालेन ने 2018 में हुए स्थानीय निकाय चुनाव में काठमांडू महानगरपालिका के मेयर पद पर उम्मीदवार बनने की घोषणा की। उस समय उन्होंने 90 हजार 835 मत लाकर चुनाव जीतने का दावा किया था। शाह के इस दावे को कई लोगों ने हवाबाजी कहकर उड़ा दिया था। एमाले के केशव स्थापित और कांग्रेस की सृजना सिंह जैसे प्रभावशाली उम्मीदवारों को पराजित करने के बाद बालेन की चर्चा चरम पर पहुंच गई थी। बालेन 61 हजार 767 मत लाकर निर्वाचित हुए, जबकि उनके निकटतम प्रतिद्वंद्वी एमाले के उम्मीदवार स्थापित ने 38 हजार 341 मत प्राप्त किए थे। तीसरे स्थान पर रहीं कांग्रेस की उम्मीदवार सिंह को 38 हजार 117 मत मिले थे।

### प्रथम प्रधानमंत्री भीमसेन थापा से लेकर बालेंद्र तक दिलचस्प रहा नेपाल का सियासी सफर

नेपाल के पहले प्रधानमंत्री भीमसेन थापा को माना जाता है। थापा ने वि.सं. 1863 से 1894 तक 31 वर्ष शासन किया था। वे 32 वर्ष की आयु में मुख्तियार बने थे। थापा से बालेन तक के 219 वर्ष के इतिहास में जंगबहादुर राणा सबसे कम उम्र 31 वर्ष में प्रधानमंत्री बने थे। हालांकि उस समय निर्वाचित प्रधानमंत्री बनने की व्यवस्था नहीं थी। इस अवधि में 40 प्रधानमंत्री बने, जिनमें मरीचमान श्रेष्ठ ही एकमात्र जनजाति समुदाय के हैं। पंचायत काल में तुलसी गिरी राजा महेन्द्र की कृपा से 33 वर्ष की आयु में प्रधानमंत्री बने थे। सबसे अधिक उम्र के निर्वाचित प्रधानमंत्री बनने वालों में एमाले के पूर्व अध्यक्ष मनमोहन अधिकारी और कांग्रेस के पूर्व सभापति सुशील कोइराला शामिल हैं।1995में अधिकारी प्रधानमंत्री बने तब वे 74 वर्ष के थे। 2014 में प्रधानमंत्री बने कोइराला की उम्र भी 74 वर्ष थी। 2009 में संघीय लोकतांत्रिक गणतन्त्र नेपाल के प्रथम प्रधानमंत्री बने पुष्पकमल दाहाल प्रचण्ड की उम्र उस समय 54 वर्ष थी। 1990 के राजनीतिक परिवर्तन के बाद 35 वर्षों तक पारंपरिक राजनीतिक दलों के लगभग एक ही व्यक्ति के प्रधानमंत्री बनते रहने के संदर्भ में, इस बार नेपाल को पहली बार नया और युवा प्रधानमंत्री मिला है। बालेन के प्रधानमंत्री बनने के साथ ही नेपाल को 52 वर्षों के बाद 40 वर्ष से कम उम्र का प्रधानमंत्री मिला है।

## संक्षिप्त खबरें

### 700 करोड़ रुपये की अतिरिक्त स्वीकृति से दरभंगा एम्स को मिली नई गति : सरावगी

**भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने केंद्र सरकार का जताया आभार**



**दरभंगा (एनएसबी)।** केंद्र सरकार के दरभंगा एम्स के लिए पूर्व में स्वीकृत 1264 करोड़ रुपये के अतिरिक्त 700 करोड़ रुपये की राशि को स्वीकृति प्रदान करने पर बिहार भाजपा के अध्यक्ष संजय सरावगी ने प्रसन्नता जताते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार व्यक्त किया है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सरावगी ने बताया कि 25 मार्च 2026 को देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में आयोजित केंद्रीय कैबिनेट की बैठक में दरभंगा एम्स के लिए पूर्व में स्वीकृत 1264 करोड़ रुपये के अतिरिक्त 700 करोड़ रुपये की राशि को स्वीकृति प्रदान की गई है। उन्होंने इसे ऐतिहासिक एवं जनहितकारी निर्णय बताते हुए इसके लिए केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जे.पी. नड्डा को भी धन्यवाद देते हुए आभार जताया। इस निर्णय से महत्वपूर्ण स्वास्थ्य परियोजना को नई गति और मजबूती मिलेगी। लोकसभा में प्रश्नकाल के दौरान केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जे.पी. नड्डा ने इस संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि सरकार दरभंगा एम्स के निर्माण को प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। यह निर्णय बिहार, विशेषकर मिथिला क्षेत्र के लिए एक मील का पत्थर साबित होगा। लंबे समय से प्रतीक्षित दरभंगा एम्स के निर्माण में जो भी बाधाएँ आ रही थीं, अब वे पूरी तरह समाप्त होंगी।

### राजकीय रामनवमी मेला में खुलेआम बिकी प्रतिबंधित देशी-विदेशी शराब

**मोरवा (एनएसबी)।** अब इसे शराब बंदी का मजाक बनाना कहें, या शराब माफियाओं व कारोबारियों का रसूख या फिर शराब बंदी कानून के दिन लद जाने का संकेत, बाबा केवल धाम राजकीय मेला में प्रशासन व मेला प्रबंधन के नाक के नीचे बाकायदा स्टॉल लगा कर देशी व विदेशी शराब बेचा जा रहा है। इस घटना ने एक तरफ शराब कारोबारियों के बड़े मनोबल और पुलिसझ्रशराब माफिया गठजोड़ को पटल पर ला दिया है।

### शिउड़ा मेले में शिव दर्शन आध्यात्मिक प्रदर्शनी का हुआ आयोजन

**पटोरी (एनएसबी)।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के चाणक्यपुरी कॉलोनी, सिनेमा चौक स्थित सेवाकेन्द्र द्वारा शुक्रवार को अमर सिंह स्थान में रामनवमी के अवसर पर आयोजित शिउड़ा मेले में शिव दर्शन आध्यात्मिक प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस प्रदर्शनी के द्वारा आगंतुकों को एक ही स्थान पर तनाव-मुक्ति, व्यसन मुक्ति, आत्म-दर्शन, परमात्म-दर्शन और सृष्टि चक्र दर्शन के साथ-साथ भारत के प्राचीन राजयोग के बारे में भी निःशुल्क शिक्षा प्रदान की जा रही है। इसके साथ ही तीन दिवसीय राजयोग मेडिटेशन शिविर का निःशुल्क रजिस्ट्रेशन भी किया जा रहा है। बड़ी संख्या में लोग शिविर का रजिस्ट्रेशन कराने के साथ-साथ इस प्रदर्शनी का लाभ ले रहे हैं। रंजना बहन ने अधिक से अधिक लोगों को अपने इष्ट मित्रों से सहित आकर इस प्रदर्शनी का लाभ लेने का आह्वान किया। इस प्रदर्शनी में मुख्य रूप से सोनिका बहन, पूजा बहन, विजय भाई, जयजयराम भाई, लाल बहादुर भाई, नील भाई आदि ने पथ प्रदर्शक की भूमिका निभाई।

### 4 मई को जनता ममता बनर्जी को सत्ता से हटाने वाली है : मंगल पांडे

**पटना (एनएसबी)।** बिहार सरकार में मंत्री मंगल पांडे ने पश्चिम बंगाल के विधानसभा चुनाव के मद्देनजर सीएम ममता बनर्जी पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि वे कुछ भी कर लें, उन्हें जनता सत्ता से हटाने वाली है। पटना में मीडिया से



बातचीत के दौरान सीएम ममता बनर्जी के लॉकडाउन वाले बयान पर मंगल पांडे ने पलटवार किया। उन्होंने कहा कि ममता बनर्जी सत्ता में रहने के लिए हर तरह की रणनीति बना रही हैं। लेकिन, उनकी एक भी रणनीति इस बार के चुनाव में चलने वाली नहीं है। वे सत्ता में वापसी के लिए पूरी ताकत लगा रही हैं। लेकिन, इस चुनाव में उन्हें बाहर का रास्ता जनता दिखाने वाली है। 4 मई को ममता बनर्जी सत्ता से बेदखल हो जाएंगी। मिडिल ईस्ट में जारी युद्ध के बीच पीएम मोदी की कई राज्यों के मुख्यमंत्रियों के साथ हुई बैठक पर मंगल पांडे ने कहा कि प्रधानमंत्री ने सभी मुख्यमंत्रियों से बातचीत की है, ताकि उन्हें अद्यतन जानकारी दी जा सके। पीएम मोदी के नेतृत्व में देश मजबूती के साथ खड़ा है। देश में पर्याप्त मात्रा में गैस और तेल मौजूद हैं। सपा प्रमुख अखिलेश यादव के बयान पर तंज कसते हुए मंगल पांडे ने कहा कि अखिलेश यादव को टीस इस बात की है कि उन्हें सीएम की कुर्सी से हटे हुए काफी समय हो गया है और उनके मन में इस बात की जिज्ञासा होती है कि कभी वे भी ऐसी बैठक में शामिल हो पाते। यूपी की जनता ने उन्हें सत्ता की कुर्सी से हटाया है। पेट्रोल-डीजल पर एक्साइज ड्यूटी कटौती पर मंगल पांडे ने सरकार की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने 140 करोड़ भारतीयों के हितों को प्राथमिकता देते हुए घरेलू उपयोग के लिए पेट्रोल और डीजल पर शुल्क में कटौती की है। यह कदम सीधे आम नागरिकों की जेब पर राहत देने और जीवनयापन को आसान बनाने के लिए उठाया गया है। यह निर्णय प्रधानमंत्री की सशक्त, दूरदर्शी और जनहितकारी नेतृत्व का प्रतीक है। चाहे वैश्विक परिस्थितियां कैसी भी हों, हमारी सरकार का उद्देश्य हमेशा नागरिकों की भलाई और ह्यईज ऑफ लिविंगह्ण को सर्वोपरि रखना है।

# दरभंगा एम्स के लिए पूर्व से स्वीकृत राशि के अतिरिक्त 700 करोड़ की मिली मंजूरी

**दरभंगा (एनएसबी)।** बिहार के मिथिला कोशी तथा तिरहुत इलाके के साथ साथ नेपाल की सीमावर्ती क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधा को बेहतर बनाने की दृष्टिकोण से केंद्र सरकार की

अति महत्वाकांक्षी योजना दरभंगा एम्स के निर्माण कार्यों के लिए केन्द्रीय कैबिनेट से पूर्व से स्वीकृत 1264 करोड़ रुपए की राशि के अतिरिक्त 7 सौ करोड़ रुपए की और अतिरिक्त मंजूरी दी गई है। इस संबंध में स्थानीय सांसद सह लोकसभा में भाजपा सचेतक डा गोपाल जी ठाकुर ने बताया कि केंद्रीय स्वास्थ्य परिवार कल्याण मंत्री श्री जेपी नड्डा के द्वारा शुक्रवार को लोकसभा में प्रश्नकाल के दौरान सदन में बताया गया है कि 25 मार्च को केंद्रीय कैबिनेट की सम्पन्न बैठक में इस आशय का निर्णय लिया गया है।सांसद डा ठाकुर ने केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री श्री नड्डा के द्वारा सदन में इस विषय में की गई घोषणा की सराहना करते हुए कहा है कि इसके निर्माण कार्य पूरा हो जाने पर आने वाले समय में उत्तर बिहार, मिथिला क्षेत्र, नेपाल के 14 जिले के साथ पूर्वोत्तर राज्यों के 15 करोड़ लोगों के लिए बेहतर स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध होगा।सांसद डा ठाकुर ने बताया कि 37.82 करोड़ की लागत से 5.3 किलोमीटर में निमार्णाधीन एम्स के बाउंड्रीबाल का निर्माण कार्य 1 मई 2025 को शुरू किया गया था जिसे तेजी से पूरा करने के लिए निर्माण एजेंसी को स्वास्थ्य विभाग के द्वारा सख्त रूप से निर्देशित किए गया है।



जेपी नड्डा के साथ सांसद गोपाल जी ठाकुर (फाइल फोटो)।

**केंद्रीय कैबिनेट के द्वारा दरभंगा एम्स के लिए हुआ 7 सौ करोड़ का और अतिरिक्त आबंटन : डा. गोपाल जी**

सांसद डा ठाकुर ने बताया कि केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री श्री नड्डा ने सदन में बताया है कि एम्स का मुख्य भवन निर्माण पाइलिंग सिस्टम से बनाया जाएगा जिसके लिए कार्य को आगे बढ़ाने के लिए इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी के द्वारा डिजाइन तैयार की गई है। सांसद डा ठाकुर ने बताया कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा इसके निर्माण के लिए भूमि पूजन किया गया था तथा यह ड्रीम प्रोजेक्ट देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के साथ केंद्र तथा राज्य की एनडीए सरकार की मिथिला के सर्वांगीण विकास की प्रतिबद्धता का सबसे बड़ा उदाहरण है। इसके निर्माण के लिए बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व बाली बिहार सरकार ने 183 एकर जमीन उपलब्ध कराया था जिसपर एम्स तथा इसके बाउंड्रीवाल के साथ साथ 93 एकड़ जमीन में सभी प्रकार के आधारभूत संरचना का निर्माण कार्य किए जाने है।

सांसद डा ठाकुर ने बताया कि वो 17 फरवरी 2026 को भी केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री श्री नड्डा से मिलकर दरभंगा एम्स के निर्माण में तेजी लाने के लिए आग्रह कर एक पत्र सौंपा था तथा केंद्रीय मंत्री श्री नड्डा ने उन्हें इसके लिए शीघ्र पहल करने के लिए आश्वस्त किया था और आज उनके द्वारा अतिरिक्त राशि की स्वीकृति के संबंध में दी गई जानकारी उसी का परिणाम है।

## गोपालगंज में बिजली विभाग की टीम पर हमला

**गोपालगंज (एनएसबी)।** गोपालगंज में शुक्रवार को सिधवालिया थाना क्षेत्र के बखरौर गांव में बिजली चोरी की जांच कर रही सरकारी टीम पर स्थानीय लोगों ने कथित तौर पर हमला कर दिया।

पुलिस के अनुसार, बिजली चोरी की बार-बार शिकायतें मिलने के बाद एक जूनियर इलेक्ट्रिकल इंजीनियर के नेतृत्व में बिजली विभाग की टीम गांव पहुंची थी। हालांकि, जैसे ही उन्होंने जांच शुरू की, उन्हें स्थानीय लोगों के विरोध का सामना करना पड़ा, जो जल्द ही मौखिक बहस से हिंसक झड़प में बदल गया। हालात तब बेकाबू हो गए जब एक गुस्साई भीड़ ने कथित तौर पर अधिकारियों पर हमला कर दिया।

जूनियर इंजीनियर समेत कई कर्मचारियों को पीटा गया, गाली-गलौज की गई और जान से मारने की धमकी भी दी गई। अचानक हुए इस हमले से घटनास्थल पर अफरा-तफरी मच गई और कई बिजली कर्मचारी घायल हो गए। घायल कर्मचारियों को पहले स्थानीय स्तर पर प्राथमिक उपचार दिया गया और चोटों की गंभीरता को देखते हुए उन्हें आगे के इलाज के लिए गोपालगंज के सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। घटना के बाद पीड़ितों ने सिधवालिया पुलिस स्टेशन में एफआईआर दर्ज कराई।

एसडीपीओ राजेश कुमार और एसएचओ सोमनाथ झा समेत वरिष्ठ अधिकारी स्थिति का जायजा लेने के लिए मौके पर पहुंचे। एसडीपीओ राजेश कुमार ने बताया कि हमले में शामिल लोगों को पकड़ने के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है।

पुलिस ने जूनियर इलेक्ट्रिकल इंजीनियर की शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर लिया है और आरोपियों की पहचान और गिरफ्तारी के लिए तलाशी अभियान शुरू कर दिया है। अधिकारियों ने पुष्टि की कि टीम बिजली चोरी की खुफिया जानकारी के आधार पर गांव गई थी, लेकिन वहां उन्हें अप्रत्याशित हिंसा का सामना करना पड़ा। हिंसक हमले के बाद, पुलिस अधिकारियों ने आरोपियों के खिलाफ कड़ी और त्वरित कार्रवाई का आश्वासन दिया है। फिलहाल सभी आरोपी फरार हैं, लेकिन पुलिस ने भरोसा जताया है कि उन्हें जल्द ही गिरफ्तार कर न्याय के कटघरे में लाया जाएगा। इस घटना से विद्युत अधिकारी सहमे हुए हैं।

## दरभंगा में चोटिल खिलाड़ियों व श्रद्धालुओं की हुई निःशुल्क चिकित्सा

**डेंटल सेवा सदन की ओर से प्राथमिक चिकित्सा की की रही उत्तम व्यवस्था**

**दरभंगा (एनएसबी)।** रामनवमी के अवसर पर शुक्रवार को डेंटल सेवा सदन बंग्ल गढ़ नीम चौक की ओर से घायल खिलाड़ियों का निःशुल्क सेवा किया गया। इस निःशुल्क सेवा में शहर के प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ. कुमार अभिषेक, डॉ. अंजु अग्रवाल , डॉ शैलेश झा आदि शामिल रहे। चिकित्सकों ने बताया कि चोटिल एवं घायल सभी खिलाड़ियों का प्राथमिक उपचार की व्यवस्था के तहत मरहम पट्टी एवं दवा देकर उन्हें बेहतर स्थिति में पहुंचाया गया।

इस कार्यक्रम को सफल बनाने में बैद्यनाथ, मनीष, विक्की अग्रवाल, राहुल, अक्षत, अर्थव आदि ने अपनी सक्रिय भूमिका निभाई। चोटिल खिलाड़ियों की संख्या लगभग सैकड़ो में रही। साथ ही साथ कुछ श्रद्धालु भी झांकी देखने में चोटिल हुए उनका भी प्राथमिक उपचार किया गया। इस कार्यक्रम का संचालन डॉ शशि भूषण गुप्ता एवं बंग्लागढ निवासियों की ओर से किया गया। झांकी में साथ-साथ चल रहे श्रद्धालुओं के लिए बंग्लागढ निवासियों की ओर से पेयजल, शरबत आदि की व्यवस्था भी नियमित रूप से की जा रही थी।




प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ. कुमार अभिषेक, डॉ. अंजु अग्रवाल एवं अन्य।

## 2101 कुंवारी कन्याओं द्वारा निकाली गई कलश शोभायात्रा

**समस्तीपुर कार्यालय (एनएसबी)।** शहर के मथुरापुर में जुट मिल रोड अवस्थित श्री श्री 108 दक्षिणेश्वर हनुमान मंदिर के षष्ठम वर्षगांठ के अवसर पर शुक्रवार को भव्य कलश शोभायात्रा निकाली गई।

इस कार्यक्रम का नेतृत्व पूर्व प्रमुख शिव शंकर महतो ने किया। 2101 कुंवारी कन्याओं से सजी यह शोभायात्रा दक्षिणेश्वर हनुमान मंदिर परिसर से निकलकर बाजार समिति, झिल्ली चौक, विश्वकर्मा टोला, सारी, महावीर स्थान होते हुए मथुरापुर घाट पहुंची। वहां बूढ़ी गंडक नदी से कलश में जल धारण कर श्रद्धालु पुनः मंदिर परिसर पहुंचे, जहां कलश स्थापना की गई। इस दौरान जय श्री राम के नारों से पूरा क्षेत्र भक्तिमय माहौल में डूब गया। शोभायात्रा को सफल बनाने में जदयू नेता बनारसी ठाकुर, सरपंच विशुनदेव शर्मा, राजा कुमार, रमेश कुमार, जदयू जिला महासचिव संतोष कुमार साह, प्रवीण कुमार, राकेश कुमार समेत कई लोगों ने सक्रिय भागीदारी निभाई।

मौके पर एमएलसी डॉ. तरुण कुमार चौधरी, मेयर अनिता राम, उप मेयर रामबालक पासवान सहित कई गणमान्य लोग मौजूद थे। वहीं आचार्य दीपक झा के मंत्रोच्चार के साथ अष्टयाम महायज्ञ का शुभारंभ हुआ।

# सहरसा में दो दिवसीय रामनवमी मेला का हुआ शुभारंभ

**सहरसा (एनएसबी)।** गांधी पथ स्थित बजरंग बली मंदिर समिति द्वारा दो दिवसीय रामनवमी मेला का शुभारंभ किया गया। मेला का विधिवत उदघाटन पूर्व चेयरमेन श्याम सुंदर साह, समाजसेवी हरिहर प्रसाद गुप्ता,पूर्व विधायक गुंजेश्वर साह,नीरज गुप्ता,रतन दास ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया।इससे पहले पंडित सुधीर झा ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ अतिथियों को तिलक लगाकर स्वागत किया।समिति की ओर से आगत अतिथियों को चादर प्रदान कर स्वागत किया गया।

इस मौके पर अतिथियों ने कहा कि प्रभु श्री राम का जीवन चरित्र हम सबों का सच्चा राह दिखाती है। आज के समय में उनके आदशों व चरित्रों को अपनाकर ही समाज में समरसता कायम किया जा सकता है। इसीलिए आज का दिन भगवान श्रीराम के बताए पद चिन्हों पर चलने का दिन है।हम सबों को प्रण करें कि अपने व्यवहार से परिवार ही नहीं समाज व राज्य का कल्याण हो। राम के जन्मोत्सव को उत्सव के रूप में मनाकर समाज में व्याप्त कुरीतियों को समाप्त करने का संकल्प लेने का आहवान किया। यजमान कन्हैया कुमार चैधरी सपत्नी बैठे थे।वहीं पूजन कार्य पंडित नीतीश झा के संयोजन में सुधीर झा,गोपाल पंडित सहित अन्य ने सहयोग किया। पूजन कार्य के बाद 24 घंटे का हवन - अष्टयाम संकीर्तन शुरू किया गया। शुरू में ही समिति की ओर से सर्वप्रथम ध्वज की स्थापना वैदिक मंत्रोच्चार के साथ किया गया। आयोजन में समिति के मनोज साह,संजय रजक,शंभु कुमार कुंदन, अर्जुन मालाकार, मंगल साह, गुरूदेव, शंकर दास, सोनू झा, सुनील कुमार चैधरी, कन्हैया केसरी, मुरारी केसरी, अर्जुन रजक,संतोष आदि सहयोग में जुटे रहे। आयोजक ने बताया कि दो दिन का मेला लगाया गया है। भगवान राम सहित अन्य देवी देवताओं की प्रतिमा स्थापित की गई है।



रामनवमी मेला का शुभारंभ करते अतिथि।

**गांधी पथ स्थित बजरंग बली मंदिर समिति ने किया आयोजन**

**प्रभू श्रीराम के आदर्श व चरित्र को अपनाकर ही समाज में समरसता संभव : हरिहर प्रसाद गुप्ता**